सुप्रभात
रांची, मंगलवार
26.09.2023
* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ



khabarmantra.net | भाद्रपद, शुक्ल पक्ष, द्वादशी संवत 2080 | मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 11 । अंक : 76

12 प्रगति प्रतीक क्लब : पंडाल से मिलेगा पर्यावरण बचाने का संदेश

### न्यूज डायरी

**पूजा को नहीं मिली राहत**

**रांची।** मनी लॉन्ड्रिंग की आरोपी निलंबित आइएएस निलंबित आइएएस अधिकारी पूजा सिंघल को सोमवार को सुप्रीम कोर्ट से जमानत नहीं मिल सकी। कोर्ट ने उनकी जमानत अर्जी पर अगली सुनवाई 30 अक्टूबर की तिथि निर्धारित कर दी।

**लोकपाल मामला: फैसला सुरक्षित**

**रांची।** दिल्ली हाईकोर्ट में शिबू सोरेन से जुड़े लोकपाल मामले में सुनवाई पूरी हो गयी। सभी पक्षों की पूरी बहस सुनने के बाद अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। अदालत ने आय से अधिक संपति मामले में शिबू सोरेन के खिलाफ लोकपाल के सामने कार्यवाही पर रोक लगा दी थी, जिसे फैसला आने तक बरकरार रखा गया है।

**गहना आभूषण**

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 55,800 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 74,000 रु./प्रति किलो |

**तीसरी आंख**




झारखंड में पारंपरिक उत्साह के साथ मनाया गया प्रकृति व भाई-बहन के प्रेम का पर्व करमा

# पूर्वजों से मिली विरासत बनाये रखें : सीएम

- एकता और भाईचारगी के साथ जीने की सीख का है पर्व : पाहन
- प्रकृति पर्व करम की धूम, राज्यपाल और सीएम ने दी बधाई
- बहनों ने करमदेव से भाई की सलामती की कामना की

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सीएम हेमंत सोरेन ने प्रृति पर्व करमा के मौके पर कहा कि आज प्रकृति से जो छेड़छाड़ हो रहा है वह चिंता का विषय है। विकास के नाम पर प्रकृति के साथ निरंतर छेड़छाड़ हो रहा है। जंगल काटे जा रहे हैं। नदी-नालों और पहाड़ों का अतिक्रमण हो रहा है। शहरों में हरियाली गायब हो रही है पर्यावरण में प्रदूषण तेजी से बढ़ रहा है, जो मानव जीवन के लिए खतरनाक चुनौती है। अगर हम सचेत नहीं हुए तो हमारे साथ आने वाली पीढ़ी को भी इसके परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहना होगा।

उन्होंने रांची महिला कॉलेज (साइंस ब्लॉक) स्थित आदिवासी छात्रावास परिसर में आयोजित करमा पूजा महोत्सव में अखरा में करम डाल की पारंपरिक विधि- विधान से पूजा-अर्चना कर राज्य के सर्वांगीण विकास और सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। उन्होंने कहा कि पर्व-त्योहारों से हमारी आस्था, परंपरा और सभ्यता- संस्कृति जुड़ी है। इससे जीवन में प्रेम, खुशी, उमंग, उल्लास और उत्साह आता है। ऐसे में पर्व- त्योहारों के जश्न से कोई कैसे अलग रह सकता है। पूर्वजों से मिली अपनी इस विरासत को हमें संरक्षित और अक्षुण्ण रखने के साथ और भी आगे ले जाना है।



रांची महिला कॉलेज परिसर में करमा के मौके पर मांदर बजाते सीएम हेमंत सोरेन।

**प्राकृतिक संसाधनों को बचाते हुए आगे बढ़ना है :** सीएम ने कहा कि अगर इस धरती को बचाना है तो प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करना होगा। हमें प्रकृति से संबंध बनाते हुए विकास के रास्ते पर आगे बढ़ना है। आज हम करम पर्व के अवसर पर प्रकृति को सुरक्षित करने का संकल्प लें। उन्होंने कहा कि सरकार ने कल्याण विभाग के सभी छात्रावासों का जीर्णोद्धार करने का निर्णय लिया है। इस कड़ी में तेजी से छात्रावासों का रेनोवेशन भी तेजी से हो रहा है। बच्चों को अब सिर्फ पढ़ाई पर की चिंता करनी है। (शेष पेज 11 पर)

## लाल मुर्गे की बलि देकर समृद्धि की कामना

भाई-बहन के अटूट प्रेम प्रकृति पर्व करम की पूरे राज्य में धूम है। कुंआरी कन्याओं ने दिनभर का व्रत रखकर करम देव की पूजा अर्चना की। बहनों ने करमदेव से अपने भाई की सुख-समृद्धि की कामना की। विधि विधान से अखड़ों में करम डाली स्थापित कर पूजा अर्चना की। रांची में मुख्य पाहन जगलाल पाहन ने हातमा अखड़ा में पूजा करायी। उन्होंने कहा कि करम पूजा एकता और भाईचारगी के साथ जीवन जीने की सीख देता है। विभिन्न अखड़ों में पूजा अर्चना के बाद खुशहाली के लिए लाल मुर्गे की बलि दी गयी। पाहन (पुजारी) ने करम-धरम की कथा सुनायी। पूजा के बाद खुशियां मनाते हुए रात भर अखड़ा में नृत्य संगीत का दौर चल रहा है। राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, सीएम हेमंत सोरेन समेत कई गणमान्य लोगों ने लोगों को बधाई दी है।

## 30 तक बारिश से राहत नहीं, येलो अलर्ट जारी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** मौसम विभाग के वैज्ञानिक के अनुसार अभी चार से पांच दिनों तक राज्य में मौसम का मिजाज ऐसा ही बना रहेगा। अभिषेक आनंद ने बताया कि राज्य में पिछले कुछ दिनों में हो रही अच्छी बारिश के 30 तक जारी रहने आसार हैं। सोमवार को मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है। राज्य के कई हिस्सों में गर्जन के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश की संभावना है। सोमवार को करम पर्व के दिन भी रांची समेत राज्य के कई इलाकों में झमाझम बारिश हुई। तीन घंटे तक हुई बारिश से राजधानी में जहां-तहां पानी जमा हो गया। पर्व मान रहे लोगों के अन्य लोग भी जो जहां थे वहां बारिश से बचने के छिपे रहे। सबसे अधिक बारिश गोड्डा के पथरगामा में 57.2 मिली रिकार्ड की गयी। मौसम विभाग ने अलर्ट जारी करते हुए लोगों को वज्रपात से सावधान रहने की अपील की है। (शेष पेज 11 पर)

सनातन व महिला विरोधी कांग्रेस अब अर्बन नक्सलियों के हाथ

## घमंडिया से सतर्क रहें महिलाएं : मोदी

**एजेंसी**

**भोपाल।** पीएम मोदी ने विकास से लेकर महिला आरक्षण तक के मुद्दे पर कांग्रेस और विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' को निशाने पर लेते हुए कहा कि कांग्रेस अब 'अर्बन नक्सलियों' के हाथ में चली गयी है। मजबूरी में महिला आरक्षण विधेयक का समर्थन करने वाले 'घमंडिया' गठबंधन से देश भर की महिलाओं को सावधान रहने की आवश्यकता है। महिला आरक्षण और सनातन को मिटाने के लिए ही ये घमंडिया गठबंधन बना है। पीएम ने कहा, कांग्रेस जंग लगा हुआ लोहा है, जो बारिश में रखा-रखा खत्म हो जाता है। वह सोमवार को भोपाल के जंबूरी मैदान में आयोजित भाजपा के कार्यकर्ता महाकुंभ को संबोधित कर रहे थे। (शेष पेज 11 पर)

**मोदी का रोड शो :** सीएम शिवराज सिंह चौहान व केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने उनका स्वागत किया। श्री सिंधिया ने कहा कि एमपी के मन में मोदी है और मोदी के मन में एमपी। सीएम शिवराज सिंह चौहान ने महिला आरक्षण बिल के लिए पीएम मोदी का धन्यवाद किया। पीएम मोदी ने खुली जीप में सवार होकर भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच रोड शो किया। करीब 10 मिनट के रोड शो के बाद पीएम मोदी मंच पर पहुंचें और लाखों लोगों को संबोधित किया। पीएम ने कहा कि महिला आरक्षण और सनातन को मिटाने के लिए ही ये घमंडिया गठबंधन बना है। उन्होंने राज्य की गहलोत सरकार पर जमकर निशाना साधा। कहा कि इस सरकार से राज्य की जनता परेशान है। यही वजह है कि अबकी जनता इनकी विदाई की तैयारी पहले से कर के बैठी है।

## दो स्वर्ण के साथ भारत छठे नंबर पर

- राइफल में रिकार्ड के साथ पहला, क्रिकेट में दूसरा गोल्ड

**एजेंसी**

**हांगझोऊ।** चीन के हांगझोऊ में चल रहे 23वें एशियाई खेलों में भारतीय दल ने सोमवार को दो गोल्ड, तीन रजत और6 कांस्य पदक अपनी झोली में डाल कर पदक तालिका में उंची छलांग लगायी। कुल 11 पदकों के साथ भारत छठे नंबर पर आ गया। 39 गोल्ड के साथ चीन नंबर एक पर बना हुआ है। पुरुषों की 10 मीटर एयर राइफल टीम शूटिंग में भारत ने विश्व रिकॉर्ड बनाते हुए पहला गोल्ड जीता। फिर एशियन गेम्स क्रिकेट में भारत श्रीलंका को हरा कर दूसरा गोल्ड जीता। राष्ट्रपति और पीएम मोदी ने इस सफलता के लिए खिलाड़ियों को बधाई दी। भारत ने पहला पदक रविवार को जीता था। उसके बाद से जीत का सिलसिला जारी है। (शेष पेज 11 पर)



### भाजपा ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर लगाया बड़ा आरोप, कहा

# ईडी समन के खिलाफ हाइकोर्ट में दायर याचिका में मुख्यमंत्री ने जानबूझ कर छोड़ा डिफेक्ट : प्रतुल

**पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा- मामलों को लटकाने की साजिश**



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने कहा है कि सीएम हेमंत सोरेन ने जानबूझ कर हाई कोर्ट में दायर याचिका में डिफेक्ट छोड़ा है। श्री शाहदेव सोमवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और उनकी लीगल टीम ने हाईकोर्ट में मामले को जबरन लटकाने का षड्यंत्र रचा है। उन्होंने हाई कोर्ट की वेबसाइट से निकाले हुये दस्तावेज को जारी करते हुये बताया कि किस तरीके से 23 तारीख को मुख्यमंत्री की लीगल टीम ने उनके इशारे पर जिस याचिका को हाईकोर्ट में दाखिल किया है, उसमें पांच डिफेक्ट लगे हुये हैं। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ चतुराई से ईडी समन मामले को उलझाने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि क्या मुख्यमंत्री के महंगे वकीलों, लीगल टीम को यह भी नहीं पता कि याचिका की एक्स्ट्रा कॉपी दी जाती है।

उन्होंने कहा कि सत्ताधारी गठबंधन पूरे जोर-जोर से कहता है कि मुख्यमंत्री ईडी के मामले में उच्च न्यायालय गये हैं लेकिन, याचिकाओं में डिफेक्ट को छोड़ दिया है। तात्पर्य यह कि मामला तब तक सूचीबद्ध नहीं होगा जब तक इन डिफेक्ट को दूर नहीं किया जायेगा। उन्होंने कहा कि यह पहला मामला नहीं है, जब डिफेक्ट छोड़कर मुख्यमंत्री ने याचिका को लटकाया हो। इसके पूर्व भी जब वो झारखंड के राज्यपाल के खिलाफ नवंबर 2022 में मुकदमा दाखिल किया था। वह आज तक इसलिये सूचीबद्ध नहीं हुआ है, क्योंकि उसमें भी अभी तक डिफेक्ट है। उन्होंने कहा कि इस मामले में मुख्यमंत्री ने खूब प्रचार किया था कि राज्यपाल के खिलाफ हाई कोर्ट गये हैं लेकिन, ऐसा प्रतीत होता है कि जानबूझकर इन मुकदमों में डिफेक्ट छोड़ दिया जाता है। जिससे मामला उच्च न्यायालय में फाइल तो हो जाये लेकिन सूचीबद्ध नहीं हो।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को स्पष्ट करना चाहिए कि मामला उच्च न्यायालय में 11 महीने से डिफेक्ट के कारण क्यों लंबित है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को पता है कि कानून के लंबे हाथ उन तक पहुंच गये हैं। इसलिए वह सारे मामले को ज्यादा से ज्यादा टालने की कोशिश कर रहे हैं लेकिन, बहुत दिनों तक यह चाल कामयाब नहीं होगी। यह मानना संभव नहीं है कि मुख्यमंत्री ने जिन लाखों रुपये की फीस वाले वकीलों को हायर किया है, उनको इन डिफेक्ट को दूर करने में कोई परेशानी होगी। पूरा मामला को लटकाने के लिए डिफेक्ट छोड़े जा रहे हैं।

इस अवसर पर एसटी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शिवशंकर उरांव, पूर्व विधायक रामकुमार पाहन, महामंत्री विंदेश्वर उरांव उपस्थित थे।

### पंडित दीनदयाल की जयंती पर भाजपा मुख्यालय में दी गयी श्रद्धांजलि

# अंत्योदय से आत्मनिर्भर भारत का मंत्र है दीनदयाल उपाध्याय का एकात्म मानव दर्शन: बाबूलाल मरांडी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने प्रदेश मुख्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय को उनकी 118वीं जयंती पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। श्री मरांडी ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय का एकात्म मानववाद दर्शन प्राणि मात्र के कल्याण का मार्ग प्रशस्त करता है। इसी में अंत्योदय से आत्मनिर्भर भारत का मंत्र समाहित है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सबका साथ, सबका अंत्योदय का ही सहज सरल रूप है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार अपने प्रेरणा पुंज दीनदयाल जी के सपनो को साकार करने में जुटी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार गांव, गरीब, किसान, मजदूर, महिला, दलित, वंचित समाज के लिए कल्याणकारी योजनाएं लागू कर तेजी से अंत्योदय के संकल्प को सिद्धि में बदल रही है। उन्होंने कहा कि जनधन खाता, प्रधानमंत्री आवास, शौचालय निर्माण, उज्ज्वला गैस योजना, आयुष्मान भारत योजना, पीएम विश्वकर्मा योजना सभी अंत्योदय को समर्पित है। सांसद आदित्य साहू ने कहा कि दीनदयाल कभी विचारों से डिगे नहीं। उन्होंने चुनाव हार जाना स्वीकार किया। लेकिन जाति के नाम पर वोट मांगना नहीं स्वीकारा। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय ने और धन्यवाद ज्ञापन सुबोध सिंह गुड्डू ने किया। श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों में विधायक सीपी सिंह, केके गुप्ता, हेमंत दास, सूरज चौरसिया, शिवपूजन पाठक, प्रतुल शाहदेव,राकेश भास्कर, संदीप वर्मा, राजीव रंजन मिश्र, सूरज जायसवाल, रामचंद्र केसरी, सुनील साहू, राजेंद्र केसरी, संजय जायसवाल, अरुण झा, शोभा यादव, वरुण साहू, बलराम सिंह, निशि जायसवाल, लक्ष्मी कुमारी, बबिता कुमारी बिपिन सिंह सहित दर्जनों कार्यकर्ता शामिल थे।

## खबर एक नजर में

### हाईकोर्ट में आज 11 बजे के बाद नहीं होंगे न्यायिक कार्य

**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट में आज मंगलवार को दिन के 11 बजे के बाद न्यायिक कार्य नहीं होंगे। झारखंड हाईकोर्ट ने नोटिस जारी कर यह सूचना दी है कि मंगलवार को हाईकोर्ट में दिवंगत जस्टिस केपी देव के निधन पर शोक मनाया जाएगा। इसलिए 11 बजे के बाद से न्यायिक कार्य नहीं किया जाएगा। हाईकोर्ट में मंगलवार को सभी न्यायाधीश और न्यायिक पदाधिकारी शोक सभा में शामिल होंगे। गौरतलब हो कि शुक्रवार को झारखंड हाईकोर्ट के सिटिंग जज केपी देव का निधन हो गया था।

### विष्णु अग्रवाल ने हाइकोर्ट में जमानत अर्जी दायर की

**रांची।** बरियातू रोड स्थित चेशायर होम रोड स्थित 1 एकड़ की जमीन खरीदने के मामले में जेल में बंद न्यूक्लियस मॉल के मालिक विष्णु अग्रवाल की ओर से झारखंड हाइकोर्ट में जमानत अर्जी दाखिल की गयी है। खराब स्वास्थ्य का हवाला देते हुए उनकी ओर से जमानत अर्जी दाखिल की गयी है। वहीं 18 सितंबर को ईडी कोर्ट ने विष्णु अग्रवाल की जमानत अर्जी खारिज कर दी थी। इसके बाद उनकी ओर से हाइकोर्ट का दरवाजा खटखटाया गया है।

### ठोस साक्ष्य के अभाव में पांच आरोपी बरी

रांची। न्यायिक दंडाधिकारी धृति धैर्या की अदालत ने बंद घर में चोरी करने के जुड़े मामले के पांच आरोपियों को पर्याप्त साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया है। अदालत ने रामगढ़ निवासी साहिल गोस्वामी, पवन गोस्वामी, छोटू गोस्वामी (तीनों भाई) विक्की कुमार एवं चंदन प्रसाद को आरोपों से बरी किया। घर में चोरी को लेकर सुनिल कुमार सिंह ने आठ नवंबर 2021 को खेलगांव थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

### भाजमो ने मायी दीनदयाल उपाध्याय की जयंती

**रांची।** भारतीय जनतंत्र मोर्चा ने सोमवार को केंद्रीय कार्यालय रांची में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती समर्पण दिवस के रूप में मनाया। सर्वप्रथम सभी ने दीप जलाकर माल्यार्पण कर श्रद्धां सुमन अर्पित किए। इस अवसर पर केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी ने कहा अवसरवाद से राजनीति के प्रति लोगों का विश्वास खत्म होता जा रहा है। अपने राष्ट्र की पहचान को भूलाना भारत के मूलभूत समस्याओं का प्रमुख कारण है। बिना राष्ट्रीय पहचान के स्वतंत्रता की कल्पना व्यर्थ नैतिकता के सिद्धांत किसी व्यक्ति द्वारा बनाई नहीं जाते हैं बल्कि खोजे जाते हैं। तिवारी ने कहा की पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी ने राष्ट्र धर्म और स्वदेशी एकात्म मानववाद, लोकमान्य तिलक की राजनीति पर भी प्रकाश डाला था मुख्य रूप से आज आशीष शीतल मुंडा, मिथिलेश कुमार संतोष श्रीवास्तव अभिषेक कुमार आदि उपस्थित थे।

### भाजपा की गतिविधियों को नीचले स्तर पर पहुंचाना जरूरी : बालमुकुंद सहाय

**रांची।** भाजपा महानगर के अध्यक्ष केके गुप्ता की अध्यक्षता में सभी मंडलों के सोशल मीडिया टीम के कार्यकर्ताओं के साथ कार्यशाला हुई। इस कार्यशाला में प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय ने कहा कि पार्टी की गतिविधियों को त्वरित रूप से नीचे के कार्यकर्ताओं और लोगों तक सूचनायें एवं जानकारियां पहुंचाने में मंडल की सोशल मीडिया टीम के कार्यकर्ताओं की महत्वपूर्ण भूमिका है। विधायक सीपी सिंह ने कहा कि सोशल साइट पर विषय को सोच समझ कर विषय को प्रभावी ढंग से रखनी चाहिये। इसमें सोशल मीडिया से जुड़े कार्यकर्ताओं की अहम भूमिका है। मौके पर राहुल अवस्थी, वरुण साहु, बलराम सिंह, जितेन्द्र वर्मा, कुमार उत्कर्ष, दीपम बनर्जी, रजनीश पाण्डेय, राहुल शाहदेव, अरविन्द सिंह पिन्टू, सुनील कुमार साहु, प्रीति सिन्हा, सन्नी वर्मा, चन्दन कुमार सहित दर्जनों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# झारखंड में पारा शिक्षकों का आंदोलन तेज मुंडन कराकर राज्य सरकार को दी धमकी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** बिहार में नियोजित शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा दिए जाने की तैयारी के बीच झारखंड में भी पारा शिक्षकों को वेतनमान देने की मांग तेज हो गई है। राजभवन के समक्ष धरना दे रहे टेट पास पारा शिक्षकों ने इस दौरान ना केवल बिहार से सीखने की सलाह सरकार को दी, बल्कि सरकारी उदासीनता के विरोध में मुंडन कराकर मांगें पूरी नहीं होने पर अगले चुनाव में सबक सिखाने की बात कही।

झारखंड राज्य टेट पास सहायक अध्यापक समन्वय समिति के प्रदेश अध्यक्ष मिथिलेश उपाध्याय ने सरकार पर उदासीन रवैया अपनाने का आरोप लगाया। कहा है कि बिहार में नियोजित शिक्षकों का मानदेय न्यूनतम 32,000 के करीब है जबकि झारखंड के पारा शिक्षकों का मानदेय 22,000 के करीब है, वहां शिक्षकों को मेडिकल सुविधा के साथ-साथ अन्य सुविधाएं भी मिलती हैं। अब राज्यकर्मी का दर्जा भी देने की तैयारी है लेकिन झारखंड में पारा शिक्षकों को कोई सुविधा नहीं दी गई है।

**सरकार को दिखायेंगे काला झंडा** : प्रदेश महासचिव संजय मेहता ने धमकी देते हुए कहा है कि सरकार यदि उनकी मांगे नहीं मानती है तो राज्य स्थापना दिवस के मौके पर काला झंडा दिखाया जाएगा और उसके बावजूद भी सरकार मानने को तैयार नहीं होती है, तो राज्यभर के पारा शिक्षक राजभवन के समक्ष आत्मदाह करने की तैयारी करेंगे। मुंडन कराकर गोड्डा के पारा शिक्षक जय किशोर कापड़ी ने कहा कि यदि सरकार उनकी मांगों को पूरा नहीं करती है तो अगले चुनाव में यह पारा शिक्षक सरकार को सबक सिखाने का काम करेंगे। टेट पास सहायक अध्यापक समन्वय समिति के प्रदेश संयोजक प्रमोद कुमार का मानना है कि झारखंड सरकार टेट पास पारा शिक्षकों के साथ अब तक भेदभाव करती रही है। ऐसे में अब पारा शिक्षक चुप नहीं बैठेंगे और आंदोलन आने वाले समय में और तेज होगा।

ज्ञात हो कि झारखंड में पारा शिक्षक नियुक्ति बिहार के शिक्षा मित्र से मिलते जुलते नाम और योग्यता के साथ 2005 से शुरू हुई थी। बाद में पारा शिक्षक नियुक्ति में बड़े पैमाने पर आई गड़बड़ी की शिकायत के बाद इसे रोक दिया गया। वर्तमान समय में राज्य के स्कूलों में करीब 62,866 पारा शिक्षक हैं, जो सहायक अध्यापक के रूप में जाने जाते हैं। इन पारा शिक्षकों में 14,042 ऐसे शिक्षक हैं, जो 2013 और 2016 में आयोजित टेट परीक्षा में सफल हैं। इन लोगों के द्वारा लगातार वेतनमान और स्थायीकरण की मांग की जाती रही है। अब बिहार में जब सरकार द्वारा करीब 4 लाख नियोजित शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा देने की बात चल रही है तो ऐसे में इनकी भी उम्मीदें बढ़ गई हैं।

# कोयला श्रमिकों के मूल वेतन में कमी नहीं होने दी जायेगी : सीटू



**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** सीएमपीडीआई (मुख्यालय) परिसर में एनसीओईए (सीटू) द्वारा एनसीडब्ल्यूए-11 को अमान्य करार देने एवं आगामी 5 से 7 अक्टूबर तक कोयला उद्योग में आहूत हड़ताल को सफल बनाने के लिए बैठक की गयी। बैठक में सीटू के महामंत्री आरपी सिंह ने डीपीई के गाइडलाइन के बारे में विस्तारपूर्वक बताया और कहा कि श्रमिकों के मूल वेतन में कोई कमी नहीं होने दी जायेगी। उन्होंने श्रमिकों से प्रस्तावित हड़ताल को सफल बनाने का भी आह्वान किया। बैठक में विनोद कुमार सिंह, राजेश सिन्हा, प्रलय भप्ताचार्यी, सुभाषीष बनर्जी, बरनाली बोनिक, जवाहर राय एवं सीटू के तमाम सदस्य उपस्थित थे।

# सरकारी महिला अफसर पर नाबालिग को बंधक बना कर प्रताड़ित करने का आरोप

### लोगों ने थाने में की शिकायत, पुलिस ने छुड़ाया

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची/सरायकेला।** सरायकेला स्थित एक फ्लैट में किराये पर रहनेवाली सरकारी महिला ऑफिसर पर नाबालिग को बंधक बना कर प्रताड़ित करने का आरोप है। मामले की शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने नाबालिग को बरामद कर लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है। जानकारी के मुताबिक, आदित्यपुर-कांड्रा मुख्य मार्ग स्थित विनायक गार्डन सोसायटी ई-ब्लॉक के फ्लैट संख्या 505 में किराएदार गम्हरिया प्रखंड कृषि विज्ञान केंद्र की अधिकारी अंजलि मिश्रा अपने घर में नाबालिग को प्रताड़ित कर लगातार मारपीट करती हैं। इसे लेकर उनके पड़ोसियों ने पुलिस से शिकायत की है। पड़ोस में रहने वाली महिलाओं ने बताया कि अंजलि मिश्रा बीते कई दिनों से 10 वर्षीय नाबालिग बच्चे को प्रताड़ित कर मारपीट करती थी। बच्चे के रोने-चिल्लाने की आवाज से बाकी फ्लैट वासी परेशान थे। उन्होंने कई बार रांची में रहने वाले फ्लैट के मालिक से भी शिकायत की। बावजूद इसके नाबालिग को प्रताड़ित करने का सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा था। सोमवार को भी अंजलि मिश्रा ने नाबालिग को फ्लैट में बंद कर दिया। जिसके बाद नाबालिग ने पड़ोस में रहने वाली विनीता राय से गुहार लगाई, जिसके बाद पूरे मामले से पुलिस को अवगत कराया गया। बताया जाता है अंजलि मिश्रा अपने गांव से एक नाबालिग को अपने साथ ले आई थी।

### आइएसएसआई का झारखंड मॉड्यूल

# गिरफ्तार आतंकी राहुल सेन उर्फ उमर से एनआइए ने की पूछताछ

**14 सितंबर को छह राज्यों में की गयी थी छापेमारी**

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक एंड सीरिया (आईएसआईएस, ) झारखंड मॉड्यूल मामले में एनआईए (नेशनल इन्वेस्टिगेशन एजेंसी) ने गिरफ्तार आतंकी से पूछताछ की है। रांची की एनआईए ब्रांच ने आतंकी राहुल सेन उर्फ उमर से पांच दिनों तक पूछताछ की है।

**14 सितंबर को छह राज्यों के नौ ठिकानों पर एनआईए ने की थी छापेमारी** : गौरतलब है कि बीते 14 सितंबर को आईएसआईएस झारखंड मॉड्यूल मामले का भंडाफोड़ करने के लिए एनआईए ने छह राज्यों के नौ ठिकानों पर छापेमारी की थी। एनआईए ने छह राज्यों में जिन स्थानों पर छापेमारी की थी, उसमें बिहार का सीवान, उत्तरप्रदेश का जौनपुर, आजमगढ़ और महाराजगंज, मध्य प्रदेश का रतलाम, पंजाब का लुधियाना, गोवा का दक्षिण गोवा, कर्नाटक का यादगीर और महाराष्ट्र का मुंबई शामिल था। छापेमारी के दौरान एजेंसी ने देश में आतंक फैलाने की साजिश में शामिल राहुल सेन उर्फ उमर बहादुर को गिरफ्तार किया था। एनआईए ने उसके पास से इलेक्ट्रॉनिक, डिजिटल डिवाइस (लैपटॉप, पेन ड्राइव), कई आपत्तिजनक सामग्री, एक चाकू, एक पर्दा और आईएसआईएस से संबंधित कई दस्तावेज बरामद किया गया था।

### आइएसआइएस के झारखंड मॉड्यूल का ऐसे हुआ खुलासा

आइएसआईएस झारखंड मॉड्यूल का खुलासा इस साल जुलाई में अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के एक छात्र फैजान की गिरफ्तारी के बाद हुआ था। छात्र फैजान मूल रूप से लोहरदगा का रहने वाला है। वह एएमयू परिसर के पास रहने के दौरान आईएसआईएस से जुड़े कट्टरपंथी व्यक्तियों के संपर्क में आया था। जिसके बाद 23 साल के उमर को आईएसआईएस के दुष्प्रचार के प्रसार सहित आतंकी साजिश में भूमिका के लिए रतलाम से गिरफ्तार किया गया था।

### 19 साल के फैजान ने रची थी झारखंड आतंकी मॉड्यूल की साजिश

एनआईए की जांच में खुलासा हुआ कि 19 साल के फैजान ने आईएसआईएस को आतंकवादी गतिविधियों में सहायता करने व बढ़ावा देने के इरादे से सोशल मीडिया के जरिये अपने सहयोगियों व अज्ञात अन्य लोगों के साथ झारखंड आतंकी मॉड्यूल की साजिश रची थी। इस साजिश का उद्देश्य आईएसआईएस की ओर से भारत में हिंसक आतंकी हमले करना, भोले-भाले युवाओं को कप्तरपंथी बनाना और प्रतिबंधित संगठन के लिए काम करने के लिए युवाओं की भर्ती करना था। इसी मामले की जांच रांची की एनआईए ब्रांच कर रही है।

### कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता रागिनी नायक ने प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मीडिया को किया संबोधित

# संसद में महिला आरक्षण सिर्फ चुनावी जुमला, आधी आबादी को केंद्र में बीजेपी की सरकार दे रही धोखा: रागिनी नायक

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**रांची।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की राष्ट्रीय प्रवक्ता रागिनी नायक ने महिला आरक्षण को लेकर केंद्र सरकार की मंशा पर सवाल उठाते हुए कहा कि कांग्रेस ने हमेशा से महिलाओं के सशक्तिकरण की लड़ाई लड़ी है। देश की महिलाएं और बेटियां बड़ी उम्मीद से संसद के विशेष सत्र की ओर देख रही थीं, लेकिन जनगणना और परिसीमन की आड़ में इसे 2029 तक के लिए टाल कर भाजपा ने देश की महिलाओं के साथ फरेब किया है। उन्होंने कहा कि मोदी रीति सदा चली आयी, जो कह जाएं कभी न निभाई। कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता रागिनी नायक सोमवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मीडिया से बात कर रही थी।

**पराजय देख मोदी सरकार लेकर आयी महिला आरक्षण बिल** : रागिनी नायक ने कहा कि पिछले 08-09 साल से पीएम मोदी ने महिला आरक्षण पर एक शब्द नहीं कहा। रागिनी नायक ने कहा कि अपनी निश्चित पराजय को सामने देख मोदी सरकार ने महिलाओं के साथ धोखा किया है। उन्होंने पूछा कि महिला आरक्षण कानून में केंद्र शासित प्रदेश दिल्ली को छोड़ दे तो, पुंडूचेरी और जम्मू कश्मीर में महिलाओं को आरक्षण कैसे मिलेगा, इस पर मोदी सरकार के महिला आरक्षण बिल में जिक्र ही नहीं है।

इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, प्रदेश महामंत्री सह प्रवक्ता राकेश सिन्हा, डॉ एम तौसीफ एवं अन्य उपस्थित थे। रागनी नायक ने कहा कि महिला आरक्षण राजीव गांधी की इच्छा थी, लेकिन उस समय विरोध में 6 वोट पड़े थे। जिसमें 4 वोट अटल बिहारी वाजपेयी, लाल कृष्ण आडवाणी, यशवंत सिन्हा और राम जेठमलानी के थे। उन्होंने कहा कि 2016 में सोनिया गांधी ने अंतराष्ट्रीय महिला दिवस पर मोदी सरकार को विधायिका में महिलाओं को आरक्षण देने का मुद्दा याद दिलाया था, इसके बाद 2017 में उन्होंने इसके लिए प्रधानमंत्री को पत्र लिखा। 2018 में राहुल गांधी ने भी महिला आरक्षण के लिए पीएम को पत्र लिखा था।

**ओबीसी आरक्षण की लड़ाई लड़ेगी कांग्रेस** : रागिनी नायक ने कहा कि उनके नेता, राहुल गांधी महिलाओं के लिए कोटा के अंदर कोटा मांग रहे हैं। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि इंडिया अलायंस का संकल्प जातीय जनगणना का है। सरकार बनती है तो पूरे देश में इस कार्य को पूरा किया जाएगा। उन्होंने उमा भारती और अनुप्रिया पटेल की मांग का हवाला देते हुए कहा कि हमारी नहीं तो कम से कम अपने नेताओं का ही सुन लीजिए।

**भाजपा की महिला सांसद-मंत्री चुप क्यों** : रागिनी नायक ने कहा कि भाजपा की महिला सांसद और मंत्री क्या सिर्फ भाजपा की प्रतिनिधि हैं? या वह महिलाओं की प्रतिनिधि हैं। ये महिलाओं के हक और अधिकार की आवाज क्यों नहीं उठातीं। उन्होंने कहा कि एक तरफ कांग्रेस पार्टी है, जिसने देश को पहली महिला प्रधानमंत्री, पहली महिला राष्ट्रपति, पहली महिला गवर्नर और पहली महिला मुख्यमंत्री दिया।

**महिला आरक्षण तुरंत लागू हो** : रागिनी नायक ने तत्काल महिलाओं को लोकसभा और विधानसभा चुनाव में आरक्षण देने की मांग की। उन्होंने कहा कि जब 2026 में जनगणना शुरू होगी, उसमें 4 साल लगेंगे। फिर परिसीमन में 3-4 लगेंगे। एनडीए सरकार जनता को मूर्ख बना रही है। देश और राज्य की सबसे बड़ी पंचायत में महिलाओं की भागीदारी तत्काल लागू करें।

# स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने सुनी 44 फरियादियों की समस्या, अधिकारियों को दिया निष्पादन का निर्देश

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**आबरू बचाने की फरियाद** : जनसुनवाई के दौरान रातू थाना क्षेत्र की एक महिला 6 साल के बेटे के साथ अपनी आबरू बचाने की फरियाद लेकर पहुंचीं थी। महिला ने बताया कि कोरोना काल में पति की मौत होने के बाद मनोज नाम का एक व्यक्ति लगातार उसके साथ गलत हरकत कर रहा है। पहले रातू थाना में शिकायत करने की कोशिश की पर मामला दर्ज नहीं किया गया। फिर कोर्ट में कंप्लेन केस किया तो वहां से कार्रवाई के आदेश मिलने के बाद भी रातू पुलिस चुप है। महिला ने बताया कि मंत्री आलमगीर आलम की जनसुनवाई में भी उन्होंने गुहार लगाई थी लेकिन कुछ नहीं हुआ। सोमवार को मंत्री बन्ना गुप्ता ने महिला की शिकायत पर एसएसपी को कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा है।

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस के तयशुदा कार्यक्रम के तहत सोमवार को प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने जनसुनवाई की। जिसमें राज्य के अलग अलग इलाकों से आये लगभग 44 फरियादियों ने अपनी समस्याओं से मंत्री को अवगत कराया। जन-सुनवाई कार्यक्रम में रांची, गुमला, गिरिडीह, बोकारो, रामगढ़ जिला के विभिन्न प्रखंडों से लोग जनसुनवाई में शिकायत लेकर पहुंच थे। जनसमस्या में मुख्य रूप से कैंसर पीड़ित, दिव्यांग, बर्खास्त पुलिस कर्मियों की पुर्ननियुक्ति, दाखिल खारिज, राशन कार्ड, सड़क निर्माण, चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों के लिए स्थायी आवास निर्माण एवं जल संसाधन विभाग के अनुबंधित कर्मियों ने अपनी अवधि विस्तार के संदर्भ मंत्री को एक मांग पत्र सौंपा।

**हमारा लक्ष्य जनता की सेवा** : शिकायतें सुनने के बाद स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस आलाकमान ने जो निर्देश दिया है, उसी को आगे बढ़ाते हुए गठबंधन सरकार में शामिल कांग्रेस के मंत्री जनसुनवाई कर रहे हैं। आज करम परब के दिन भी हम जनता की सुन रहे हैं तो इसकी वजह यह है कि जनता हमारे लिए सबकुछ है। उन्होंने कहा कि जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान हो, इसकी कोशिश आगे भी जारी रहेगी। जन-सुनवाई केशव महतो कमलेश, अमुल्य नीरज खलखो, सुरेन्द्र सिंह, डॉ राकेश किरण महतो, नेली नाथन, जगदीश साहु, मदन महतो, अजय सिंह, राजीव प्रकाश चौधरी उपस्थित थे।

स्पीड न्यूज

## चांडिल में धूमधाम के साथ मनाया गया करम पर्व



**चांडिल।** सिंहभूम कलेज चांडिल के आदिवासी कल्याण छात्रावास में प्रातिक पर्व करम पर्व धूमधाम के साथ मनाया गया। करम के पुर्व संध्या पर पुजा अर्चना कर करम डाली गाढ़कर इसका शुभारंभ किया गया। इस करम महोत्सव सह मिलन समारोह में सरना समाज सुसुनः दुराड दल बारीगोड़ा अड़की खूंटी रांची द्वारा करम नृत्य की प्रस्तुती किया गया। इस करम महोत्सव में पारंपरिक वेशभूषा में आदिवासी समाज के लोग जमकर थिरके। इस अवसर पर सुखराम हेंब्रम ने कहा सदियों से आदिवासियों की पहचान प्रति से गहरा लगाव से किया जाता है। प्रति को हम सभी को संजोए रखने कि जरूरत है। इस मौके पर विधायक सविता महतो, महाविद्यालय के प्राचार्य ड सरोज कुमार कैवर्त, सुखराम हेंम्ब्रम, सुधीर किस्कू, छात्र संघ अध्यक्ष सुदामा हेंम्ब्रम, चांडिल मुखिया मनोहर सिंह सरदार, रविन्द्र सिंह सरदार सहित कई लोग उपस्थित थे।

## बेटा-बहू ने मां को घर से निकाला, बेटी ने दी शरण



**जमशेदपुर।** आज यात्रा संस्था द्वारा इस बूढी मां को जिन्हें एक हफ्ता पहले अपने घर से बहू बेटे ने निकाल दिया था आज उनका घर का पता करके जो सोनारी भूतनाथ मंदिर के सामने है उनकी बेटी के पास मां को सोपा गया इस नेक काम को अंजाम तक पहुंचने में यात्रा संस्था की अध्यक्ष श्रीमती रीना सिंह, महामंत्री सविता देवी, मीडिया प्रभारी जगतार सिंह उपस्थित रहे।

## झामुमो नेता शमशेर का हाल जानने पहुंचीं विधायक सविता महतो



**चांडिल।** झामुमो अल्पसंख्यक के जिला उपाध्यक्ष शमशेर अली विगत कुछ महीनो से बीमार चल रहे है। उनका ईलाज ब्रम्हानंद अस्पताल के डक्टरों के देख रेख में चल रहा है। सोमवार को विधायक सविता महतो उनके बेटी के मानगो स्थित आवास पहुंचे और कुशलक्षेम जाना एवं स्वस्थ संबंधित जानकारी लिया। इस दौरान विधायक ने उन्हें हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। इस मौके पर झामुमो केंद्रीय सदस्य काबलु महतो, मो नौशाद, कपाली नगर अध्यक्ष इनामूल हक, एवं उनके परिजन उपस्थित थे।

## मारवाड़ी युवा मंच ने ओल्ड एज होम में बुजुर्गों को कराया भोजन

**जमशेदपुर।** गांधी आश्रम, बाराद्वारी, ग्यारस, सोमवार को सामुदायिक सेवा और दयालुता के भाव से, मारवाड़ी युवा मंच सिटी शाखा ने अपने मुख्य कार्यक्रम 'आनंद सब के लिएस के तहत 25 सितंबर, 2023 को एक जनसंख्या भोजन कार्यक्रम आयोजित किया।

# भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन से कीजिये दक्षिण भारत का दर्शन

खबर मन्त्र ब्यूरो




यात्रा की जानकारी देते आइआरसीटीसी के अधिकारी निखिल प्रसाद, मधुमंती रॉय चौधरी व सुखदेव बेहरा।

**जमशेदपुर।** भारतीय रेलवे की शाखा, इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म करपोरेशन लिमिटेड (आइआरसीटीसी) की पूर्व क्षेत्र , की कोलकाता शाखा ने देखो अपना देश के तहत ''भारत गौरव'' ट्रेन द्वारा तिरूपति मीनाक्षी मंदिर-रामेश्वरम कन्याकुमारी और त्रिवेंद्रम का भ्रमण कराने के लिए से के जा रही है। यह पर्यटक ट्रेन दिनांक 25 अक्तूबर 2023 को गोड्डा से खुलेगी जो की भागलपुर कहलगांव साहिबगंज- बरहरवा-पाकुड़-रामपुर हाट बोलपुर शांतिनिकेतन-बर्धमान कोलकाता खड्गपुर बालासोर भद्रख कटक-भुवनेश्वर और खुर्दा रोड पर तीर्थ यात्रियों को ट्रेन में सवार होने के लिए रुकेगी, और तिरूपति-मीनाक्षी मंदिर-रामेश्वरम-कन्याकुमारी और त्रिवेंद्रम का भ्रमण कराते हुए 05 नवंबर 2023 को वापस लौटेगी। जमशेदपुर समेत कोल्हान के यात्री खड़गपुर स्टेशन से इस ट्रेन पर सवार हो सकते हैं जो 25 अक्तूबर की रात खड़गपुर पहुंचेगी। उक्त जानकारी आइआरसीटीसी के कोलकाता ऑफिस के अधिकारी निखिल प्रसाद, मधुमंती रॉय चौधरी और सुखदेव बेहरा ने टाटानगर स्टेशन पर एक संवाददाता सम्मेलन में दी।

### 33 प्रतिशत छूट पर तय है किराया

भारत गौरव ट्रेन योजना के तहत भारतीय रेलवे रेल पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए लगभग 33 प्रतिशत रियायत प्रदान कर रहा है। छूट के बाद ही किराया निर्धारित किया गया है। अगर 20 व्यक्ति एक समूह में ऑफलाइन टिकट बुक करायेंगे तो एक व्यक्ति को निःशुल्क यात्रा का मौका मिलेगा। ऑफलाइन बुकिंग मंगलवार से सात दिन के भीतर कराने पर किराये में एक व्यक्ति को 500 रुपये की छूट मिलेगी।

## होटल एवं खाने-पीने की सुविधा भी मिलेगी

श्रेणी के हिसाब से वातानुकूलित और गैर वातानुकूलित होटल में रात्री विश्राम। शाकाहारी भोजन (सुबह, दोपहर और रात का भोजन सुबह शाम चाय, साथ ही प्रति दिन प्रत्येक दिन दो बोतल पानी मिलेगा। घूमने के लिए श्रेणी के हिसाब से वातानुकूलित और गैर वातानुकूलित बस की व्यवस्था है। कोच में सुरक्षागार्ड सफाईकर्मी और टूर एस्कर्ट उपलब्ध रहेंगे।

### इन नंबरों पर फोन कर करायें बुकिंग

**बुकिंग इक्षुक पर्यटक यात्रा सम्बन्धी विस्तृत जानकारी एवं बुकिंग के लिए आइआरसीटीसी, 3. कोइलाघाट , कोलकाता एवं दूरभाष संख्या 8595904077 / 8595904082 से प्राप्त कर सकते है, या आइआरसीटीसी के वेबसाइट डब्लुडब्लुडब्लु. आइआरसीटीसीटूरिज्म. कॉम जाकर बुकिंग कर सकते है, या आइआरसीटीसी के अधिकृत एजेंट से भी बुकिंग करा सकते है। विस्तृत यात्रा विवरणिका कार्यालय से प्राप्त कर सकते है।**

>> 25 अक्तूबर को निकलेगी आइआरसीटीसी की 11 रात और 12 दिन की यात्रा

>> 20 व्यक्ति के ग्रुप में बुकिंग कराने पर एक व्यक्ति को मिलेगा फ्री यात्रा का अवसर

### यात्रा की श्रेणियां और उसके शुल्क

इस ट्रेन में स्लीपर के 540 और एसी के 210 सीट उपलब्ध है। यात्रा शुल्क और समावेश भारतीय रेल द्वारा संचालित भारत गौरव ट्रेन में आपकी सुविधा के लिए तीन विभिन्न श्रेणियां उपलब्ध हैं। इकोनमी क्लास कोच में स्लीपर क्लास से यात्रा होगी, इसका शुल्क रु.21,300 रुपये प्रति व्यक्ति है जबकि स्टैंडर्ड क्लास कोच में 03 एसी क्लास से यात्रा होगी, इसका शुल्क रु. 33,300 रुपये- प्रति व्यक्ति है। तीसरी श्रेणी कम्फर्ट कोच की है जिसमे3 एसी क्लास से यात्रा होगी, इसका शुल्क रु. 36,400 रुपये प्रति व्यक्ति है।

# टीएसपीडीएल में 20 प्रतिशत बोनस

## कर्मचारियों को मिलेगी अधिकतम 1.11 लाख रुपये की राशि

>> बोनस राशि का सदुपयोग करें कर्मचारी

खबर मन्त्र ब्यूरो



समझौते का दस्तावेज प्रदर्शित करते प्रबंधन और यूनियन के पदाधिकारीगण।

**जमशेदपुर।** सोमवार को टीएसपीडीएल, बारा यूनिट-जमशेदपुर में राकेश्वर पांडे के नेतृत्व में टीएसपीडीएल प्रबंधन और टीएसपीडीएल कर्मचारी यूनियन के बीच वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए 20 प्रतिशत बोनस भुगतान के लिए सहमति बनी। प्रबंधन और यूनियन ने लंबी बैठक के बाद समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। समझौते पर यूनियन के और से महासचिव अमन, उपाध्यक्ष-सचिदानंद, उपाध्यक्ष एस बी राणा, कार्यकारी अध्यक्ष संजीव कुमार सिंह, अध्यक्ष के सलाहकार राकेश कुमार, अध्यक्ष के सलाहकार रंजन मिश्रा, सहायक सचिव- अनीश झा, सहायक सचिव- आर रवि, कोषाध्यक्ष- रमेश चौधरी, दिनेश कुमार और त्रिदेव सिंह ने हस्ताक्षर किया। प्रबंधन टीम में करण लखानी - सीएचआरओ, अश्वनी कुमार- जीएम, जमशेदपुर बिजनेस हेड, आनंद विवेक- प्रमुख, एचआर एंड आईआर, मुकुंद भट्ट-डिविजनल मैनेजर, कृष्ण कुमार-वरिष्ठ प्रबंधक, एचआर और आईआर, प्रियंका पांडे- वरिष्ठ प्रबंधक, मानव संसाधन और आईआर और सुभ्रो सान्याल - उप प्रबंधक, मानव संसाधन और आईआर ने समझौते पर हस्ताक्षर किए। समझौते के पश्चात अध्यक्ष राकेश्वर पांडेय ने बताया कि बोनस राशि 30 सितंबर 2023 तक कर्मचारियों के बैंक खाते में जमा कर दी जाएगी। वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए देय बोनस की अधिकतम राशि 1,11,806 रुपये है और देय न्यूनतम राशि 68,491 रुपये है। पिछले वर्ष बोनस मद में 3. 39 करोड़ रुपए की राशि बोनस मद में दी गई थी, इस वर्ष बोनस मद में 3. 81 करोड़ बोनस मद में दी जा रही है। साथ ही आज यूनियन और प्रबंधन के बीच वार्ता में कर्मचारियों और अपने परिवार के हित में कर्मचारियों के द्वारा 2000 रुपए की राशि देने पर 15 लाख का मेडिक्लेम और 23 लाख तक का एक्सीडेंटल पलिसी देने पर बैंक के सहयोग से प्रबंधन ने अपनी सहमति जताई। साथ ही आने वाले दिनों में टर्म इंश्योरेंस पलिसी पर भी वार्ता के पश्चात सहमति बनने के आसार है जिसका सीधा लाभ कर्मचारियों को होना है, बोनस हस्ताक्षर के बाद कर्मचारियों में हर्ष का माहौल है और कर्मचारियों ने अपने यूनियन नेताओं को बधाई दी है। अध्यक्ष राकेश्वर पांडे ने कर्मचारियों को बधाई दी है और उचित मद में बोनस राशि खर्च करने की सलाह दी।

## टाटा मोटर्स : ट्रांसमिशन डिवीजन में महासचिव का हुआ स्वागत

**जमशेदपुर।** सोमवार को ट्रांसमिशन डिवीजन में सुबह टीम ट्रांसमिशन की ओर से अध्यक्ष गुरमीत सिंह और महामंत्री आर के सिंह का एक बेहतर बोनस करवाने के लिए सम्मान समारोह किया गया। अध्यक्ष और महामंत्री जी का शल ओढ़ाकर और माला पहनाकर सम्मानित किया गया। अध्यक्ष और महामंत्री के साथ साथ सभी उपस्थित आफिस बेयरर और कमिटी मेम्बर का भी अंगवस्त्र से ओढ़ाकर स्वागत किया गया। महामंत्री आर के सिंह जी ने सभी के बीच बोनस में हुए बातो को विस्तृत रूप से बताया। अध्यक्ष गुरमीत सिंह ने कहा कि आप सभी खुशहाल और सुरक्षित रहे ये हमारी कामना है और हम सभी यूनियन के लोग इसके लिए ततपर है। आप सभी को आने वाले त्यौहारों की शुभकामनाएं और बधाई। मंच का संचालन अमित सिंह और धन्यवाद ज्ञापन बी के शर्मा जी ने किया।

## टाटा स्टील एडवेंचर स्पोर्ट क्लाइंबिंग के 3 कैडेट्स एशियन गेम्स में ले रहे भाग

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** टाटा स्टील एडवेंचर फाउंडेशन (टीएसएएफ) के तीन कैडेट चीन में आयोजित एशियन गेम्स में भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। उनमें टीएसएएफ की स्पोर्ट क्लाइंबिंग अकादमी से अमन वर्मा, अनीशा वर्मा और बिभास रय शामिल हैं। ये कैडेट पहले ही राष्ट्रीय स्तर पर उत्ष्ट प्रदर्शन कर चुके हैं और अब उन्हें प्रतिष्ठित एशियन गेम्स में प्रतिस्पर्धा करने का अवसर मिलेगा। जमशेदपुर के मूल निवासी अमन वर्मा 2015 में टीएसएएफ स्पोर्ट क्लाइंबिंग अकादमी में शामिल हुए। उन्होंने सिंगापुर एशियन किड्स चौंपियनशिप 2017, वर्ल्ड यूथ चौंपियनशिप और प्रैक्टिस 2019, एशियन यूथ चौंपियनशिप 2019 और अन्य प्रतिष्ठित कार्यक्रमों में अपने कौशल का प्रदर्शन किया है। विभिन्न राष्ट्रीय स्तर की स्पोर्ट क्लाइंबिंग प्रतियोगिताओं में अमन के उल्लेखनीय प्रदर्शन ने उन्हें कई पदक दिलाए हैं, जिससे वह एशियाई खेलों में सफलता के प्रबल दावेदार के रूप में स्थापित हो गए हैं।अनीशा वर्मा, जो कि जमशेदपुर की ही हैं, 2015 में टीएसएएफ स्पोर्ट क्लाइंबिंग अकादमी का हिस्सा बनीं।

## सुंदरनगर : आइटी ऑफिसर बन कर डकैती

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के सुंदरनगर थाना से 100 मीटर की दूरी जोंड्रागोड़ा लाइन टोला स्थित एम जेम्स के घर पर फर्जी इनकम टैक्स का अधिकारी बनकर डकैती की घटना को अंजाम दिया गया। घटना सोमवार सुबह 8 बजे की है। आधे घंटे में ही सभी घर ने नकद और जेवर लेकर फरार हो गए।

इस संबंध में एम जेम्स ने सुंदरनगर थाना में लिखित शिकायत की है। जेम्स बेलडीह स्कूल में सिक्योरिटी गार्ड का काम करते है। जानकारी देते हुए एम जेम्स की मां एम मेरी ने बताया कि सुबह वह अपनी बेटी के साथ घर पर थी जबकि उनका बेटा एम जेम्स ड्यूटी पर था। आठ बजे 6 से सात की संख्या में लोग उनके घर में घुसे और सभी मुख्य द्वार को बंद कर दिया। उसमे एक महिला भी शामिल थी। उनकी बेटी और उन्हें तीन लोगों ने बंधक बना दिया और तीन लोग सभी कमरे में घुसकर तोड़फोड़ करने लगे. सभी में घर में तोड़फोड़ भी की ओर घर से लगभग 8 हजार रुपए और गहने निकल लिए। गहनों की कुल कीमत 16-17 लाख रुपये है। अंत में उन्होंने एक कागज में साइन करवाया और दरवाजा खोलते हुए बाहर चले गए। इधर शिकायत के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## एक्यूप्रेशर थेरेपी हर रोगों के नियंत्रण में कारगर : डॉ प्रमोद

**इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन कॉलेज ने एक्यूप्रेशर पर आयोजित किया सेमिनार, मंत्री बन्ना गुप्ता भी पहुंचे, आयोजन की प्रशंसा की, बांटे प्रमाण पत्र**

खबर मन्त्र ब्यूरो




**जमशेदपुर।** इंस्टीट्यूट ऑफ एजूकेशन, दुगनी के तत्वावधान में शिक्षकों विद्यार्थियों और स्वस्थ समाज के लिए श्री कृष्णा पब्लिक स्कूल, बिष्टुपुर के सभागार में एक्यूप्रेशर थेरेपी विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बना गुप्ता उपस्थित थे। कोल्हान विश्वविद्यालय की पूर्व कुलपति डॉ शुक्ला मोहंती के द्वारा मंत्री का स्वागत पुष्प गुच्छ, स्मृति चिन्ह देकर एवं शाल ओढा कर किया गया। इस अवसर पर कॉलेज के निदेशक आरएन महंती ने इंस्टीट्यूट ऑफ एजूकेशन कॉलेज की शैक्षणिक गतिविधियों और इस दिशा में संस्थान की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। सेमिनार में मुख्य रूप से नई दिल्ली से आए एक्यूप्रेशर थैरेपिस्ट प्रमोद कुमार सिन्हा ने एक्यूप्रेशर थेरेपी पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि एक्यूप्रेशर थेरेपी से पेट, आंख, थायराइड, पीसीओडी, माइग्रेन, डिप्रेशन तथा अन्य रोगों के उपचार स्वयं किया जा सकता है और इंसान स्वस्थ रह सकता है। कार्यक्रम में डॉ श्रद्धा पांडा, रंजीत पांडा समेत कई थैरेपिस्ट, छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक-शिक्षिकाएं मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन श्रावणी मुखर्जी द्वारा किया गया। इस अवसर पर शिक्षक सुमन कुमारी, ओमप्रकाश, इंदु कुमारी सिम्मी कुमारी, वंदना कुमारी, माधुरी कुमारी, अंशु मौजूद थीं।

## पंजाबी सिने अभिनेता गुरप्रीत घुघ्घी से मिले जमशेदपुर के लोग

**जमशेदपुर।** मशहूर पंजाबी सिने अभिनेता सह कमेडियन गुरप्रीत सिंह घुघ्घी ने जमशेदपुर के सिख प्रचारक हरविंदर सिंह जमशेदपुरी को जल्द ही जमशेदपुर आने का वादा किया है। हरविंदर सिंह जमशेदपुरी ने रविवार को चंडीगढ़ में गुरप्रीत सिंह घुघ्घी और पंजाब के मानसा में सिद्धू मूसेवाला के पिता बलकौर सिंह से भी मुलाकात की। सोमवार को पंजाब से दूरभाष पर जानकारी देते हुए हरविंदर सिंह जमशेदपुरी ने बताया कि पंजाबी फिल्म 'मस्ताने' की आपार सफलता पर वे टीम के सदस्यों प्रभजोत सिंह शैंकी, परमजीत सिंह सरली और प्रीत सिंह सहित गुरप्रीत सिंह घुघ्घी से मिलने चंडीगढ़ स्थित उनके आवास पर पहुंचे थे, जहां पर घुघ्घी ने पूरी आदर सम्मान के साथ उनसे काफी लम्बी मुलाकात की। घुघ्घी ने खुशी और आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें बिलकुल जानकारी नहीं थी कि जमशेदपुर में इतनी संख्या में सिख बसते हैं। गुरप्रीत घुघ्घी ने जमशेदपुरी से वादा किया कि यदि अगली बार जमशेदपुर में कोई भी सिख धार्मिक फिल्म लगेगी तो वे उस फिल्म का प्रमोशन करने जरूर जमशेदपुर आयेंगे। जमशेदपुरी अन्य टीम सदस्यों संग मरहूम पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाले के पिता बलकौर सिंह से उनके पंजाब के मानसा स्थित आवास पर मिले।

## पं. दीनदयाल उपाध्याय के सपनों का भारत बना रहे पीएम : रघुवर

**बर्मामाइंस में पूर्वी विधानसभा क्षेत्र स्तरीय जयंती समारोह का हुआ आयोजन**

खबर मन्त्र ब्यूरो





**जमशेदपुर।** सोमवार को जमशेदपुर महानगर के चारों विधानसभा अंतर्गत विभिन्न मंडलों में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जंयती पूरे श्रद्धाभाव से मनाई गई। जमशेदपुर पुर्वी विधानसभा अंतर्गत बर्मामाइंस मंडल के प्रेम नगर स्थित फुटबल मैदान में पार्टी की ओर से विधानसभा स्तरीय जयंती समारोह का आयोजन किया गया। जहां मुख्य अतिथि के रूप में पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास शामिल हुए। समारोह में भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष गुंजन यादव समेत पुर्वी विधानसभा के सातों मंडलों के हजारों कार्यकर्ता मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान रघुवर दास व अन्य कार्यकर्ताओं ने प. दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किया एवं उनके बताये एकात्म मानववाद एवं अंत्योदय के पथ पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर रघुवर दास ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने पूरा जीवन समाज को समर्पित किया। दास ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने और उस अंतिम व्यक्ति तक लक्षित करके योजनाएं बनाई जाती है तो यह अनुभव होता है कि प.दीनदयाल उपाध्याय जी का सपना पूरा हो रहा है। समारोह के दौरान जनसंघ काल से पार्टी को सींचने वाले वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया एवं उनके अतुलनीय योगदान के प्रति आभार जताया गया। कई महिलाओं ने सदस्यता ग्रहण की। रघुवर दास एवं जिलाध्यक्ष गुंजन यादव ने सभी शामिल महिलाओं एवं युवाओं को पार्टी का अंगवस्त्र भेंटकर पार्टी में स्वागत किया। समारोह को गुंजन यादव एवं रामबाबू तिवारी ने भी संबोधित किया।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर भाजमो ने किया 400 यूनिट रक्तदान

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** जनसंघ के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर भाजमो जमशेदपुर महानगर के तत्वावधान में सिद्गोड़ा सूर्य मंदिर परिसर स्थित सोन मंडप में रक्तदान शिविर का आयोजित हुआ। रक्तदान शिविर में 400 युनिट रक्तदान संग्रह हुआ। के पी एस के निर्देशक सरत चंद्रन एवं विधायक सरयू राय जी ने पंडित दीनदयाल जी के चित्र के सामने दीप प्रज्वलित कर रक्तदान शिविर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर सरयू राय ने कहा की पंडित दिनदयाल उपाध्याय समर्पण के प्रतीक है इसलिए पिछले दो वर्षों से हमलोग उनके जयंती को समर्पण दिवस के रूप में रक्तदान शिविर का आयोजन कर रहे है। इंद्रजीत सिंह ने संचालन में अहम भूमिका निभाई। इस अवसर पर से टाटा मोटर्स वर्कर्स युनियन के अध्यक्ष गुरमीत सिंह तोते, महामंत्री आरके सिंह, भगवान सिंह, चेयरमैन सरदार शैलेंद्र सिंह, परविंदर सिंह सोहल, कुलविंदर सिंह, गुरूचरण सिंह बिल्ला, सोना देवी विवि के कुलपति प्रभाकर सिंह, शिव शंकर सिंह, एन के सिंह, आजसु के केंद्रीय सचिव चंद्रगुप्त सिंह, समाजसेवी अमरप्रीत सिंह काले, इंटक के राकेश्वर पांडे उपस्थित थे।

## खबर एक नजर में

### चिल्ड्रेन पार्क की आत्मकथा पुस्तक का विमोचन



जमशेदपुर। पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती के अवसर पर विधायक सरयू राय ने सिद्गोड़ा सूर्य मंदिर सोन मंडप परिसर में चिल्ड्रेन पार्क की आत्मकथा पुस्तक का विमोचन किया.यह पुस्तक 40 पृष्ठ है और इसमें चिल्ड्रेन पार्क अपनी आत्मकथा बता रही है.श्री सरयू राय ने बताया की कोरोना की आपदा के बाद भ्रष्टाचारियों के एक समुह ने चिल्ड्रेन पार्क के उपस्करों को उठाकर, खेलकूद के उपकरणों को तोड़कर दुसरे स्थान पर ले जाने का प्रयास किया.जिसका विरोध स्थानीय लोगो ने किया.किंतु चिल्ड्रेन पार्क को स्थानांतरित करने के दौरान इस स्वार्थी समुह ने चिल्ड्रेन पार्क के अंदर के उपकरणों का अंजर पंजर तोड़ दिया.श्री राय ने बताया की उन्होनें अपनी विधायक निधि से पुनः चिल्ड्रेन पार्क को विकसीत करवाकर जिंदा करवाया.इस पुस्तक में चिल्ड्रेन पार्क अपने साथ ही अपने आस-पास सरकारी पैसे से सरकारी जमीन पर स्थापित अन्य परिसरों की अवैध कब्जे की भी दास्तान बयान कर रहा है। इस दौरान मुख्य रूप से भाजमो केंद्रीय उपाध्यक्ष राम नारायण शर्मा, जिलाध्यक्ष सुबोध श्रीवास्तव, कुलविंदर सिंह पन्नु, चंद्रशेखर राव आदि विशेष रुप से उपस्थित थे।

### श्रीनाथ विवि में मना फार्मासिस्ट दिवस




जमशेदपुर। सरायकेला-खरसावां जिले के आदित्यपुर स्थित श्रीनाथ विश्वविद्यालय में भव्य समारोह के साथ विश्व फार्मेसी दिवस 'श्रीनाथ कलेज अफ फार्मेसी' के द्वारा मनाया गया। इस अवसर के मुख्य अतिथि झारखंड राज्य फार्मेसी काउंसिल एवं फार्मेसी के कार्यकारी सदस्य धर्मेंद्र सिंह थे। इस वर्ष की थीम, 'फार्मेसी द्वारा स्वास्थ्य प्रणालियों को सुदृढ़ बनाना को ध्यान में रखते हुए कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर श्रीनाथ कलेज अफ फार्मेसी के भावी फार्मासिस्टों द्वारा अपने काम के प्रति समर्पण एवं रोगियों के देखभाल के प्रति अपनी प्रतिबद्धता सुनिश्चित करते हुए शपथ भी लिया गया। उपस्थित लोग विश्व फार्मेसी दिवस के अवसर मे मिठास को साझा करते हुए केक-काटने के समारोह में शामिल हुए। साथ ही साथ पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए मुख्य अतिथि धर्मेंद्र सिंह के हाथों वृक्षारोपण भी किया गया। लोगों को जागरूक करने के लिए सड़क पर एक रैली भी निकाली गई, जिसमें सम्मानित अतिथियों और विद्यार्थियों ने हाथों में तख्तिया लेकर नारे लगाए। इस अवसर पर श्रीनाथ विश्वविद्यालय के प्रति कुलाधिपति गुरुदेव महतो, डीन एडमिनिस्ट्रेशन जे राजेश, एच आर रविकांत, मेघनाथ महतो एव विद्यार्थी उपस्थित थे।

### सरदार पटेल कलेज ऑफ फार्मेसी में मनाया गया वर्ल्ड फार्मासिस्ट डे



जमशेदपुर। गालुडीह स्थित सरदार पटेल कलेज अफ फार्मेसी में धूम धाम के साथ वर्ल्ड फार्मासिस्ट डे मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रुप में फार्मेसी कउन्सिल अफ इंडिया के कार्यकारी सदस्य धर्मेंद्र सिंह उपस्थित थे। मुख्य अतिथि एवं संस्थान के डायरेक्टर उपेन्द्र प्रसाद ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित एवं वृक्षारोपण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर धर्मेन्द्र सिंह ने कहा इस संस्थान के द्वारा गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण देने के साथ इस क्षेत्र में फार्मासिस्ट की कमी को दूर करने का अच्छा प्रयास है। उन्होंने कहा आने वाले दिनों में यह संस्था इस क्षेत्र में कई ओर अच्छे कार्य करेगा। धर्मेन्द्र सिंह ने सभी लोगों से अंगदान करने की अपील किया। उन्होंने कहा अंगदान महादान है। इस दौरान गालुडीह, घाटशिला एवं आसपास के फार्मासिस्ट को इस क्षेत्र में उत्ष्ट कार्य के लिए मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर ग्राम प्रधान बसंती प्रसाद, लायंस क्लब अफ यूनिटी के कोषाध्यक्ष संजय सरकार, वरिष्ठ फार्मासिस्ट बिंद्र प्रसाद संस्थान के डायरेक्टर उपेंद्र प्रसाद सहित कई लोग उपस्थित थे।

### टाटा स्टील यूआइएसएल ने सीसीक्यूसी 2023 में जीते तीन गोल्ड मेडल



**जमशेदपुर।** टाटा स्टील यूआईएसएल ने 22 सितंबर, 2023 को विशाखापत्तनम में आयोजित 23 वें चौप्टर कन्वेंशन अन क्वलिटी कन्सेप्ट (सीसीक्यूसी 2023) प्रतियोगिता में 3 गोल्ड अवार्ड जीतकर एक उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। प्रतिष्ठित कार्यक्रम, जिसका विषय था ''बेहतर भविष्य के लिए गुणवत्ता अवधारणाओं का पोषण'', में 134 टीमों ने गुणवत्ता सर्कल, लीन क्वलिटी सर्कल, 5एस कार्यस्थल प्रबंधन प्रणाली, काइजन, सिक्स सिग्मा और लीन सिक्स सिग्मा अवधारणाओं पर केस स्टडीज प्रस्तुत करते हुए भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (आरआईएनएल) के निदेशक (वाणिज्यिक) श्री देब कल्याण मोहंती द्वारा किया गया। इस दो दिवसीय सम्मेलन में उद्योग कर्मियों द्वारा अपने संबंधित कार्यस्थलों में उत्ष्टता को बढ़ावा देने के लिए अपनाई गई सर्वोत्तम प्रथाओं का प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम में कुल 134 टीमों से कड़ी प्रतिस्पर्धा रही , जिसमे जल प्रबंधन विभाग (डब्ल्यूएमडी) की टीमे आइला और क्रांति तथा डिजाइन इंजीनियरिंग और टाउन प्लानिंग (डीईटीपी) विभाग से टीम प्रारुप ने गोल्ड अवार्ड प्राप्त किया ।

# देर से भारी नुकसान

बुनियादी ढांचा क्षेत्र की 150 करोड़ रुपये या इससे अधिक के खर्च वाली 412 परियोजनाओं की लागत इस साल अगस्त तक तय अनुमान से 4.77 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा बढ़ गई है। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि देरी और अन्य कारणों से इन परियोजनाओं की लागत बढ़ी है। सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय 150 करोड़ रुपये या इससे अधिक की लागत वाली बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की निगरानी करता है। मंत्रालय की अगस्त, 2023 की रिपोर्ट में कहा गया है कि इस तरह की 1,762 परियोजनाओं में से 412 की लागत बढ़ गई है, जबकि 830 अन्य परियोजनाएं देरी से चल रही हैं। रिपोर्ट के अनुसार, इन 1,762 परियोजनाओं के क्रियान्वयन की मूल लागत 25,01,400.62 करोड़ रुपये थी, लेकिन अब इसके बढ़कर 29,78,681.31 करोड़ रुपये होने का अनुमान है। इससे पता चलता है कि इन परियोजनाओं की लागत 19.08 प्रतिशत यानी 4,77,280.69 करोड़ रुपये बढ़ गई है। रिपोर्ट के अनुसार, अगस्त, 2023 तक इन परियोजनाओं पर 15,57,188.10 करोड़ रुपये खर्च हो चुके हैं, जो कुल अनुमानित लागत का 52.28 प्रतिशत है। यदि परियोजनाओं के पूरा होने की हालिया समय सीमा के हिसाब से देखें तो देरी से चल रही परियोजनाओं की संख्या कम होकर 624 पर आ जाएगी। इन परियोजनाओं में देरी के कारणों में भूमि अधिग्रहण में विलंब, पर्यावरण और वन विभाग की मंजूरियां मिलने में देरी और बुनियादी संरचना की कमी प्रमुख है। इसके अलावा परियोजना का वित्तपोषण, विस्तृत अभियांत्रिकी को मूर्त रूप दिए जाने में विलंब, परियोजना की संभावनाओं में बदलाव, निविदा प्रक्रिया में देरी, ठेके देने व उपकरण मंगाने में देरी, कानूनी व अन्य दिक्कतें, अप्रत्याशित भू-परिवर्तन आदि की वजह से भी इन परियोजनाओं में विलंब हुआ है।

# यात्री बीमा में वृद्धि

निस्संदेह आज भी रेल सेवा अन्य परिवहन सुविधाओं के मुकाबले खासी किफायती है। एक अनुमान के अनुसार करीब सवा करोड़ लोग रोजाना भारतीय रेल सेवा का उपयोग करते हैं। लेकिन दुखद पहलू यह है कि विभिन्न कारणों से करीब तीन सौ छोटी-बड़ी रेल दुर्घटनाएं हर साल होती हैं। जिसमें आधे से अधिक दुर्घटनाएं ट्रेनों के पटरी से उतरने से होती हैं। जिसमें बड़ी संख्या में लोग मारे जाते व घायल होते रहे हैं। बहरहाल, देर से ही सही, रेलवे ने रेल दुर्घटनाओं के प्रति संवेदनशील रवैया अख्तियार करते हुए मुआवजे में आशातीत वृद्धि की है। रेलवे के अनुसार यह वृद्धि दस गुना है। पहले जहां रेल हादसे में जान जाने पर पचास हजार की मुआवजा राशि मिलती थी, उसे बढ़ाकर अब पांच लाख रुपये कर दिया गया है। वहीं गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को पच्चीस हजार रुपये की जगह ढाई लाख रुपये दिये जाएंगे। मामूली चोट लगने पर यह राशि पचास हजार होगी। रेलवे का कहना है कि यदि किसी ट्रेन पर आतंकी हमला होता है या ट्रेन में डकैती पड़ती है तो उस सूरत में भी पीड़ितों को मुआवजा दिया जाएगा। रेलवे ने इस बाबत 18 सितंबर को एक सर्कुलर जारी किया था, जिसे इसी दिन से लागू भी कर दिया गया है। बता दें कि इस राशि में एक दशक पहले संशोधन किया गया था। उल्लेखनीय है कि रेलवे ने अस्पतालों में भर्ती होने वाले यात्रियों को भी राहत देने की घोषणा की है। रेलवे का कहना है कि यदि कोई घायल तीस दिन से अधिक अस्पताल में भर्ती रहता है तो सरकार उसका बिल भरेगी। मरीज की चोट की गंभीरता के हिसाब से उसे खर्च मिलेगा। उसके लिये अलग-अलग राशि निर्धारित की गई है। निश्चित ही रेल लगातार सुधार की दिशा में अग्रसर है लेकिन रेल परिवहन को जिस प्रकार चुनौती मिल रही है उसमें इसके बीमा राशि को बढ़ाना सही कदम है।

# जो जनता अटल जी को हरा सकती है वह...

**हमारे** वरिष्ठ सहयोगी दीपू जी कहते हैं कि एक बात बताइये सर जो जनता अटल बिहारी बाजपेयी को चुनाव हरा सकती है वह नरेन्द्र मोदी को क्यों नहीं हरा सकती है? क्या अटल जी की सरकार में कोई कमी थी? क्या विकास का दर कम था? क्या देश का गौरव परमाणु विस्फोट का अदम्य साहस अटल जी ने नहीं किया था? क्या परमाणु विस्फोट के बाद लगे तमाम रोक और प्रतिबंध के बाद भी दुनिया की सबसे बड़ी सड़क परियोजना स्वर्णिम चर्तुभुज देश को समर्पित नहीं किया? क्या देश की दशा दिशा बदलने वाली प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क परियोजना से देश का स्वरूप ही नहीं बदल दिया जिसका लाभ देश के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज नहीं किया जायेगा?

अगर लिखा जाए तो उनके कार्यकाल और दर्जनों दल के साथ चलायी गयी मजबूर सरकार की मजबूती पर किताब लिखी जा सकती है।

देश के इतिहास में तीस साल के बाद मोदी सरकार ने बहुमत प्रात्त किया। वे लगातार दूसरी बार प्रधानमंत्री है और 2024 के चुनाव में उनके राजग गठबंधन के सामने इंडिया गठबंधन बन चुका है। यह सही है कि अटल जी और मोदी में आधारभूत अंतर है। लेकिन इस बात से अलग अहम सवाल है कि 10 साल के सत्ता के बाद सत्ता फिर से पाना भाजपा के लिये अच्छे दिन हो सकते है जिसकी उम्मीद आज की स्थिति में कतई नहीं की जा सकती है।

2020 के लोक सभा चुनाव में सबसे बड़ी चुनौती भाजपा को तब दिखेगी जब इंडिया के दल सीटों का तालमेल कर लेंगे। तमाम विरोधाभास के बाद भी मोदी हराओ नारा के साथ वे किस हद तक समझौता करेंगे उसका अंदाज लगाना कठिन है जैसे कांग्रेस का आप, साम्यवादी दलों और तृणमूल कांग्रेस से समझौता। बिहार में कांग्रेस का न्यूनतम सीटों पर चुनाव लड़ने का मोदी हराओ त्याग का फार्मूला।

वर्तमान 300 से अधिक सीट पर जीत में भाजपा को 2024 के चुनाव में बिहार और बंगाल से झटका लगना तय है। राजस्थान में भी पार्टी खुश नहीं हो सकती है। मोदी लहर और सर्जिकल लहर के साथ उम्मीद अच्छे दिनों के का ढांचा 2024 में चरमराता दिख रहा है। चुनाव केमिस्ट्री है यह सब कहते हैं लेकिन मेरा मानना चुनाव एक मैथेमेटिक्स है। वोटो के प्रतिशत का खेल है। आज जो भाजपा सत्ता में है उसे 37 प्रतिशत मत मिले हैं। यह मत मध्यम वर्ग, निम्न वर्ग, महिला वर्ग और उच्च वर्ग जो कम ही वोट डालता है उससे मिले हैं। लेकिन कुछ अहम सवाल है जिनका आत्ममुग्धता से कोई लेना देना नहीं ये जमीनी सवाल हैं।





**- एनके मुरलीधर**

> महिला आरक्षण, जीडीपी,चन्द्रयान, सूर्ययान, जी–20, वंदे भारत, एक्सप्रेस वे, किसान अनुदान, आयुष्मान भारत जैसे सैकड़ों योजनाओं के बाद भी सिर्फ दस प्रतिशत लोगों की नाराजगी से भाजपा की सीटों का बंटाधार हो सकता है। दुनिया में सबसे तेज बढ़ते आर्थिक विकास के बाद भी बैंको में जमा कम क्यों हो गये?

देश में कितने परिवार निवास करते हैं? अनुमान 25 करोड़ परिवार लगभग।

इन परिवारों की आय किस प्रकार की है और ये किस स्थिति में जीते हैं?

इनमें 18 करोड़ परिवार की आय प्रतिमाह कितनी है?

लगभग 30 हजार रूपये से कम, निर्धन अति निर्धन, निम्न मध्यम वर्ग।

सात करोड़ परिवार उच्च मध्यम और संम्पन्न व्यक्ति है। ये सभी आकड़ें सच के आस-पास हैं। सवाल है कि कोरोना के दो लहर झेलने के बाद नोटबंदी से परेशान लोगों का एक बड़ा समूह जो 18 करोड़ परिवार के रुप में देश में निवास करता है वह अब अच्छे दिन के नारे पर कितना विश्वास करेगा?

महिला आरक्षण, जीडीपी,चन्द्रयान, सूर्ययान, जी-20, वंदे भारत, एक्सप्रेस वे, किसान अनुदान, आयुष्मान भारत जैसे सैकड़ों योजनाओं के बाद भी सिर्फ दस प्रतिशत लोगों की नाराजगी से भाजपा की सीटों का बंटाधार हो सकता है। दुनिया में सबसे तेज बढ़ते आर्थिक विकास के बाद भी बैंको में जमा कम क्यों हो गये? 50 साल में सबसे कम। कोरोना और बेरोजगारी के मार से त्रस्त परिवारों के लिये 100 रुपये लीटर पेट्रोलियम पदार्थ मध्यम एवं निम्न वर्ग के लिये रसोई गैस की कीमत कितना परेशान करती है।

तू कहता कागज की लेखी मैं कहता अखियन की देखी।

आखिर किस कारण गैस के दाम में दो सौ रुपये की कटौती की गयी?

अब जनता बहुत कुछ जानती है, समझती है शहरों में हो या गांव में उनके हर दिन को प्रभावित करता तेल का मूल्य और उसके टैक्स से प्राप्त धन राशि का परोक्ष लाभ शायद 2024 में जनता समझने को तैया र नहीं है। चुनाव एक गणित है और यह गणित सोशल मीडिया पर मंत्र मुग्ध मोदी के जयकारों से पूरी नहीं होती।

यक्ष प्रश्न है कि आप आप चुनाव आते ही उदारता दिखाते हैं तो यह कांग्रेस से अलग कैसे है? अगर महंगाई नहीं है तो बैंक में जमा कम और 50 वर्षो में सबसे न्यूनतम क्यों हो गये? 2024 का चुनाव शहरी गरीब और गांव के किसान परिवार जिनकी संख्या लगभग 14 करोड़ हैं वहीं तय करेंगे। इनके जीवन में देश के जीडीपी और महिला आरक्षण सहित विकास के दावों और वातों का असर अब कम होता जा रहा है।

भाजपा के 37 प्रतिशत मतों में कहां से और कैसे मत का प्रतिशत बढ़ जायेगा यह चिंता का विषय है। मेरा अनुमान है कि यह 10 प्रतिशत तक घट सकता है।अगर भारतीय जनमानस ने तय कर लिया कि एक बार परिवर्तन किया जाए इतना ही मत प्रतिशत भाजपा को 200 सीटों से कम पर ला खड़ा करेगा। यह चोट बिहार, पश्चिम बंगाल, राजस्थान और मध्य प्रदेश में लगना तय है। कर्नाटक और महाराष्ट्र में भी झटके की उम्मीद है। यूपी, गुजरात और असम से ही सुखद संकेत मिलेंगे।

चुनाव सामाजिक, राजनैतिक, सांस्कृतिक, तत्कालिन घटनाक्रम से भी प्रभावित होते हैं। जिनकी आय एक लाख प्रतिमाह से अधिक है उनकी मोदी सरकार के प्रति सोच और जो किसान, निर्धन परिवार पांच हजार कमाने में विफल है वो 17 करोड़ परिवार का चिंतन एकदम अलग है। न वे सोशल मीडिया पर है और न उन तक किसी टीवी चैनल पर। लेकिन वे मतदाता है चुपचाप सरकार बदलते हैं। हमारे वरिष्ठ पत्रकार दीपू जी का चिंतन इस दिशा में मंत्र मुग्ध मोदी और उनकी टीम के लिये एक साफ संदेश है। (चीफ सब एडिटर खबर मन्त्र)

## खास बात

# टोयटा रूमियन का स्टॉक खत्म

कार बनाने वाली कंपनी टोयोटा की एक गाड़ी ऐसी भी है जिसे इतनी बुकिंग मिल गई कि कंपनी को कुछ समय के लिए बुकिंग लेना ही बंद करना पड़ गया है। लंबे समय से लंबित बैकलॉग के कारण रुमियन के सीएनजी एडिशन के लिए बुकिंग स्वीकार करना अस्थायी रूप से रोक दिया है।

पिछले महीने लॉन्च हुई थी टोयोटा रुमियन

टोयोटा ने पिछले महीने ही मारुति की रीबैज्ड अर्टिगा का अनावरण किया गया था, जबकि कीमतों की आधिकारिक घोषणा इस महीने की शुरूआत में की गई थी।

टोयोटा ने एक बयान में कहा, बुकिंग पर यह अस्थायी रोक वास्तव में कार को भारत में कंपनी की उम्मीद से ज्यादा मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया के कारण है। हमने इस साल अगस्त में ऑल-न्यू टोयोटा रुमियन लॉन्च की और हमें अपने उन ग्राहकों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है जो बी-एमपीवी सेगमेंट में टोयोटा वाहन का इंतजार कर रहे हैं।

कंपनी की उम्मीद से ज्यादा निकली रुमियन की डिमांड

कंपनी ने कहा, इस मॉडल की मांगहमारी उम्मीद से ज्यादा हो गई है और इस वजह से सभी वेरिएंट्स की डिलीवरी में लंबा समय लग रहा है खासकर ई-सीएनजी मॉडल के लिए। इसलिए हमने लम्बी वेटिंग को देखते हुए ग्राहकों को किसी भी असुविधा से बचाने के लिए ई-सीएनजी विकल्प की बुकिंग को अस्थायी रूप से रोक दिया है। हालांकि, टोयोटा ने एमपीवी के पेट्रोल-संचालित (नियोड्राइव) वेरिएंट के लिए बुकिंग स्वीकार करना जारी रखा है।

रुमियन में क्या है खास ?

रुमियन का सीएनजी मॉडल 1.5 लीटर और 4 सिलेंडर इंजन से लैस है जो 87 बीएचपी और 121.5 एनएम का पीक टॉर्क पैदा करता है। यह केवल 5-स्पीड मैनुअल ट्रांसमिशन के साथ आती है। वहीं, पेट्रोल मॉडल में यह कार 102 बीएचपी और 137 एनएम का पीक टॉर्क पैदा करता है, जबकि पेट्रोल वेरिएंट में यह अतिरिक्त 6-स्पीड ऑटोमैटिक गियरबॉक्स के साथ उपलब्ध है।

# आत्म चिंतन से आत्मज्ञान

## धर्म-प्रवाह

**श्रीराम शर्मा आचार्य**

**आत्मचिंतन** जिसे आत्मज्ञान का उपाय माना गया है, अपने प्रति विचार करना ही तो है। विचार-शक्ति के द्वारा ही हम अपने प्रति किसी स्थायी प्रतीति का सृजन कर सकते हैं। विचार ही वह माध्यम हैं जो आत्मा और परमात्मा के बीच संबंध-सूत्र की भूमिका पूरी किया करते हैं। अपने विचारों को विचार द्वारा देखिये और पता लगाइए कि आप किस स्थिति में हैं। आपका जीवनयान ठीक उस पथ पर अग्रसर हो रहा है या नहीं जो परमात्म-तत्व की प्राप्ति के सर्वोच्च लक्ष्य की ओर जाता है। यदि ऐसा है तो निरंतर चलते जाइए।

मनुष्य का सर्वोच्च लक्ष्य परमात्व-तत्व से स्थायी संबंध स्थापित करना है। मनुष्य उस परम प्रवाह की एक अविच्छिन्न तरंग है, यह प्रतीति प्राप्त कर लेना ही आत्मज्ञान माना गया है। इसका एकमात्र उपाय आत्मचिंतन है, जिसे विचार-क्रिया भी कह सकते हैं। इस प्रकार यदि हम इस विचार का अभ्यास करते हुए लगातार आगे बढ़ते रहें कि -₹हम स्थूल नहीं सूक्ष्म जीवन हैं, जो अजर और अमर है, जिसका सीधा संबंध उस परमात्म-तत्व से ही रहता है, किंतु अज्ञान का अंधकार उस सत्य का अनुभव नहीं होने देता।

इसलिए अब हम उस अंधकार से निकलकर प्रकाश में आ गए हैं। हमारी यह प्रतीति निरंतर बढ़ती जाती है कि हम बिंदु रूप में सिंधु और आत्मा के रूप में परमात्मा ही हैं, तो कोई कारण नहीं कि हम शीघ्र ही अपने सर्वोच्च लक्ष्य को प्राप्त न कर लें।

## कार्टून वर्ल्ड

युद्ध का परिणाम ...



साभार कॉर्टून मूवमेंट डॉट काम

**जगन्नाथपुर** में संकल्प यात्रा की जनसभा को संबोधित किया ह्न जब झारखंड में भाजपा की सरकार थी तो अपराधी पुलिस के डर से भागे फिरते थे... लेकिन हेमंत सोरेन ने पुलिस को वसूली में लगा दिया है ह्न अपराधियों के डर से जनता भयाक्रांत है, व्यवसायी दहशत में है, महिलाएं असुरक्षित हैं

**– बाबूलाल मंराडी, विधायक**

## रोचक ट्वीट

**वर्षो** तक वन में घूम-घूम,बाधा-विघ्नों को चूम-चूम,सह धूप-घाम, पानी-पत्थर,पांडव आये कुछ और निखरसौभाग्य न सब दिन सोता है,देखें, आगे क्या होता है।
राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर जी की जयंती पर शत-शत नमन।

**– हेमंत सोरेन, सीएम**





**एशियाई** खेल में मैं भारतीय दल को अपनी शुभकामनाएं देता हूं। खेलों के प्रति भारत का जुनून और प्रतिबद्धता चमकती है क्योंकि हम एशियाई खेलों में अपना अब तक का सबसे बड़ा दल भेज रहे हैं। हमारे खिलाड़ी अच्छा खेलें। **– नरेन्द्र मोदी, पीएम**

# महात्मा विनन्दिया ने एक बाण से ही राम के द्वारा रावण का वध कराया



**डॉ हराधन कोईरी**

दूसरी ओर रावण की रण-सज्जा का वर्णन है। रावण हाथ में धनुष बाण, गदा, मुदगल आदि अस्त्र-शस्त्र धारण कर लिये हैं। माथे पर स्वर्ण मुकुट है। विविध प्रकार के बजाने बज रहे हैं। रावण की सेना मारो, मारो की ध्वनि कर रही हैं। धरती भय से कांप रही है। रावण रथ पर सवार होकर अति वेग से युद्ध भूमि को जा रहे हैं। वर्णन देखिए-

**विविध बाजना बाजे, राजा दशानन साजे।**
**बीस भुजे दसधनु धरे, कम्पित महि थर हरे।**
**मुसल मुग्दर, गदा, लक्ष लष अस्त्र बांधा**
**रथे करि आरोहन, वेगे चले दशानन**

राम-रावण के युद्ध को कवियों ने अपनी प्रतिभा से अपने-अपने ढंग से वर्णन किया है। गोस्वामी तुलसीदास ने रावण को मारने के लिए राम से इक्तीस बाण चलवाये हैं। जबकि महात्मा विनन्द ने एक ही बाण से रावण को खंड-खंड करवा डालते हैं। यह वस्तुतः कवि की काव्य-प्रतिभा है। रावण वध प्रकरण का वर्णन करते हुए कवि विनन्दिया लिखते हैं-

**धन्य से रघुवरे, जितिलेन समरे**
**रणे दशानन पड़िल, जय ध्वनि हइल।**
**देख से दस मुण्ड, हइल खण्ड खण्ड**
**एक वाणे छेदिल, जय ध्वनि हइल**
**जत निशाचरे, करिल संहारे**
**लंका जय करिल, जय ध्वनि हइल।**

## धर्म अध्यात्म

> **विनन्दिया राम कथा क्यों महत्वपूर्ण है?**
> लोककवि विनन्दिया पंचपरगनिया भाषा-साहित्य के सर्वाधिक लोकप्रिय कवि हैं। रामकथा का गान करने कवियों में अग्रणी हैं। इनके रामकथात्मक गीत ' विनन्दिया रामायण ' और ' विनन्दिया रामपाला ' आदि नाम से जाना जाता है।
> झारखंड की चार मान्यता प्राप्त क्षेत्रीय भाषाओं में पंचपरगिया है का विशिष्ट स्थान है। कविवर विनन्दिया को पंचपरगनि भाषा का सूर और तुलसी कहा जाता है ।झारखंड की चार मान्यता प्राप्त क्षेत्रीय भाषाएँ हैं-- नागपुरी,खोरठा,कुड़माली,पंचपरगनिया ।

**स्वर्गे पुरन्दरे, पुष्प वृष्टि करे**
**विनन्देर आनन्द बाड़िलो, जय ध्वनि** हइल। रावण के मारे जाने के बाद कपिगण आनन्दित हैं। मन्दोदरी आदि नारियाँ क्रंदन कर रहीं हैं। क्रंदन करती हुई वापस में कह रही हैं कि- जनक नंदिनी सीता को क्यों हरण करके यहाँ लाये? लाये भी तो यदि उन्हें सत्कार पूर्वक राम को लौटा देते तो लंका की ऐसी दशा नहीं होती ।इधर

पुष्प विमान पर चढ़कर राम की पूरी वानर सेना अवधपुरी को आये। राम को देखकर अयोध्या वासी आनन्दित हुए। क्षण भर में राम के वियोग से उत्पन्न दुःख मिट गये। नगर के नर-नारी घर-द्वार सजाने लगे। चौक-चौराहे पर ध्वाजा और पताका फहराये जाने लगे। तब गुरु वसिष्ठ ने बिना किसी विलम्ब किये दिव्य सिंहासन मँगवाया और राम को राज सिंहासन पर बैठाये । जिसे देखकर अयोध्या वासी, देवता, गंधर्व, मुनि सभी परमानन्द को प्राप्त हुए।

राम राजसिंहासन पर बैठे हुए हैं, उनके बाम भाग में सीता विराजमान हैं। साथ-ही भरत, लक्ष्मण और शत्रुघ्न, विभीषण, अंगद, हनुमान और सुग्रीव आदि छत्र, चँवर, पंखा, धनुष, तलवार, ढाल धारण किये हुए अत्यंत शोभा पा रहे हैं। उत्तरकांडके अन्तर्गत रामराज्य का यह सुन्दर प्रसंग कवि के पदों में-

**कवा श्रीराम, अति अनुपम**

आहा मरि से रूप हेरि, पुलके अयोध्या पुरी। दंडक्षत्र आछे धरि, पुलके अयोध्या पुरीसीता राम बिने, तारा अन्या नाई मने ।विनन्दिया आछे ध्यान धरि पुलके अयोध्या पुरी। जारी....

## लेटर टू एडिटर

### सामंजस्य की नीति

**जी–20** शिखर सम्मेलन दिल्ली में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ जिसमें संयुक्त घोषणा पत्र पर सबकी सहमति लेकर मोदी जी ने अपनी कूटनीतिक परिपक्वता का परिचय दिया। उन्होंने चीन व रूस और पश्चिमी देशों को अपने एजेंडे पर नहीं चलने दिया। वहीं यूक्रेन युद्ध को लेकर जो रूस और पश्चिमी देशों में कटुता थी, उसका असर यहां दिखने नहीं दिया।

**– प्रकाश कुमार, जमशेदपुर**

### जी-20 की सफलता

**भारत** की अध्यक्षता में दिल्ली में संपन्न हुए अंतर्राष्ट्रीय जी-20 शिखर सम्मेलन की सफलता से राष्ट्र कीर्ति में वृद्धि हुई। अमेरिका, चीन व पश्चिमी देशों के मध्य टकराव के बावजूद यूक्रेन युद्ध पर टकराव की स्थिति पैदा ही नहीं हुई। आयात-निर्यात संबंधी वाणिज्य नीति भी जी-20 विश्व सम्मेलन घोषणा पत्र का विषय रही। यह भारत की बड़ी कूटनीतिक जीत और पराक्रम है। **–नीतू सिंह, रांची**

# सामाजिक परिवर्तन और उद्यमिता को प्रोत्साहन

## आर्थिक

सौरभ गर्ग

वर्ष 2015 में, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय ने रियायती वित्त प्रदान करके अनुसूचित जातियों के बीच उद्यमिता को बढ़ावा देने हेतु अनुसूचित जातियों के लिए उद्यम पूंजी कोष (वेंचर कैपिटल फंड) की स्थापना की। लगभग 726 करोड़ रुपये की मौजूदा निधि के साथ, इस कोष ने सभी उद्योगों में ग्रीन-फील्ड एवं विस्तार परियोजनाओं के लिए 10 लाख रुपये से लेकर 15 करोड़ रुपये तक की फंडिंग की पेशकश करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। इस वित्तीय सहायता ने उन उभरते उद्यमियों के लिए एक जीवन-रेखा के रूप में काम किया है, जिनके लिए शायद फंडिंग के पारंपरिक मार्गों तक पहुंचना संभव नहीं होता।

इस कोष के सबसे उल्लेखनीय पहलुओं में से एक चार प्रतिशत प्रति वर्ष की रियायती ब्याज दर है, जिसे महिला उद्यमियों एवं अनुसूचित जाति वर्ग के दिव्यांग उद्यमियों के लिए घटाकर 3.75 प्रतिशत प्रति वर्ष कर दिया गया है। ब्याज दरों में यह उल्लेखनीय कमी यह सुनिश्चित करती है कि हाशिए की पृष्ठभूमि से उभरने वाले उद्यमी अपेक्षाकृत अधिक विशेषाधिकार प्राप्त पृष्ठभूमि से संबंध रखने वाले अपने समकक्षों के साथ समान धरातल पर प्रतिस्पर्धा कर सकें।

आम्बेडकर सोशल इनोवेशन इनक्यूबेशन मिशन (एएसआईआईएम) सामाजिक परिवर्तन की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम है। उद्यम पूंजी (वेंचर कैपिटल) से जुड़ी पहल के हिस्से के रूप में, अनुसूचित जाति समुदाय के युवाओं के भीतर अभिनव विचारों के विकास एवं प्रसार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एएसआईआईएम का 2020 में शुभारंभ किया गया था। कुल 30 लाख रुपये तक की फंडिंग के माध्यम से, एएसआईआईएम ने अनुसूचित जाति समुदाय के छात्रों एवं शोधकताओं द्वारा शुरू की गई प्रौद्योगिकी-उन्मुख परियोजनाओं व स्टार्ट-अप का समर्थन किया है। इस पहल ने उद्यमिता के मोर्चे पर सरकार की ओर से डाले जाने वाले प्रभाव में एक और गतिशील एवं अभिनव आयाम जोड़ा है।

इन पहलों का प्रभाव गहरा रहा है। कुल मिलाकर 20 राज्यों में अनुसूचित जाति के उद्यमियों के स्वामित्व वाले 200 उद्यमों को समर्थन देने के लिए 483 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए। ये उद्यम विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े हुए हैं और क्षेत्रीय विकास एवं राष्ट्र-निर्माण के व्यापक प्रयास में अहम योगदान दे रहे हैं। इसके अलावा, अनुसूचित जाति समुदाय के पहली पीढ़ी के उद्यमियों को महत्वपूर्ण मार्गदर्शन प्रदान करके उनकी सफलता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मार्गदर्शन सत्र की पेशकश करने वाले प्लेटफॉर्मो की स्थापना की गई है। अन्य पिछड़ा वर्ग के उद्यमियों की असीम क्षमताओं को पहचानते हुए, सरकार ने 2019 में पिछड़े वर्ग के लिए उद्यम पूंजी कोष (वेंचर कैपिटल फंड) की स्थापना की। कुल 143 करोड़ रुपये की मौजूदा निधि के साथ, यह कोष पिछड़े वर्ग के उद्यमियों को रियायती वित्तपोषण प्रदान करता है। इससे सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र में पिछड़े वर्ग के उद्यमियों की सक्रिय भागीदारी को प्रोत्साहन मिला है। सभी उद्योगों में ग्रीन-फील्ड एवं विस्तार परियोजनाओं के लिए 20 लाख रुपये से लेकर 15 करोड़ रुपये तक की फंडिंग की पेशकश करके, हम आर्थिक समावेशिता को बढ़ावा दे रहे हैं।

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 95708-48433
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

## स्पीड न्यूज

### कुजू पुलिस ने अवैध कोयला लदा पिकअप वैन को किया जब्त



**कुजू।** कुजू ओपी क्षेत्र के लोहागेट डायवर्सन के पास सोमवार को अवैध स्टीम कोयला लदा एक पिकअप वैन को जब्त किया। साथ ही मौके से दो लोगों को गिरफ्तार किया है। बताया जाता है कि ओपी प्रभारी विनय कुमार को गुप्त सूचना मिली कि बीस माइल से अवैध कोयला लाद कर पिकअप वैन संख्या जेएच02एल-4115 कुजू की ओर जा रही है। इस पर उन्होंने कार्रवाई करते हुए डायवर्सन में घेराबंदी कर वैन को जब्त कर किया। वहीं मौके से चालक सोहेल अंसारी पिता खुशबुद्दीन अंसारी चंदवा व अन्य एक सवार जिब्राइल अंसारी पिता बहालुद्दीन अंसारी बरकट्ठी निवासी को गिरफ्तार कर किया। पुलिस के समक्ष गिरफ्तार सोहेल व जिब्राइल ने बताया कि अवैध कोयला कारोबारी अजय नामक व्यक्ति द्वारा कोयला रांची भेजा जा रहा था।

### पुलिस-पब्लिक रिश्ते को मजबुत कर क्षेत्र में विधि-व्यवस्था दुरूस्त रखा जायेगा : धनंजय प्रसाद



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भदानीनगर ओपी में नये प्रभारी प्रभारी के रूप में धनंजय प्रसाद ने सोमवार को पदभार ग्रहण किया। इससे पूर्व वे पुलिस केन्द्र रामगढ़ में पदस्थापित थें। इसके पूर्व वे कुजू और गोला में भी योगदान दे चुके हैं। पदभार ग्रहण करने के बाद धनंजय प्रसाद ने कहा कि विधि-व्यवस्था बनाये रखना व क्षेत्र को अपराधमुक्त बनाना मेरा लक्ष्य होगा। उन्होंने कहा कि किसी भी हाल में क्षेत्र में अवैध कारोबार नहीं चलने दिया जायेगा। ओपी प्रभारी प्रसाद ने कहा कि पुलिस-पब्लिक के रिश्ते को मजबुत कर क्षेत्र में सौहार्द्रपूर्ण व भाईचारगी का माहौल कायम किया जायेगा। उन्होंने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों, राजनीतिक दल के नेताओं से भी विधि-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने की अपील की।

### श्रीश्री दुर्गा पूजा एवं काली पूजा समिति बिरसा चौक की भुरकुंडा में हुई बैठक

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** श्रीश्री दुर्गा पूजा एवं काली पूजा समिति बिरसा चौक की बैठक सोमवार को बिरसा चौक भुरकुंडा स्थित श्रीश्री दुर्गा माता मंडप के प्रांगण में हुई। इसकी अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष प्रदीप मांझी एवं संचालन योगेश दांगी ने किया। बैठक में हर साल की भांति इस साल भी भव्य दुर्गा पूजा मानने एवं तैयारी को लेकर चर्चा की गई। बैठक में निम्नलिखित विषयों पर निर्णय लिए गए। जिसमें पंडाल एवं टेंट का काम मधुर मिलन टेंट अशोक को देने, लाइट और साउंड का काम राजू लाइट को देने, ढोल डाक पश्चिम बंगाल के विश्वप्रिया से कराने, दुर्गा मंदिर एवं काली मंदिर का रंग रोगन का काम कराने, सभी खराब बल्ब बदले, प्रतिमा का काम हीरो मूर्तिकार को देने, प्रतिमा के पीछे सजाने का काम कुंदन विश्वकर्मा को देने पर सहमति जताई गई। बैठक में संरक्षक टिकेश्वर महतो, आचार्य अशोक मिश्रा, शंकर विश्वकर्मा, प्रेम साहू, शंभू साह, कृष्णा कुशवाहा, अनिल दांगी, अशोक कुमार, शिवपूजन चंद्रवंशी, रंकज कुमार, शैलेश कुशवाहा, नरेश रजक, राजू, अशोक मालाकार आदि मौजूद थें।

### भाजपाइयों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई

**बड़कागांव।** प्रखर राष्ट्रवादी, अंत्योदय एकात्मक मानववाद, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के प्रखर प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 107 में जयंती भारतीय जनता पार्टी बड़कागांव मंडल के विभिन्न पंचायतों में मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में मनाया गया। जिसमें उपस्थित लोगों ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के तस्वीर श्रद्धांजलि दिया व उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

### भाजपा कार्यकताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 107 वीं जंयती मनाई

**दारू।** भारतीय जनता पार्टी दारू मंडल के कार्यकताओं ने अंतोदय एवं एकांत मानववाद के प्रणेता महान शिक्षाविद जनसंघ के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का 107 वीं जयंती तिलैया शिवमंदिर में मनाया ।इसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष बसंत नारायण ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हरीश श्रीवास्तव व प्रभारी विजय वर्मा थे। कार्यक्रम में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के तस्वीर पर सभी कार्यकताओं ने पुष्पांजलि अर्पित किया ।मुख्य अतिथि हरीश श्रीवास्तव ने पंडित दीनदयाल जी के जीवनी पर विस्तृत जानकारी दी। मौके पर उपाध्यक्ष रामनारायण कुशवाहा, शत्रुंजय प्रसाद, महामंत्री इंद्रदेव कुशवाहा,किसान मोर्चा अध्यक्ष किसुन प्रसाद, अशोक कुशवाहा, संदीप कुमार, विशेश्वर प्रसाद, रामजी कुशवाहा, विशेश्वर प्रसाद व मीडिया प्रभारी सुमन सिन्हा सहित कई लोग शामिल थे।

### राज नर्सिंग होम में हृदय रोग जांच शिविर 26 को : राजेन्द्र महतो



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पारस एचईसी रांची और लायंस क्लब ऑफ भुरकुंडा के संयुक्त तत्वावधान में 26 सितंबर मंगलवार को मेन रोड भुरकुंडा स्थित ट्रेकर स्टैंड के समीप राज नर्सिंग होम में हृदय रोग जांच शिविर लगाया जाएगा। शिविर में हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. कुंवर अभिषेक आर्य द्वारा परामर्श दिया जाएगा। उक्त जानकारी देते हुए राज नर्सिंग होम के प्रोपराइटर डॉ राजेंद्र महतो ने बताया कि शिविर में कोई भी व्यक्ति जिसे सीने में दर्द, बेचौनी, घबराहट, सांस की तकलीफ एवं पसीना आना, कंधे, पीठ एवं जबड़े का दर्द, दम घुटना, चक्कर आना, उल्टी आना, कमजोरी, पैदल चलने एवं सीढ़ी चढ़ने में सांस का फूलना आदि की समस्या हो तो इस शिविर में उपस्थित होकर लाभ उठा सकते हैं। महतो ने बताया कि जांच कराने के लिए इच्छुक महिला-पुरूष मो. नंबर 6287797405 पर जितेंद्र कुमार से संपर्क कर सकते हैं।

### सभी आठ पंचायतों में लिए गये नव साक्षरों की परीक्षा

**चरही।** साक्षरता दर को बढ़ाने के उद्देश्य से रविवार को चुरचू प्रखंड के सभी आठ पंचायत के एक - एक स्कूलों में नवसाक्षर के लिए परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। सभी केंद्रों पर शांतिपूर्ण माहौल में परीक्षा संपादित किए गए। विक्षण कार्य में केंद्रों पर कई सरकारी और कई पारा शिक्षकों को लगाया गया। कूल आठ केंद्रों पर कूल 567 नव साक्षर परीक्षार्थी जो 15 से 35 वर्ष के उम्र के परीक्षा में शामिल हुए। जिसमे महिलाओं की संख्या 453 तथा पुरुष अभ्यथियों की संख्या 114 था। चुरचू प्रखंड से 600 अभ्यर्थी को शामिल कराने का लक्ष्य था। पास करने वालों को आठवीं पास की प्रमाण पत्र मिलेंगे,जिसके आधार पर वे मैट्रिक की परीक्षा में शामिल हो पाएंगे।

## 3-4 अक्टूबर को राज हॉस्पिटल रांची में एम्स कोच्ची की टीम करेगी स्क्रीनिंग कैंप

# दिल में छेद वाले बच्चों को रोटरी देगा गिफ्ट ऑफ लाइफ : प्रवीण राजगढ़िया

कोच्ची में कराया जाएगा नि:शुल्क ऑपरेशन



प्रेस कांफ्रेंस में जानकारी देते रोटरी क्लब के लोग

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** रोटरी रांची एवं रोटरी रांची मिड टाउन, रांची नार्थ एवं रांची साऊथ के द्वारा संयुक्त रूप से रोटरी गिफ्ट ऑफ लाइफ अभियान के तहत दिल में छेद वाले बच्चों का ऑपरेशन कराया जाएगा। एक माह से 18 वर्ष उम्र तक के वैसे बच्चे जिनके दिल मे जन्मजात छेद है या वॉल्व में सिकुड़न है, उनका इलाज कोच्ची (केरल) के प्रसिद्ध अमृता अस्पताल में निःशुल्क होगा। इसके लिए रांची के राज हॉस्पिटल में 3-4 अक्टूबर को ऐसे बच्चों की स्क्रीनिंग की जाएगी। स्क्रीनिंग एम्स कोच्ची के प्रसिद्द डॉ ब्रजेश पी कोटाईल एवं उनकी टीम द्वारा की जाएगी। स्क्रीनिंग के लिए संबंधित बच्चे के अभिभावकों को पूर्व के इलाज के सारे कागजात, जांच रिपोर्ट, इकोकार्डियोग्राफ, ईसीजी और चेस्ट एक्सरे रिपोर्ट लेकर आना होगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर जानकारी देते रोटरी रांची के प्रवक्ता प्रवीण राजगढ़िया ने कहा कि रोटरी के द्वारा बच्चों की ओपन हार्ट सर्जरी निःशुल्क कराई जा रही है। पूरे झारखण्ड और बिहार में विभिन्न स्थानों पर स्थित अपने 104 क्लबों एवं 4000 रोटरी सदस्यों के माध्यम से सेवा कार्य किया जा रहा है। रोटरी इंटरनेशनल अपनी सामाजिक जिम्मेवारी का निर्वहन करने के लिए कृतसंकल्पित है। रोटरी रांची मिड टाउन की अध्यक्ष मंजू गंभीर ने कहा कि रोटरी ने झारखंड एवं बिहार में जरूरतमंद सभी बच्चों के ऑपरेशन का लक्ष्य रखा है। रोटरी डिस्टिक 3250 के पूर्व गवर्नर योगेश गंभीर ने कहा कि दिल में छेद वाले किसी भी बच्चे के अभिभावक अपने बच्चे को लेकर राज हॉस्पिटल रांची में प्रत्येक मंगलवार या शनिवार को सुबह 10 बजे से 12 बारह बजे तक विजिट कर प्रसिद्द चिकित्सक डॉक्टर राजेश झा से निःशुल्क परामर्श ले सकते है। रोटरी डिस्टिक 3250 के गवर्नर शिवप्रकाश बागड़िया ने कहा कि जब किसी अभिभावक को पता चलता है कि उनके बच्चे के दिल में छेद है। अब तक ऐसे सैकड़ों केस का सफलता पूर्वक निःशुल्क ऑपरेशन कराया जा चुका है। रोटरी रांची के अध्यक्ष डॉ विनय ढानढनिया ने कहा कि हम पूरे झारखण्ड एवं बिहार के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों से दिल की बीमारी से ग्रस्त बच्चों की इलाज की व्यवस्था करा रहे हैं। गिफ्ट ऑफ लाइफ के माध्यम से हम अपने बच्चों के जीवन को बचा रहे हैं।

**दिल में छेद वाले बच्चे का रंग पड़ जाता है नीला**

डॉ. विनय ढानढनिया ने बताया कि दिल में छेद रहने पर समान्यता बच्चे का रंग नीला पड़ जाता है। शरीर और चेहरे के अलावा जीभ, नाखून और होंठ भी नीले हो पड़ जाते हैं। इस बीमारी में बच्चे कई बार बेहोश भी होते हैं। नवजात शिशु को दिल में छेद होने पर उसे दूध पीने में परेशानी, दूध पीते हुए पसीना आना, वजन कम होना, जल्दी थक जाना, बार-बार निमोनिया होना आदि प्रमुख लक्षण है।

**स्क्रीनिंग के लिए रजिस्ट्रेशन कराने के लिए संपर्क नंबर जारी**

9204055678,
7209380342,
7004714905,
9431115384

### राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 01 का सात दिवसीय विशेष शिविर संपन्न



**रामगढ़।** राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 01 रामगढ़ महाविद्यालय के द्वारा पतरातू प्रखंड के सिउर कंडेर गांव में सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ कामना राय के द्वारा किया गया। जिसके बतौर मुख्य अतिथि कार्यक्रम समन्वयक विभावि डॉ जॉनी रूफिना तिर्की उपस्थित हुई। मौके पर स्वयंसेवको को सम्बोधित करते हुए डॉ तिर्की ने बताया कि राष्ट्रीय सेवा योजना राष्ट्र की युवाशक्ति के व्यक्तित्व विकास हेतु युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित एक सक्रिय कार्यक्रम है। इसके गतिविधियों में भाग लेने वाले विद्यार्थी, समाज के लोगों के साथ मिलकर समाज के हित के कार्य करते है। मौके पर रवि मुकेश, राजा, पम्मी, खुशी, श्रुति उपस्थित थे।

## लाचार विधवा महिला जीविका के लिए भटक रही है दर-दर



अपने बच्चों के साथ महिला

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**केरेडारी।** प्रखंड क्षेत्र के पेटो पंचायत अंतर्गत चट्टी पेटो गांव के स्व राजेश चौधरी की पत्नी नीलम देवी जीविका प्रजान के लिए दर-दर ठोकर खाने के बाद आत्महत्या करने की बात पत्रकारों के समक्ष कह कर फूट-फूट कर रोने लगी। दरसाल नीलम देवी का पति राजेश चौधरी एक साल पहले मनरेगा जॉब कार्ड धारक रहते हुए भी काम नहीं मिलने की वजह से नयी दिल्ली काम के तलाश में गए थें। 10 दिनों तक काम की तलाश करता रहा लेकिन काम नहीं मिला वापस अपने पत्नी नीलम देवी से बात किया बोला काम नहीं मिल रहा है जेब में जो पैसे थे वह खत्म हो गया है। चार दिन बाद प्रशासन का फोन आया और बताया गया कि राजेश चौधरी की मौत हो गई है। राजेश चौधरी अपने पीछे तीन बच्चे छोड़ गए हैं इसके घर के सिवा कुछ भी नहीं है। राजेश चौधरी के मृत्यु होने के बाद स्थानीय मुखिया पंचायत समिति प्रखंड विकास पदाधिकारी समेत बड़कागाव विधायक अंबा प्रसाद मिलने पहुंचे थे। दिलासा भी दिया गया था कि काम क्रिया होने के बाद रोजगार दिलाया जाएगा। लेकिन अब तक उसको रोजगार नहीं मिल पाया है।

### डांटो पैक्स में सुंदर मुंडा अध्यक्ष एंव नागेश्वर मंडल सचिव निर्विरोध चुने गए



नवनिर्वाचित अध्यक्ष व सचिव

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**कटकमसांडी।** प्रखण्ड के डांटो पंचायत के पैक्स चुनाव आज विधायक प्रतिनिधि किशोरी राणा और प्रखण्ड सहकारिता प्रसार पदाधिकारी शौकत शरवर के अध्यक्षता में चुनाव किया गया। जिसमे डांटो निवासी सुंदर मुंडा अध्यक्ष एंव नागेश्वर मंडल सचिव पद के लिए निर्विरोध चुने गए है। जानकारी देते हुए सुंदर मुंडा ने बताया कि जनता की सेवा सच्चे मन और लगन से करता आया हूं और आगे भी करूँगा। साथ ही कहा कि पैक्स का अधिकार और अधिक से अधिक किसानों को पैक्स से जोड़ना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। स्थानीय लोगों ने कहा कि पूर्व मुखिया सुंदर मुंडा के सामाजिक कार्यों में रुचि और पंचायत के लोगों के प्रति समर्पित भाव से सेवा का प्रतिफल है कि उन्हें पंचायत के लोगों ने निर्विरोध चुना है। उन्होंने कहा कि मेरी पहली प्राथमिकता होगा गरीब किसानों के कृषि कार्य के लिए साधन-संसाधन उपलब्ध कराना और उनके फसलों का उचित मूल्य दिलाना। मौके पर विधायक प्रतिनिधि किशोरी, बाखला, मनोज, बिनोद, आशीष, नागेश्वर, राजू, किशोर, उपेन्द्र, भुनेश्वर, दशरथ, एंव दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### स्वयंसेवकों का कार्य ही जागरूकता फैलाना है : शीला



**भुरकुंडा (रामगढ़)।** पटेलनगर भुरकुंडा स्थित जेएम कॉलेज में सोमवार को राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस मनाया गया। इसकी शुरूआत कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ शीला सिंह, प्रो. सुब्रतो घोष, रामजीवन सहित स्वयंसेवको ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस दौरान सामुहिक रूप से एनएसएस गीत भी गाया गया। मौके पर कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ शीला सिंह ने राष्ट्रीय सेवा योजना दिवस पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योजना हमें पढ़ाई के साथ-साथ हमारी व्यक्तित्व का विकास करती है। स्वयंसेवकों का कार्य ही जागरूकता फैलाना है। कार्यक्रम के दौरान एनएसएस इकाई एक के नयी टीम लीडर की भी घोषणा की गई। इसके तहत बालिका में अंजली सिंह टीम लीडर एवं सानिया फिरदौस को उप टीम लीडर चुना गया। मौके पर अर्पणा, कोमल, आस्था, अर्जुन, शुभम, प्रियांशु, धनंजय, जिया, आरती, रानी सहित दर्जनों स्वयंसेवक मौजूद थें।

### झकाझोर झूमर प्रतियोगिता का आयोजन

चरही। सोमवार को कर्मा पूजा के सुअवसर पर चनारो के भेलवाटांड मे रिझरंग झकाझोर झूमर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस झकाझोर झूमर प्रतियोगिता में एक से बढ़कर एक झारखंडी नृत्य को प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि झारखंड मुक्ति मोर्चा के पंचायत अध्यक्ष भीखन महतो,युवा नेता आनंद मरांडी के द्वारा किया। झूमर प्रतियोगिता में शामिल सभी प्रतिभागियों के द्वारा 1932 खतियान आधारित गीतों को प्रस्तुत किया गया।इसे लागू करने पर बल दिया गया। साथ ही दहेज-प्रथा, शिक्षा, नशाखोरी, परिवार नियोजन, भ्रूण हत्या तथा कृषि से संबंधित पर एक से बढ़कर एक झूमर को प्रस्तुत कर मौजूद लोगों का मन मोह लिया। इस प्रतियोगिता में मुख्य रूप से जिला संयोजक मंडली नीलकंठ, दीपनारायण, भीखन, आनंद, गणेश, लालजी, बाकू, टूकन, पेमा, बालेश्वर व अन्य शामिल थें।

### खेल में टीम भावना के साथ खेलना चाहिए : मनोज



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरही।** प्रखंड अंतर्गत केदारुत पंचायत के ग्राम देवचंदा में नॉक आउट फुटबॉल टूनामेंट का उद्घाटन पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने फीता काटकर शुभारम्भ किया। मैच छोटकी केवाल व पंचमाधव के बीच खेला गया। पूर्व विधायक श्री यादव ने कहा कि खेल से भी जीवन स्तर को संवारा जा सकता है। उन्होंने कहा कि प्रखंड के ऐसे सुदूरवर्ती क्षेत्र में इस तरह का आयोजन निश्चित ही खेल को बढ़ावा देने वाला है। उन्होंने कहा कि खेल से हमेशा सीखने का अवसर प्राप्त होता है जो खिलाड़ियों को अनुशासन और टीम भावना के साथ खेलना व रहना सिखाता है। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश, मुखिया सरिता, गुरुदेव, भाजपा नेता विशेश्वर, ओबीसी मोर्चा मंडल अध्यक्ष मनोज, प्रदुमन, इन्दरदेव ठाकुर, उमेश सिंह, विवेक राणा, रमेश सिंह, संतोष सिंह, किशोर सिंह, मुस्तकीम मियां, विवेक कर्णदेव, सहदेव कर्णदेव सहित सैकड़ो खेल प्रेमी उपस्थित थे।

## परिवर्तन से ही क्षेत्र का विकास संभव : रोशनलाल चौधरी

आजसू पार्टी भुरकुंडा शाखा के कार्यकताओं की हुई बैठक, पार्टी का महाधिवेशन 29-30 को



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भुरकुंडा पंचायत सचिवालय में सोमवार को आजसू पार्टी भुरकुंडा शाखा की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता प्रदीप मांझी व संचालन पार्टी के प्रखंड सचिव विश्वरंजन सिन्हा ने किया। बैठक में बुधबाजार, इमलीगाछ, दोतल्ला, भुरकुंडा, पटेलनगर, जवाहर नगर, सुंदरनगर, सौंदा डी, सौंदा बगीचा, चिप हाउस पंचायत के कार्यकर्ता व मोहल्ला प्रभारी उपस्थित हुए। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी व विशिष्ट अतिथि आजसू जिलाध्यक्ष दिलीप दांगी उपस्थित थे। मौके पर रोशन लाल चौधरी ने कहा कि कर्मा पर्व के माहौल में भी बैठक की उपस्तिथि ये दशार्ता है की यहां की जनता और कार्यकर्ता बदलाव के मूड में है। चौधरी ने बताया की आगामी 29-30 सितंबर को आहुत पार्टी के महा अधिवेशन में पार्टी के वरीय कार्यकर्ता भाग लेगे। साथ ही 1 अक्टूबर को खुला अधिवेशन चलेगा। बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड कोषाध्यक्ष सह मुखिया ब्यास पांडेय, संजय मिश्रा, भुन्नु सिंह, विक्रांत साहु, अनुसूचित जाति के जिला उपाध्यक्ष मनोज करमाली, कामेश्वर मेहता सहित आजाद भुइयां, प्रभास दास, संतोष, इमरोज, रोहित सोनी, नंद किशोर ठाकुर, जितेंद्र वर्मा, राज विश्वकर्मा, सोनू साव, पंकज कुमार, राज नायक, रेणुका देवी, रामश्रिष्ठ, सुनील, छोटू, दिलीप, अजय व अन्य मौजूद थें।

## एक नजर में

### बरही हाउस में टीएसएस सुप्रीमो अरुण साहू ने अयोध्या से लौट रहे सुरेश साव का किया स्वागत



**बरही।** राजधानी रांची के चुटिया निवासी सुरेश साव के नेतृत्व में अयोध्या और बनारस से तीर्थयात्रा से वापस लौट रहे सुरेश्वर धाम के सदस्यों का बरही हाउस में तिलेश्वर साहू सेना अध्यक्ष अरूण साहू ने भव्य स्वागत किया। इस उपलक्ष्य में सुरेश्वर धाम के सदस्यों ने अपने धार्मिक और आध्यात्मिक अनुभव को विस्तार पूर्वक साझा किया। तीर्थ यात्रियों के पहुंचने पर टीएसएस सुप्रीमो अरूण साहू ने सुरेश्वर धाम के सदस्यों का आतिथ्य किया और उनका स्वागत किया। उन्होंने धर्मिक मान्यताओं और संस्कृति के महत्व को बढ़ावा देने के लिए सुरेशवर धाम के सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की। यह कार्यक्रम धार्मिक एकता और आध्यात्मिक संवाद को बढ़ावा देने का एक अद्वितीय मौका था और सुरेश साव के नेतृत्व में सुरेशवर धाम के सदस्य इसे अपने जीवन के सबसे महत्वपूर्ण व सुखद यात्रा के रूप में देख रहे थे।

### शारदीय दुर्गा पूजा को लेकर मंगुरा में हुई बैठक

**इचाक।** शारदीय दुर्गा पूजा को लेकर सोमवार को सार्वजनिक दुर्गा मण्डा महावीर स्थान मंगुरा के प्रांगण में बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता कमिटी के अध्यक्ष रामलखन मेहता जबकि संचालन सचिव महेश कुमार मेहता ने किया। बैठक की शुरूवात ऊँ उच्चारण एवं गुरु वंदना तथा सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे संतु निरामया के साथ कि गयी। सर्व सम्मति से दुर्गा पूजा कमिटी को यथावत रखा गया। जिसमे रामलखन मेहता अध्यक्ष, महेश मेहता सचिव और जितेश्वर प्रसाद कोषाध्यक्ष बने रहे। कार्यकारिणी भी यथावत रही। शारदीय दुर्गा पूजा को शांति व सौहार्द वातावरण में मनाने पर विशेष बल दिया गया। कमिटी के सदस्यों और मार्गदर्शकों के अलावा नवरात्र में सक्रिय रूप से सेवा देने और सुरक्षा व्यवस्था वनाये रखने के लिए 15 लोगो ने जिम्मेआरी ली है। जिसमे सूरज प्रसाद, रामावतार स्वर्णकार, उपेंद्र मेहता, प्रदीप पांडेय, मोहन कुशवाहा, सोहनलाल मेहता, केदार मेहता, डेगलाल मेहता, महेंद्र मेहता, अंकित कुमार, मुन्ना कुमार, उदय राणा, बलराम मेहता, चतुर्गुण मेहता और वासुदेव राम शामिल हैं। वहीं बैठक में विशिष्ट अतिथि के रूप गुरुकुल हजारीबाग से आये आचार्य जगदीश दास एवं शिवम त्रिपाठी ने नव निर्मित सार्वजनिक दुर्गा मण्डा में गुरुकुल चलाने की बात रखी। जिसे उपस्थित लोगों ने भी सहमति बनाई।

### महान शिक्षाविद व जनसंघ के संस्थापक पंडित दीनदयाल की जयतीं मनी



**चरही।** सोमवार को भाजपा के प्रखंड मुख्यालय जगदंबा कॉम्प्लेक्स चरही में अंतोदय एवं एकांत मानववाद के प्रेरणा स्त्रोत महान शिक्षाविद वा जनसंघ के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी का जयंती चुरचू मंडल अध्यक्ष मुरारी सिंह के नेतृत्व मनाया गया। इस अवसर पर कार्यकताओं ने पंडित दीनदयाल के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। मंडलाधक्ष श्री सिंह ने कहा उपाध्याय जी महान पुरुष थे।ये अपने जीवनकाल में काफी संघर्षऔर धरजवान थे। जिस कारण उचाईयों के बुलंद को छूने सफलता प्राप्त करने में कामयाबी हासिल किये।आगे कहा कि इनके द्वारा दिखाए गए मार्ग को अपनाकर राष्ट्र हित मे कार्य किया जाय।ताकि पूरा भारत देश और भी विकसित होकर एक शक्तिशाली देश बन सके।अन्य वक्तायों ने इनकी जीवनी पर प्रकाश डाला। इस जयंती इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से सांसद प्रतिनिधि संजय साव,मीडिया प्रभारी दिनेश महतो,प्रदीप कुमार,राधे कुमार,रोहित महतो,भोला महतो,मेघनाथ महतो, संदीप यादव,श्याम भारती, बिहारी महतो,शशि साहू ,बहेरा मुखिया देवकी महतो,रोहित महतो,दिनेश महतो सहित चुरचू के सभी पंचायतों के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### करमा महोत्सव के उपलक्ष्य में झूमर प्रतियोगिता का आयोजन



**चरही।** चरही के उंटमरवा ( कस्तुरबा नगर ) में रविवार को कर्मा पूजा के अवसर पर एक दिवसीय झूमर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसका संचालन मुजफ्फर हुसैन ने किया ।जबकि बतौर मुख्यातिथि राज्य समन्वय समिति के सदस्य सह दर्जा प्राप्त मंत्री फागु बेसरा विशिष्ट अतिथि जिला संजोजक नीलकंठ महतो,केंद्रीय सदस्य रामकिशोर मुर्मू, बीस सूत्री अध्यक्ष बालकुमार महतो,रितलाल हंसदा थे।उपरोक्त सभी अतिथियों को बुके देकर भव्य स्वागत किया गया। कस्तुरबा विद्यालय के छात्राओं अतिथियों को नृत्य गान तथा माला पहनाकर स्वागत किया ।तथा झूमर प्रतियोगिता में शामिल चार टीमों पीपरा डीह, हेंदे गढ़ा, छोटका बासाडीह और कस्तुरबा नगर के प्रतिभागियों को भी माला पहनाकर स्वागत किया गया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रति भागियों और झारखंड आंदोलन कारियों को मुख्य अतिथि द्वारा सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि फागु बेसरा ने कहा कि कर्मा पूजा भाई-बहन के प्रतीक का पर्व है। इस पर्व में बहन अपने भाइयों के कलाइयों खजूर के पतों से बने राखी रक्षा सूत्र के रूप में बांधती है।और रक्षा की कामना करती है। इन्होंने कहा कि झूमर प्रतियोगिता प्राचीन काल से चलते आ रहा है। मौके पर नीलकंठ महतो,रामकिशोर मुर्मू,रामचरण करमाली,वीरेंद्र पासवान,आंनद मरांडी,गुड्डू महतो,राजू ठाकु,रोहन ठाकुर,नरेश ठाकुर,मोहन ठाकुर,शिवा,रीतलाल हंसदा यादव,छोटन सिंह,दिलीप सिंह,राजु करमाली,महेश ठाकुर सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे।

### चरही और कोयलांचल क्षेत्र में करमा पर्व हर्सोल्लास के साथ मनाया गया

**चरही।** झारखंड प्रदेश की संस्कृति और प्रकृति के महापर्व कर्मा पूजा सोमवार को विभिन्न क्षेत्रों चरही, चनारो,सडवाहा,बहेरा,कजरी,तापीन,प्रेमनगर,इंद्रा,जरबा,बासाडीह,हेंदेगढ़, नीमडीह,मुकरु सहित कई क्षेत्रों में धुमधाम के साथ मनाया गया। इसअवसर पर अवसर पर क्षेत्र के विभिन्न अखाड़ों को बिजली साज से सजाया गया था।संध्या बेला में सभी अखाड़ों पर कर्मा डाली और फल से सुसजित अंकुरित जौ डलिया तथा पुए-पकवान को स्थापित कर्मा डाली के समीप नए वस्त्र से सुसज्जित महिलाओं और युवतियों ने कर्मा डाली को विधिवत पूजा-अर्चना किया। भादो माह के एकादशी शुक्ल पक्ष में प्रकृति प्रदत्त पेड़-पौधों की रक्षा के अलावे बहनें-भाइयों के कलाइयों में खजूर पते से बने रक्षा सूत्र बंधन कर लंबी उम्र के लिए भगवान से कामना की। भाई उपवास कर बहन के पूजा के लिए जंगल से कर्मा पेड़ की दो डाली को काटकर अखाड़े में ले दोनों डालियों को स्थापित किया था। पूजनोपरांत बहनों के नृत्य संगीत में भाई ढोल-नगाड़े और मांदर थाप रात कर्मा गीत के साथ थिरकती रही। दूसरे दिन सुबह अखाड़ों में सथापित कर्मा डाली और अंकुरित डलिया को कर्मा गीत गाते हुए विभिन्न जलाशय पहुंचकर पूजा-अर्चना करने के उपरांत जल में प्रवाहित करते हुए विसर्जन करते हुए पारण किया गया। इस तरह से कर्मा पूजा संपन्न किया गया।

### भाजपा कार्यकताओं ने पं. दीन दयाल उपाध्याय की जयंती मनाई

**बरही।** बरही स्थित भाजपा कार्यालय में पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव के नेतृत्व में एकात्म मानववाद के प्रणेता पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई गई। कार्यकताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया। मौके पर पूर्व विधायक श्री यादव ने कहा कि जनसंघ के संस्थापक पं. दीनदयाल उपाध्याय ने कहा था कि राष्ट्रवाद हमारी प्रेरणा है,सुशासन और विकास से अंत्योदय हमारा लक्ष्य है। यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सबका साथ सबका विकास की अवधारणा के साथ पंडित दीनदयाल उपाध्याय की विचारधारा को आगे बढ़ाते हुए गरीब व असहाय लोगों के लिए कई योजनाएं लागू कर रहे हैं। वहीं भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय मानव जाति को सर्वश्रेष्ठ माना।

## स्पीड न्यूज

### एटीएम कार्ड बदल उड़ा लिये 1.13 लाख रुपये

**झुमरीतिलैया (कोडरमा)।** तिलैया थाना क्षेत्र के स्मार्ट बाजार के समाने स्थित एक एटीएम में पैसा निकालने गए एक व्यक्ति के साथ ठगी का मामला सामने आया है। घटना को लेकर चंदवारा के जोंगी निवासी राजेंद्र यादव ने तिलैया थाना में आवेदन देकर केस दर्ज कराया है। इसमें उन्होंने बताया है कि बैंक ऑफ इंडिया चंदवारा शाखा में पत्नी के साथ उनका ज्वाइंट अकाउंट है। शनिवार को उनका बेटा चंदन कुमार एटीएम से रुपये निकालने गया था, इस दौरान रुपया नहीं निकलने पर बगल में खड़े एक अज्ञात व्यक्ति ने सहायता करने के बहाने झांसे में लेकर एटीएम कार्ड को बदल दिया। इसके बाद अकाउंट से एक लाख 13 हजार 600 रुपये की अवैध निकासी कर ली। पैसा निकासी होने के बाद उन्हें इस ठगी की जानकारी मिली। इसके बाद उन्होंने तिलैया थाना में ठगी को लेकर शिकायत दर्ज करायी है।

### दो मोटरसाइकिल की टक्कर में एक की मौत, तीन घायल

**चतरा।** जिले के लावालौंग थाना क्षेत्र के अनुसूचित जाति आवासीय विद्यालय के समीप दो मोटरसाइकिल के बीच हुए सीधी टक्कर में एक युवक की मौत हो गई। जबकि 3 युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को सदर अस्पताल चतरा में प्राथमिक उपचार के बाद 2 लोगों को बेहतर उपचार के लिए हजारीबाग मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। जबकि एक का इलाज सदर अस्पताल में ही किया जा रहा है। बताया जाता है कि लावालौंग के मड़वा गांव निवासी धूमा गांझ और जीतन गांझू एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर बगरा से लावालौंग वापस जा रहे थे। वहीं चतरा से लावालौंग गए पुष्णदेव साव और करण राणा मोटरसाइकिल से चतरा लौट रहे थे। इसी दौरान स्कूल के समीप दोनों मोटरसाइकिल के बीच भीषण टक्कर हो गई। सभी घायलों को लावालौंग थाना पुलिस ने उपचार के लिए सदर अस्पताल चतरा भेजवाया।

### फरार आरोपी के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

**कान्हाचट्टी।** राजपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत जमरी गांव से फरार चल रहे मुस्ताक अंसारी के घर पर थाना प्रभारी भोलानाथ दास न्यायालय द्वारा निर्गत आदेश पर इश्तेहार को आरोपी के घर पर सोमवार को पहुंच कर दरवाजे पर चिपकाया। यह जानकारी देते हुए थाना प्रभारी भोलानाथ दास ने बताया कि न्यायालय द्वारा निर्गत इश्तेहार को आरोपी के घर पर चिपकाया गया। यदि कुछ दिनों में थाना या न्यायालय में आत्मसमर्पण नहीं करता है तो कोर्ट के आदेश पर कुर्की जब्ती की कार्रवाई की जाएगी।

### सड़क दुर्घटना में महिला गंभीर रूप से घायल, रेफर

**कुंदा (चतरा)।** थाना क्षेत्र के पचरुखिया गांव के समीप सोमवार को सड़क दुर्घटना में एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। जनाकरी के अनुसार महिला टिकैतबांध गांव के रेखा देवी है। ग्रामीणों के सहयोग घायल महिला को 108 एम्बुलेंस से स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहाँ प्राथमिकी उपचार के बाद चतरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। बताया जाता है कि सुरेश अपनी मोटरसाइकिल से कुंदा साप्ताहिक बाजार से टिकैतबांध घर जा रहा था। वही विपरीत दिशा से पैदल चलकर साप्ताहिक बाजार जा रही रेखा देवी को जोरदार टक्कर मारते हुए सड़क पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

### अलग-अलग सड़क हादसों में दो हुए घायल

**टंडवा(चतरा)।** सोमवार को टंडवा-सिमरिया मुख्य सड़क में हुवे दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो घायल हो गये। पहली घटना सियानी उर्फ मधवापुर के समीप पल्सर व बोलेरो में टक्कर होने से घायल सिमरिया थाना क्षेत्र के खपिया निवासी दो पहिया चालक 38 वर्षीय मो. रज्जाक पिता अजीज अंसारी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। पूछे जाने पर डॉ जयनारायण ने जानकारी देते हुवे कहा कि प्राथमिक उपचार के बाद घायल की हालात फिलवक्त सामान्य है । वहीं दूसरी घटना उडसु मोड़ में तब हुई जब दोपहिया वाहन चालक केरेडारी थाना क्षेत्र के पुरनी पेटो निवासी जलेश्वर यादव अनियंत्रित होकर खेत में गिर गया। इस दौरान माथा में गंभीर चोट लगे होने के कारण सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद घायल को मेडिकल कॉलेज हजारीबाग रेफर दिया।

### पानी टंकी में सोलर प्लेट चोरी



**कुंदा।** थाना क्षेत्र के उत्क्रमित मध्य विद्यालय बानासाम परिसर में विद्यार्थियों को पेयजल उपलब्ध कराने के लिए लगाई गई पानी टंकी का सोलर प्लेट की चोरी अज्ञात चोरों ने बीती रात्रि चोरी कर ली। इस संबंध में थाने को लिखित सूचना दे दी गई है। पुलिस ने मामले की छानबीन कर रही है।

### भाजयुमो नेता पंकज राज ने एनटीपीसी के जीएम से की मुलाकात



**टंडवा(चतरा)।** भाजयुमो नेता सह समाजसेवी पंकज राज ने टंडवा में स्थापित एनटीपीसी पॉवर प्लांट के जीएम स्वापेन्दू पंडा से शिष्टाचार मुलाकात किया। इस दौरान क्षेत्र की विकास एवं रोजगार समेत अन्य मुद्दों पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया। ततपश्चात जीएम ने क्षेत्र की विकास एवं तमाम समस्याओं को समाधान करने की आश्वाशन दी। मौके पर विधायक प्रतिनिधि शशि चौरसिया भाजयुमो जिला महामंत्री विकास मालाकार मौजूद थें।

### जायन्ट्स परिवार ने किया संयुक्त समापन समारोह का आयोजन



**गढ़वा।** जायन्ट्स वेलफेयर फाउंडेशन के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित सेवा सप्ताह के पश्चात जायन्ट्स परिवार का संयुक्त समापन समारोह शहर के ज्ञान निकेतन कॉन्वेंट स्कूल में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि जायन्ट्स वेलफेयर फाउंडेशन के केंद्रीय कमेटी सदस्य अजय कांत पाठक, स्पेशल कमेटी के पूर्व सदस्य विजय केषरी, फेडरेशन आठ के पूर्व अध्यक्ष विनोद कमलापुरी, मदन प्रसाद केषरी, फेडरेशन उपाध्यक्ष नंद कुमार गुप्ता एवं फेडरेशन पदाधिकारी सीमा केषरी ने दीप प्रज्जवलित कर किया। इस दौरान सभी ग्रुप के प्रशासनिक निदेशक ने ग्रुप के द्वारा किये गए सेवा कार्यो का विवरण प्रस्तुत किया।

# झोलाछाप डॉक्टर ने ली मासूम की जान

## नर्सिंग होम का संचालक ताला लगाकर हुआ फरार

**खबर मन्त्र संवाददाता**



सिमरिया नर्सिंग होम के सामने बैठे मृत बालक के परिजन।

**सिमरिया।** सिमरिया नर्सिंग होम और सना मेडिकल हॉल के संचालक मो. हकीम ने सोमवार को एक गलत इंजेक्शन लगाकर एक मासूम की जान ले ली। दस वर्षीय बालक शाहनवाज का इलाज मो. हकीम ही कर रहा था।सोमवार को हकीम ने जैसे ही बालक को इंजेक्शन लगाया, वह अचेत होकर गिर पड़ा।फिर तुरंत उसे रेफरल अस्पताल लाया गया।जहां से डॉक्टरों ने उसे तुरंत हजारीबाग रेफर कर दिया।पीरी जाते जाते बालक ने दम तोड़ दिया।शाहनवाज के पिता मो. जुकरान ने कहा कि उसे बेटे की मौत के पीछे मो. हकीम और मो तस्लीम का हाथ है।दोनों की देखरेख में ही उसके बेटे का इलाज चल रहा था।दोनों ने गारंटी ली थी कि शाहनवाज की तबीयत ठीक कर देंगे।मो. तस्लीम स्वास्थ्य विभाग में अनुबंध पर कार्यरत है।इस घटना से गुस्साए डाडी के बकचोमा के ग्रामीणों ने सिमरिया नर्सिंग होम के सामने बालक का शव रख कर धरने पर बैठ गए।वैसे बालक की मौत की सूचना मिलते ही मो. हकीम और मो. तस्लीम फरार हो गया।मृतक के परिजन सिमरिया नर्सिंग होम के सामने धरने पर बैठ गए।परिजन दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और उचित मुआवजा देने की मांग करने लगे। सिमरिया में इन दिनों कई अवैध नर्सिंग होम खुले हुए हैं। सिमरिया बगरा मुख्य पथ पर सिमरिया मदरसा के पास स्थित नर्सिंग होम तो बिना किसी चिकित्सक के संचालित है। और फैमिली प्लानिंग का एक आपरेशन में 30 हजार रुपए वसूलता है।

### कुकुरमुत्ते की तरह संचालित हो रहा अवैध नर्सिंग होम और क्लिनिक

सिमरिया में अवैध नर्सिंग होम और क्लिनिक कुकुरमुत्ते की तरह संचालित है। झोलाछाप चिकित्सकों ने प्रखंड मुख्यालय के विभिन्न जगहों पर कुकुरमुत्ते की तरह अवैध क्लिनिक और नर्सिंग होम खोल रखा है। झोला छाप चिकित्सकों पर नकेल कसने के लिए गठित टास्क फोर्स की टीम पूरी तरह से निष्क्रिय है। चतरा उपायुक्त द्वारा अवैध नर्सिंग होम, क्लिनिक और झोला छाप चिकित्सकों पर लगाम लगाने के लिए टास्क फोर्स का गठन 2 दिसंबर 2017 को किया था। आलम यह है कि सिमरिया में अवैध क्लिनिक और नर्सिंग होम बड़ी तेजी से फल फूल रहे हैं। जिनके पास कोई डिग्री नहीं है। वे डॉक्टर साहब के नाम से अपना अवैध धंधा चला रहे हैं।

## जाम की समस्या से निदान दिलाने को लेकर एसपी ने किया शहर का निरीक्षण

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**झुमरीतिलैया।** आए दिन जाम की समस्या से जूझ रहे लोगों की समस्याओं के निदान को लेकर एसपी अनुदीप सिंह सोमवार को खुद सड़क पर उतर आए। उनके सड़क पर उतरते ही बेतरतीब ढंग से सड़कों के किनारे लगने वाले ठेले खोमचे व ऑटो चालकों में हड़कंप मच गया। एसपी श्री सिंह ने सड़कों पर बेतरतीब ढंग से लगने वाले ठेले, खोमचे व टोटो वालों के लिए नियमों का अनदेखी करने को लेकर ट्रैफिक इंस्पेक्टर को कई निर्देश दिए और साथ ही आगे बड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी। एसपी सिंह ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि शहर को सुव्यवस्थित व जाम से निजात दिलाने को लेकर जिला प्रशासन का भी सहयोग लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि शहर में जाम की स्थिति पैदा ना हो इसके लिए स्टेशन रोड झंडा चैक से पूर्णिमा टॉकीज व रांची पटना रोड स्थित अस्थाई बस पड़ाव से खुलने वाली बसों से जाम ना लगे इसको लेकर ट्रैफिक इंस्पेक्टर को निर्धारित समय के साथ-साथ कई निर्देश दिए गए। इस दौरान एसपी अनुदीप सिंह के अलावा रामनारायण, सोनी, शांति, प्रमोद, सावन खड़िया सहित काफी संख्या में पुलिस बल व नगर परिषद कर्मी मौजूद थे।

## चचेरे भाई की चाकू से गोद कर हत्या



**चतरा।** जिले के टंडवा थाना क्षेत्र में युवक ने अपने चचेरे भाई की चाकू मारकर हत्या कर दिए जाने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। हत्या की मुख्य वजह हत्यारे भाई को मृतक के छोटे भाई के द्वारा उसे चलाने के लिए बाइक नहीं देना बताया जा रहा है। यह घटना टंडवा थाना क्षेत्र के कोयद बिरहोर टोला में घटी है। घटना के बाबत मिली जानकारी के अनुसार दीपक बिरहोर घर में खाना खाने के लिए बैठा हुआ था। इसी दौरान नशे में धुत्त उसका चचेरा भाई विजय बिरहोर वहां आ पहुंचा और दीपक से महज इस बात के लिए लड़ बैठा कि उसके छोटे भाई मुकेश ने उसे चलाने के अपना बाइक नहीं दिया। दीपक ने उसे समझाने का बहुत प्रयास किया परंतु वह नशे में इस कदर धुत्त था कि उसे कुछ दिखाई ही नहीं दे रहा था। इसी दौरान दोनों में लड़ाई इतना बढ़ गयी की गुस्से में विजय वहां से भागकर अपने घर गया और चाकू लेकर दीपक पर हमला कर दिया और एक के बाद एक तीन वार उसके छाती पर कर दिया। जिससे मौके पर ही दीपक की मौत हो गई। इधर घटना को अंजाम देने के बाद विजय मौके पर से फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही टंडवा पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल चतरा भेज दिया और आरोपी युवक को पकड़ने के लिए छापेमारी अभियान चला रही है।

## 70 वर्षों में जो विकास कार्य नहीं हो पाया, उससे अधिक चार वर्षों में हुआ : मिथिलेश ठाकुर

**खबर मन्त्र संवाददाता**



संबोधित करते मंत्री।

**मेराल।** प्रखंड के हासनदाग गांव में स्टूडेंट फ्रेंड्स क्लब के तत्वावधान में आयोजित गणेश पूजा विसर्जन के मौके पर गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर शामिल हुए। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित मंत्री श्री ठाकुर ने भगवान गणेष की पूजा अर्चना कर क्षेत्र की सुख, समृद्धि, खुषहाली, ऋद्धि सिद्धि की कामना की। इस दौरान मंत्री का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर आयोजन समिति के अनिल चैधरी, संजय विश्वकर्मा, अविनाश चैबे, हरेंद्र चैधरी, मानदेव बैठा, गुपु चैधरी, गुलबास अंसारी, देवदत चैधरी, आशुतोष चैबे आदि ने संयुक्त रूप से मंत्री को माला पहनाकर तथा विधायक प्रतिनिधि हेमंत सिंह, नवीन जायसवाल, अजय प्रसाद गुप्ता, अनुज प्रसाद, जगजीवन राम, अनिल चैधरी आदि ने बुके देकर मंत्री का स्वागत किया।

मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि भगवान गणेश जी की पुजन से लोगों में खुशहाली, सम्पन्नता, ऋद्धि सिद्धि की प्राप्ति के साथ विघ्न एवं बाधा का हरण होता है। मंत्री ने पूर्व विधायक पर कटाक्ष करते हुए कहा कि विगत दस साल विधायक रहने वाले लोग नारी शक्ति को अपमानित कर रहे हैं। एक ओर भाजपा बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ की नारा देती है। तो दूसरी ओर उसे पार्टी के पूर्व विधायक शक्ति स्वरूपा नारी शक्ति को ही अपमानित कर रहे हैं। मंत्री ने डीलरों को हिदायत देते हुए कहा कि सरकार की ओर से जन वितरण प्रणाली दुकान में डीलर को लगातार राशन मिल रहा है। उन्होंने सभी डीलरों को अगस्त एवं सितंबर माह का पूरा राशन जनता के बीच वितरण करने की बात कही। मंत्री ने कहा कि विगत 70 वर्षों में जो भी विकास कार्य नहीं हो पाया था, आज चार साल की अवधि में उससे अधिक हो गया है। उन्होंने कहा कि गढ़वा विधानसभा एवं गढ़वा जिला में चारों तरफ सड़क का निर्माण तेजी से हो रहा है। इसी तरह सरकार द्वारा अनेक प्रकार की जनोपयोगी योजनाएं गरीबों के बीच चलाई जा रहे हैं। मौके पर झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, ताहिर अंसारी, मनोज झा, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रेखा चैबे, दीपमाला, अराधना सिंह, लालमणि साव, सुनील बैठा, राजु, विनोद चैधरी, शिवनारायण, दिलीप, निलेष, लाला प्रसाद, ओमप्रकाष गुप्ता सहित काफी संख्या में महिला एवं पुरुष उपस्थित थे।

### कांडी अस्पताल में चिकित्सक एवं स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने की मांग



**कांडी।** प्रखंड मुख्यालय स्थित अस्पताल में दृष्टि यूथ ऑर्गेनाइजेशन के प्रधान सचिव युवा समाजसेवी शशांक शेखर के नेतृत्व में एक सामाजिक रूप से कांडी अस्पताल में डॉक्टर एवं स्वास्थ्य सुविधाओं की मांग की गई। जिसमें एक एम्बुलेंस और सातो दिन 24 घंटे लिए एक डॉक्टर की व्यवस्था करने के लिए सरकार व सरकार के अधिकारियों से टेलीफोनिक बातचीत की गई। शशांक ने अपनी टीम के सामने गढ़वा उपायुक्त से बातचीत किया। उपायुक्त ने आस्वस्थ किया कि आज ही एम्बुलेंस कांडी को मिलेगा, शशांक ने गढ़वा सिविल सर्जन अवधेश सिंह से जल्द एम्बुलेस व्यवस्था कराने की बात कही। मौके पर संस्था के सचिव साजिद सैम, सक्रिय सदस्य अनुज सिंह, सत्यकाम, मणिकांत, शिवपुजन विश्वकर्मा, पूर्व कांडी मुखिया बिनोद प्रसाद, पतहरिया पंचायत के पूर्व मुखिया मनोज चंचल, विधायक प्रतिनिधि संतोष सिंह, बबन कुमार, कैलाश सिंह, चंदन सोनी आदि लोग उपस्थित थे।

## प्रखंड समेत कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में दिखी करमा की धूम

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**मरकच्चो (कोडरमा)।** प्रकृति का पर्व करमा पूजा मरकच्चो प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में हर्षोल्लास के साथ सोमवार को मनाया गया। प्रखंड के मरकच्चो दसारो, सिमरिया, चोपनाडीह, बरियारडीह, खेशमी, नावाडीह, दरदाही, बिचारिया नईटांड, पपलो, जामु समेत कई ग्रामीण इलाकों में करमा पूजा की धूम रही। सोमवार को कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय मरकच्चो में करमा पूजा का आयोजन किया गया। वहीं विद्यालय की छात्रा नेहा कुमारी, प्रीति कुमारी, काजल कुमारी, राखी कुमारी, गायत्री कुमारी, कल्याणी कुमारी, ज्योति कुमारी, अनु कुमारी, फुल कुमारी, निशु कुमारी, संगीता कुमारी, भारती कुमारी, प्रियंका कुमारी, नेहा कुमारी, रानी कुमारी समेत सैकड़ों छात्राओं ने करमा पूजा के साथ-साथ कई कार्यक्रमों का आयोजन किया। कार्यक्रम के दौरान वार्डन उषा टोपनो ने कहा कि आज झारखंड ही नहीं देश के कई राज्यों में करमा पर्व धूमधाम से मनाया जा रहा है।

## वनरक्षियों पर हमला करने के मामले में पांच गिरफ्तार

# अपराधियों को छोड़ा नहीं जायेगा : एसपी

**खबर मन्त्र संवाददाता**



**कोडरमा।** डोमचांच थाना क्षेत्र अंतर्गत सिमरिया जंगल में छापामारी करने गये वन विभाग की टीम पर हमला कर वनरक्षियों के साथ मारपीट कर घायल करने के मामले में पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता पायी है। गिरफ्तार आरोपियों में सिमरिया निवासी रामदेव यादव पिता स्व. दीपचंद यादव, दिनेश यादव पिता दरबारी यादव, धीरू यादव पिता चमरू यादव, सूरज कुमार यादव पिता रामदेव यादव व पंकज कुमार पिता वासुदेव यादव शामिल है। उक्त जानकारी देते हुए रविवार को एसपी अनुदीप सिंह ने प्रेस वार्ता में बताया कि घटना को लेकर दर्ज प्राथमिकी में 10 लोगों को आरोपी बनाया था। शेष आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जायेगा। एसपी ने पूरे मामले की जानकारी देते हुए बताया कि गत 16 सितंबर की रात्रि को सिमरिया जंगल में अवैध रूप से लकड़ी की कटाई की सूचना पर वन विभाग की टीम उक्त स्थल पर छापामारी करने गयी थी, इसी दौरान वन माफियाओं ने गश्ती दल पर हमला कर मारपीट की घटना को अंजाम दिया था। जिसमें वनरक्षी राजेश शर्मा, अभिमन्यु कुमार और विभागीय चालक बंटी कुमार के साथ मारपीट की गयी थी, जिसमें दोनों वनरक्षी गंभीर रूप से घायल हो गये थे। पुलिस उपरोक्त पांच आरोपियों को थाना क्षेत्र के अलग-अलग जगहों से गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। मौके पर एसपी के अलावा डीएफओ सूरज कुमार सिंह, पुलिस निरीक्षक डोमचांच अंचल अवधेश सिंह, डोमचांच थाना प्रभारी अब्दुल्लाह खान, एसआई नीरज कुमार आदि मौजूद थे।

## एक नजर में

### सैनिक स्कूल तिलैया के छात्रों ने बनाये स्वच्छता के पोस्टर



**कोडरमा।** सैनिक स्कूल तिलैया सदा ही नव अभियानों के लिए अग्रणी संस्थान रहा है। इस क्रम में पुनः 2 अक्टूबर महात्मा गांधी जयंती के उपलक्ष्य में भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत सोमवार को सैनिक स्कूल के कलाकार सैन्य छात्रों ने स्वच्छता अभियान के लिए समर्पित पोस्टर-रचना कार्यक्रम में भाग लिया और पूरे मनोयोग से अपनी कला-क्षमता का प्रदर्शन किया। बताते चलें कि भारत सरकार के निर्देशन में 25 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। जिसे अंतर्गत प्रतिदिन अखिल भारत-भूमि की स्वच्छता के लिए विद्यालयी छात्र एवं अन्य संस्थानों के व्यक्ति नित नए कार्यक्रमों के साथ जन-जागरूकता व स्वच्छता में सम्मिलित होंगे। वहीं सैनिक स्कूल में सम्पन्न हुए इस अभियान में कक्षा सातवीं के कुल 25 सैन्य-कलाकारों ने भाग लेकर स्वच्छता का संकल्प लिया। इस दौरान उप-प्राचार्य लेफ्टिनेंट कर्नल लालनुन सियामा, प्रशासनिक अधिकारी स्क्वाइन लीडर अनंत कुमार श्रीवास्तव एवं कार्यकारी वरिष्ठ अध्यापक राजेश कुमार मौजूद थे।

### विश्व फार्मासिस्ट दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन



**मेराल।** विश्व फार्मासिस्ट दिवस पर सोमवार को प्रखंड मुख्यालय स्थित किस्मती कॉलेज ऑफ फामेर्सी में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। साथ ही जागरूकता रैली निकालकर लोगों को अंगदान तथा रक्तदान के लिए जागरूक किया गया। शिविर का उद्घाटन सीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ वीरेंद्र कुमार, संस्था प्रमुख डॉ अनिल साह, थाना प्रभारी नीतीश कुमार आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। शिविर में 15 यूनिट रक्तदान किया गया। साथ ही 25 लोगों ने नेत्रदान के लिए अपना सहमति दिया। मौके पर कॉलेज के संस्थापक सह निदेशक डॉ अनिल कुमार साह ने कहा कि अंग दान जीवित रहते हुए और मरने के बाद भी किया जाता है। उन्होंने कहा कि आज अंगदान नहीं करने के कारण बहुत से लोगो का जिंदगी बर्बाद हो जाता है। नेत्र सहायक सुशील कुमार ने लोगों को आगे आकर नेत्र दान करने का अपील किया गया। मौके पर कॉलेज के फैकल्टी मनीष कुमार तिवारी, विकास कुमार मिश्रा, किंजल राठौड़, अंजनी कुमारी, ममता कुमारी, ओम विश्वकर्मा, विद्या भारती, चित्रलेखा, इंद्रजीत आदि लोग उपस्थित थे।

### ग्रिजली विद्यालय के प्रिंस बने द-टेलीग्राफ ऑनलाइन एडुग्राफ स्किलफेस्ट के विजेता



**कोडरमा।** ग्रिजली विद्यालय के प्रिंस कुमार बर्णवाल ने प्रतिष्ठित द-टेलीग्राफ ऑनलाइन एडुग्राफ स्किलफेस्ट 2023 के विजेता बनकर अपने विद्यालय का नाम पुरे झारखण्ड प्रदेश में रौशन किया है। यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता युवा छात्रों में अद्वितीय प्रतिभा और बौद्धिक कौशल की महत्वपूर्ण योग्यताओं का समर्थन करती है। वहीं प्रिंस कुमार बर्णवाल साइंटिफिक थिंकिंग की श्रेणी में विजेता बने, जिसमें उन्होंने अपनी अद्वितीय बौद्धिकता का परिचय देते हुए अपने मेंटर कुणाल अम्बष्ठा के मार्ग दर्शन में अपने प्रोजेक्ट जिसका उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं को रोकना है। जिसमें ड्राइवर की थकावट के कारण होने वाली दुर्घटनाओं पर विशेष ध्यान दिया गया है। सड़क सुरक्षा के प्रति प्रिंस के अभूतपूर्व तथा नविनतन दृष्टिकोण के साथ की गयी प्रस्तुति एक अभूतपूर्व पहल है, जिससे इस क्षेत्र में जीवन बचाने और सार्वजनिक सुरक्षा को बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण कदम भी है। इस अवसर पर विद्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में प्रिंस कुमार बर्णवाल को सीईओ प्रकाश गुप्ता एवं प्राचार्य अपर्णा सिन्हा ने द-टेलीग्राफ के द्वारा दिए गए प्रमाण-पत्र और टैबलेट देकर सम्मानित किया गया। वहीं सीईओ प्रकाश गुप्ता ने कहा की प्रतिष्ठित द-टेलीग्राफ ऑनलाइन एडुग्राफ स्किलफेस्ट 2023 में प्रिंस कुमार का विजेता बनना हमारे विद्यालय के साथ साथ पुरे झारखण्ड प्रदेश के लिए गौरव की बात है और इस प्रकार के सम्मान से ऐसे युवाओं के प्रयासों को आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास साबित होगी। वहीं मनीष कपसिमे, अविनाश सेठ, तनिष्क सेठ, अशरफ खान, विजय कुमार सिंह, जितेंद्र चैधरी, बीडी नस्कर, अनुराग कुमार सिंह, तुषार राय चैधरी, प्रीति जगनानी, सुधांशु कुमार, अमित दास सहित पुरे विद्यालय परिवार ने प्रिंस तथा उनके मेंटर कुणाल अम्बष्ठा को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### मां शेरावाली भंडारा का पुनर्गठन, सुनील बने अध्यक्ष



**गढ़वा।** मां शेरावाली भंडारा के तत्वावधान में सोमवार को शहर के मां गढ़देवी मन्दिर के प्रांगण में एक बैठक आयोजित की गई। समिति के अध्यक्ष सुनील पासवान उर्फ नागर जी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य भंडारा करने का निर्णय लिया गया। बैठक में समिति के सदस्यों ने एकम से दशमी तक प्रसाद वितरण, सप्तमी से दशमी तक भव्य विशाल भंडारा का आयोजन तथा अष्टमी के दिन महाप्रसाद के रूप में खीर का वितरण करने का निर्णय लिया। बैठक के अंत में समिति का पुनर्गठन किया गया। जिसमें सुनील पासवान उर्फ नागर जी को अध्यक्ष, पिंटू उर्फ ओला, सन्नी चंद्रवंशी को कार्यकारी अध्यक्ष, अजित पासवान, पुनित जायसवाल, धनन्जय पासवान, रंथा नायक, सुशील चंद्रवंशी, करण कुमार, तुषार कुमार, रोहित बघेल व अन्य को व्यवस्थापक बनाया गया है।

### नये समिति के पुनर्गठन के लिए आमसभा का आयोजन, चुनाव प्रक्रिया नहीं हुई शुरू



**कांडी।** प्रखण्ड क्षेत्र अंतर्गत सुप्रसिद्ध सतबहिनी झरना तीर्थ स्थल स्थित बजरंगबली मन्दिर के प्रांगण में सोमवार को झारखण्ड राज्य हिन्दू धार्मिक न्यास बोर्ड के तत्वाधावन में उच्च न्यायालय के निर्देश के बाद नए समिति का पुनर्गठन के लिए आम सभा का आयोजन किया गया। झारखण्ड राज्य हिन्दू धार्मिक न्यास बोर्ड के सदस्य संजीव कुमार तिवारी ने चुनाव प्रक्रिया शुरू होने से पूर्व उपस्थित भीड़ से राय मांगी। जहां भीड़ ने चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ करने की बात कही। वहीं अध्यक्ष पद की चुनाव समझ विश्रामपुर विधानसभा क्षेत्र के युवा समाजसेवी विकास दुबे भी अपने समर्थक के साथ पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि यहां राजनीतिक व किसी व्यक्ति विशेष को धार्मिक स्थल पर नहीं होना चाहिए। यहां की आमजनता जो चाहती है, वहीं होना चाहिए। यह धार्मिक स्थल है कोई राजनीतिक स्थल नहीं। जबकि राजद नेता सह सतबहिनी झरना तीर्थ स्थल विकास समिति के पूर्व अध्यक्ष नरेश प्रसाद सिंह ने हिन्दू धार्मिक न्यास बोर्ड द्वारा जारी की गई सूचना व निर्देश के संबंध में जानकारी देते हुए कहा कि निर्देश के अनुसार पूर्व विकास समिति व पूर्व झारखण्ड राज्य हिन्दू धार्मिक न्यास बोर्ड की समिति की उपस्थिति में दोनों समिति के बीच न्याय अन्याय को देखते हुए चुनाव कराने का निर्देश प्राप्त है। मौके पर मझिआंव पुलिस निरीक्षक गुलाब सिंह, कांडी थाना प्रभारी योगेंद्र कुमार, एसआई स्वामी रंजन ओझा, बरडीहा थाना प्रभारी संतोष कुमार पांडेय, हरिहरपुर ओपी पुलिस, पूर्व समिति के सचिव पंडित मुरलीधर मिश्रा, हरिनाथ चंद्रवंशी, अरुण सिंह, अजीज अंसारी, प्रखण्ड प्रमुख सत्येंद्र कुमार पांडेय उर्फ पिंकू पांडेय, कुलदीप साह, जयगोविंद साह, रामपुकार प्रजापति, अयोध्या प्रजापति, गोरख नाथ सिंह, महात्मा हरीदाश, सत्यनारायण सिंह, धर्मदेव ठाकुर, अरुण राम, विष्णुदेव साह, सूचित नारायण सिंह सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# धूम धाम के साथ मना भाई-बहन के प्रेम का प्रतीक करमा पर्व

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** करमा पर्व भाई-बहन के स्नेह और प्रेम का प्रतीक है। भादो एकादशी तिथि को मनाये जानेवाला आदिवासियों का यह सबसे महत्वपूर्ण त्योहार है। इस पर्व का इंतजार बहनें बेसब्री से करती हैं। इस पावन अवसर पर नव युवक सरना समिती लातेहार (आरएस) के द्वारा करमा पूर्व संध्या दुरूवा मध्य विद्यालय के मैदान में हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। जिसमे आदिवासी रीति रिवाज के अनुसार, डंडा कटा फिर विनती प्रार्थना से कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया। कार्यक्रम में बाजकुम, चोटागा, पतरिया चोटाग एवं आस पास के विभिन्न गांव से सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करने के लिए हजारों की संख्या आदिवासी शामिल थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लातेहार जिला परिषद अध्यक्ष पूनम देवी, विशिष्ट अतिथि_जिला उपाध्यक्ष अनिता देवी एवं विधायक पुत्र विजय बहादुर सिंह पूर्व जिला पढ़हा राजा दिनू भगत, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष आफताब आलम शामिल हुए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने करमा पर्व की महत्व को बताने के साथ साथ सरकार की विभिन्न गांव के कार्यान्वित योजनाओं को भी बताए जो महिलाओं के लिए कार्य करती है। वहीं उपाध्यक्ष अनिता देवी ने कहा कि खास कर लड़कियों को जो भी सहायता हो मुझसे आकर मिले मैं सहायता करूंगी। भाषण के उपरांत अतिथियों ने लोगों के साथ मांदर के थाप में थिरकते नजर आए। मौके पर समाजसेवी जिरकू उरांव, राजीव उरांव, विनोद उरांव, सतेंद्र मेहरा, मिथलेश उरांव एवं तमाम समिति के सदस्य समेत हजारो की संख्या मे लोग मौजूद थे।



मौके पर मौजूद अतिथि

## महुआडांड़ प्रखंड में धूमधाम से मनाई गई करमा पूजा

खबर मन्त्र संवाददाता

**महुआडांड़।** महुआडांड़ प्रखंड स्थित जिला परिषद भवन परिसर में सोमवार को प्रकृति की उपासना एवं भाई- बहन के पवित्र प्रेम और समर्पण का पावन पर्व सरना आदिवासी एकता मंच के बैनर तले बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। इस दौरान पूरे पारंपरिक रीति रिवाज के साथ करमा लोकगीत गाती हुई महिलाएं एवं युवतियां हाथों में करम डाल लिए हुए पारंपरिक नृत्य करती हुई आखरा पहुंची। जहां बैगा पाहन रघुवा नगेसिया, कैतका मुंडा, सूले मुंडा के द्वारा पूरे विधि विधान से करम डाल स्थापित करते हुए पूजा अर्चना की गई। इसके पश्चात महुआडांड़ प्रखंड के हामी, लोध, परेवा, चटकपुर, गोठगांव, चिरो पाठ, चुटिया, परहाटोली, जराहाटोली, चंपा समेत विभिन्न गांव से आए हुए सैकड़ो युवक-युवतियां, महिला-पुरुष के द्वारा ढोल मांदर की थाप पर करम गीत गाते हुए करम डाल के चारों ओर घेरा बनाकर सांस्कृतिक झूमर नृत्य किया गया। इस दौरान महिलाओं एवं युवतियों ने अपने-अपने भाइयों की सलामती के लिए प्राकृतिक का आशीष लिया। इस पूरे कार्यक्रम के आयोजन को लेकर जिला परिषद सदस्य इस्तेला नगेसिया, हामी पंचायत के मुखिया प्रदीप बड़ाईक, विनोद उरांव समेत अन्य लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वही इस पर्व को लेकर प्रदीप नगेसिया, फतेह मुंडा, किरण देवी, विनोद नगेसिया, अनूप मुंडा समेत प्रखंड भर के विभिन्न गांव से आए हुए लोगों ने इस पुजन कार्यक्रम में भाग लिया।



करमा पूजा मनाते लोग

# भाजपाइयों ने मनाई पंडित दीनदयाल की जयंती

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** सोमवार को भाजपा चंदवा मंडल के द्वारा चंदवा के लातेहार मोड़ स्थित पथ निर्माण विभाग विश्रामागार में श्रधेय पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई गई। उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पाजंलि अर्पित कर नमन किया गया तत्पश्चात जयंती कार्यक्रम की शुरूआत की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजयूमो मंडल अध्यक्ष विनय रिकी वर्मा व मंच का संचालन भाजपा मंडल महामंत्री दीपक निषाद ने किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए पूर्व जिला अध्यक्ष कौशल लाल ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय एक महान चिंतक, प्रखर वक्ता थे, उन्होने एकात्म मानववाद का विचार धारा दिया एवं अंत्योदय का नारा दिया, जिससे कि समाज अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंच सके। उन्ही के मार्गदर्शन में चलकर भारत के प्रधानमंत्री आज उनके सपने को साकार कर रहे हैं। सांसद प्रतिनिधि महेंद्र प्रसाद साहू राज कुमार पाठक ने कहा कि श्रधेय पंडित दीनदयाल उपाध्याय 1937 में जब वह पढ़ाई कर रहे थे तब अपने सहपाठी के प्रेरणा से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के संपर्क में आये। पढ़ाई पूरी करने के बाद संघ का 2 वर्ष का प्रशिक्षण पूर्ण किया और संघ का जीवन व्रती प्रचारक हो गए उन्ही पथ रास्ते पे चलते हुये देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं के लिए नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिला आरक्षण बिल लाकर महिलाओं को 33% आरक्षण देने का कार्य किया। मौके पर भाजपा जिला मंत्री कुलामन साव, पूर्व जिला महामंत्री देवमोहन सिंह, जिला सांसद प्रतिनिधि राजेन्द्र यादव, पूर्व विधायक प्रतिनिधि राजन भगत, मंडल महामंत्री शिवकेश्वर यादव, संजय साव, मनीष गुप्ता, बब्लू सोनी, रोहित शाहदेव, श्रवण प्रसाद गुप्ता, राजु भुईंया, बिनोद ठाकुर, चंद्रभूषण केसरी, सूर्यनारायण साहु, सुनील मुंडा, दुर्गा ठाकुर, प्रदीप ठाकुर, प्रेम नाथ साहु, मुरारीलाल साहु, यमुना चौधरी, रविंद्र साव, राजेंद्र यादव, बंधन मिस्त्री, शिबू उरांव,नंदलाल लोहरा समेत अन्य सम्मानित कार्यकर्ता मौजुद थे।



जयंती मनाते भाजपाई

### महुआडांड़ में भाजपाइयों ने मनाया पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती

**महुआडांड़।** भाजपा मंडल कार्यालय में सोमवार को मंडल महामंत्री जमुना प्रसाद के नेतृत्व में भाजपा कार्यकताओं ने पंडित दीन दयाल उपाध्याय की जंयती मनाया, कार्यकताओं ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उनके उनके विचारों और आदर्शों को आत्मसात करने का संकल्प लिया। जमुना प्रसाद ने कहा एकात्म मानववाद पर विशेष जोर देने वाले समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति को मुख्य धारा से जोड़ने की कोशिश के साथ उनके आदर्शों पर चल रहे भाजपा पार्टी, उनको याद करते हुए उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय मानव जाति को सर्वश्रेष्ठ माना और सभी को लाभ पहुंचाने का प्रयास किया। दीनदयाल जी ने छात्र जीवन से ही पूरा जीवन राष्ट्र के लिए समर्पित कर दिया था।पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जन्म 25 सितंबर 1916 को मथुरा जिले के नगला चंद्रभान गांव में हुआ था। उनके पिता का नाम भगवती प्रसाद उपाध्याय और माता का नाम रामप्यारी था। उनके पिता रेलवे में सहायक स्टेशन मास्टर थे और माता धार्मिक प्रवृत्ति की थीं।

## बरवाडीह और छिपादोहर मण्डल में मनाई गई पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती



**बरवाडीह।** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकताओं द्वारा बरवाडीह व छिपादोहर मण्डल कार्यालय में सोमवार को जनसंघ के संस्थापक रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 107 वीं जयंती मनाई गई। बरवाडीह मंडल अध्यक्ष हर्षवर्धन सिंह के निर्देश पर भाजपा कार्यालय में आहूत जयंती कार्यक्रम में पार्टी के सम्मानित सभी पदाधिकारी के द्वारा बारी- बारी से उनके छायाचित्र पर तिलक और पुष्पांजलि अर्पित की गई। समारोह में मुख्य रूप से पार्टी के सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद, उप प्रमुख बीरेंद्र जयसवाल, भाजपा उपाध्यक्ष मनोज सिंह चेरो, उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह, महामंत्री मनोज प्रसाद, प्रदीप सिंह, मण्डल कोषाध्यक्ष उपेंद्र प्रसाद (ओपी), सोशल मीडिया प्रभारी संतोष सिंह चेरो, किसान मोर्चा मण्डल अध्यक्ष मनोज यादव, युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष विकास सिंह, महामंत्री पारस जायसवाल और युवा मोर्चा सोशल मीडिया प्रभारी बंटी ठाकुर समेत कई कार्यकर्ता उपस्थित थे। वहीं दूसरी ओर छिपादोहर में मण्डल महामंत्री मुन्ना गुप्ता के आवास पर जयंती समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर राष्ट्रीय गीत के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की गई। कार्यक्रम में वरिष्ट नेता रामधनी सिंह, नेता भीमानंद गिरी, सांसद प्रतिनिधि अजय सोनी एवं मुन्ना गुप्ता ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवनी पर प्रकाश डाला। मौके पर बृजदेव प्रसाद, प्रमोद प्रसाद, जाकिर अंसारी, अलमुदीन अंसारी, सत्यनारायण साहू, अशोक ठाकुर, धर्मेंद्र प्रसाद, प्रेम गुप्ता, चंद्रदीप सिंह, गंगेश्वर ठाकुर, नरेश गुप्ता और रतन प्रसाद आदि काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

## दुर्गा पूजा समिति थाना टोली कमिटी का हुआ गठन
## सत्येंद्र अध्यक्ष एवं केतन व सुधीर बने सचिव

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** चंदवा थानाटोली दुर्गा पूजा समिति की बैठक शिव मंदिर में हुई। बैठक की अध्यक्षता चंद्रशेखर उपाध्याय ने की। बैठक में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शारदीय नवरात्र पूजनोत्सव धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक के दौरान मूर्ति निर्माण, पूजा पंडाल का निर्माण, विद्युत व्यवस्था, प्रसाद वितरण व्यवस्था समेत श्रद्धालुओं के लिए दर्शन व पूजन की सुगम व्यवस्था बनाने के साथ कई मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक के अंत में पूजा समिति का पुर्नगठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मती से सत्येंद्र प्रसाद साहू को अध्यक्ष, अमित कुमार व वीरेंद्र प्रसाद उपाध्यक्ष, केतन गुप्ता व सुधीर कुमार सचिव, रघुनंदन प्रजापति उपसचिव, मयंक कुमार व मनीत कुमार कोषाध्यक्ष, मोहिनीश कुमार, संरक्षक चंद्रशेखर उपाध्याय, जुगन साहू, मुरली साहू, राजेश शाही, सुबोध प्रसाद, आरटी साहू, दामोदर उपाध्याय, नवनीत कुमार मीडिया प्रभारी, मिथिलेश कुमार मंटू व्यवस्था प्रमुख, अजीत सिन्हा, शरद सिन्हा, अनील कुमार समेत कई लोगों को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया।



बैठक में उपस्थित लोग

## पीडीएस डीलर से रंगदारी मांगने के आरोप में दो गिरफ्तार
### लोडेड देशी कट्टा व कार बरामद भेजे गए जेल

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** लातेहार एसपी अंजनी अंजन को मिली गुप्त सूचना के आलोक में कार्रवाई करते हुए चंदवा पुलिस की टीम में एक पीडीएस दुकानदार से हथियार का भय दिखाकर रंगदारी मांगने के आरोप में रूपक चौधरी उर्फ क्रांति (लुकुईया चंदवा) व उमेश कुमार गंझू (केकराही गाड़ा खलारी) को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मामले में प्रेस बयान जारी कर इंस्पेक्टर बबलू कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि थाना क्षेत्र के लोहरसी स्थित एक जन वितरण प्रणाली दुकानदार से हथियार का भय दिखा कर रंगदारी मांगी जा रही है व जान से मारने की धमकी भी दी जा रही है। इसके आलोक में वरीय अधिकारी के निदेर्शानुसार टीम गठित कर कार्रवाई की गई व मौके वारदात से दोनों को लोडेड देशी कट्टे के साथ रंगे हाथ गिरफ्तार किया गया। मामले को लेकर चंदवा थाना में कांड संख्या 190/23 में विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। विदित हो कि रूपक क्रांति की पत्नी विगत त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में चंदवा पूर्वी जिला परिषद क्षेत्र से जिला परिषद चुनाव में प्रत्याशी रह चुकी हैं।



गिरफ्तार आरोपी

### एक्सपोजर विजिट के लिए प्रमुख एवं डीपीएम राजस्थान रवाना

**लातेहार।** एक्सपोजर विजिट के लिए लातेहार एवं मनिका के प्रमुख एवं पंचायत शाखा के डीपीएम मानस मंडल राजस्थान के लिए सोमवार को रवाना हुए। डीपीएम मानस मंडल ने बताया कि पंचायती राज विभाग झारखंड सरकार के उप निदेशक के पत्रांक 2103 दिनांक 25.8.13 द्वारा 26 सितंबर से 30 सितंबर तक राजस्थान के पंचायत राज व्यवस्था क्रियाशील संबंधित एक्स्पोजर प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है। प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए लातेहार जिले के लातेहार प्रमुख परशुराम लोहरा एवं मनिका के प्रमुख प्रतिमा देवी का विभाग द्वारा चयन हुआ है। सरकार की ओर से पूर्व में बरवाडीह एवं गारु प्रमुख को हैदराबाद विजिट 10 सितम्बर से 14 सितम्बर एवं महुआडाड़ एवं सरयू प्रमुख पंचायती राज से संबंधित पुणे में प्रशिक्षण 26 सितम्बर से 30 सितम्बर भाग लेने के लिए रवाना हुए है।

### चंदवा व बालूमाथ के एक दर्जन खोड़हा को इंटक ने दिया मांदर व धोती-साड़ी



नृत्य करते लोग

**चंदवा।** राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस (इंटक) के जिला इकाई के द्वारा सोमवार को कार्यक्रम आयोजित कर चंदवा व बालूमाथ के लगभग एक दर्जन गांव के खोड़हा (नृत्य मंडली) को मांदर व लगभग दो महिला पुरूषों को आदिवासी पडहा धोती-साड़ी का वितरण किया गया। बतौर मुख्य अतिथि इंटर के जिला अध्यक्ष शीतल साहू ने लोगों को प्रकृति परब कर्मा पूजा की बधाई दी व कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड में कर्मा पूजा का विशेष महत्व है। यह त्यौहार भाई व बहन पवित्र प्रेम का प्रतीक है। मौके पर इंटर के नेता कार्यकर्ता समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

### भाजपाइयों ने सुनी प्रधानमंत्री मोदी के मन की बात

**बरवाडीह।** रविवार को छिपादोहर मण्डल में सांसद प्रतिनिधि अजय सोनी के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 105 वां एपिसोड को बड़ी ही उत्सुकता के साथ सुनने का कार्य किया। छिपादोहर अंतर्गत बुथ संख्या 69 में मोबाइल पर भाजपा कार्यकर्ता के साथ एकल विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने भी मोदी जी के मन की बात सुनने का काम किया। जहां कार्यक्रम के उपरांत अजय सोनी ने बताया कि प्रधानमंत्री इस कार्यक्रम में भाजपा मंडल माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के मन की बात सुनने के लिए कार्यकताओं में खासा उत्साह रहा।

## करमा त्योहार मनाने के लिए खाद्य सामग्री का किया वितरण

खबर मन्त्र संवाददाता

**बारियातू।** प्रखंड क्षेत्र के बरनी पेट्रोल पम्प स्थित मुशहर परिवार के बीच विहिप प्रखंड अध्यक्ष व परिजनों ने करमा त्यौहार मनाने के लिए खाद्य सामग्री वितरण किया। विश्व हिन्दू परिषद प्रखंड अध्यक्ष झूलन प्रसाद भगत व उनके बहु और पोते बरनी पहुंचे। कुम्बे मे रह रहे लगभग 35 मुशहर परिवार को करमा त्यौहार मनाने के लिए आटा, तेल, आलू साबुन, सर्फ, रिफाइंड सहित अन्य खाने पीने की सामग्री वितरण कर बड़े बुजुर्ग मुसहर परिवार को झूलन भगत के बहु व पोते ने पैर छूकर आशीर्वाद लिया। वहीं विहिप प्रखंड अध्यक्ष भगत ने कहा की भारत आजाद हुए लगभग 76 वर्ष बित गए लेकिन अभी भी दलित समुदाय की स्थिति मे कोई खास सुधार नहीं हुआ है। करमा झारखण्ड मे सबसे दूसरी बड़ी पर्व है। ऐसे परिवार को भी करमा में खाने के लिए दंश नहीं झेलना पड़े जिसके लिए खाने की सामग्री वितरण कर सभी को पैर छूकर आशीर्वाद लिया हूँ और मैं अपने पुत्र पुत्री बहु व पोते के हाथों से वितरण करवाया। मानव जाति मे भेद के कारण दिन प्रतिदिन समाज बिखरता जा रहा है। भूखे को भोजन, वस्त्र और उसे आगे ले जाने मे धर्म करें। हमलोग अच्छे मकान मे रह रहे हैं और मुशहर परिवार भारी बारिश मे गंदे फटे वस्त्र पहनकर पते और प्लास्टिक के कुम्बा बनाकर जीवन जी रहे हैं यदि दान और पुन करना है तो ऐसे परिवार मे दान कर आगे लाने मे मदद करें, परिवार और अपने आप को सुकून महशुस होगा।



खाद्य सामग्री का वितरण करते

## स्पीड न्यूज

### पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की मनायी गई जयंती

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित भाजपा कार्यालय में सोमवार को प्रखंड भाजपा अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा की अध्यक्षता में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई गई। मौके पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें पुष्प अर्पित किया गया। मौके पर बोलते हुए भाजपा मंडल अध्यक्ष ने कहा की पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रखर राष्ट्रवादी, उत्कृष्ट संगठनकर्ता थे। उन्होंने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके विचारों को अपनाने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन मंडल महामंत्री विजय यादव ने किया। मौके पर रघुनंदन सोनी, अमित कुमार, सतेन्द्र सिंह, भाजयुमो जिला महामंत्री सूरज शाह, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष गंगेश्वर यादव, किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष रघुनंदन सोनी, रविंद्र गुप्ता, किसान मोर्चा मंडल महामंत्री विजय ठाकुर, लालदेव उराँव समेत कई भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### मोटरसाइकिल से गिरकर पति-पत्नी घायल

**बालूमाथ।** बालूमाथ-बरियातू मुख्य पथ पर रविवार की देर रात मोटरसाइकिल से गिरकर पति-पत्नी घायल हो गए। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार दीपक कुमार 21 वर्ष पिता निरंजन राम एवं रितु कुमारी 18 वर्ष पति दीपक कुमार ग्राम किशनपुर थाना चतरा निवासी दोनों पति-पत्नी मोटरसाइकिल से बालूमाथ अपने रिश्तेदार के यहां जा रहे थे। इसी दौरान बरनी ग्राम के पास बाईक से अनियंत्रित होकर गिर पड़े। घटना के बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से दोनों को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर सुरेंद्र कुमार के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया।

### पुलिस ने स्कूल जीप में लोड स्क्रैप सरिया किया बरामद

**चंदवा।** एनएच-99 रांची चतरा मुख्य मार्ग पर चंदवा थाना क्षेत्र अंतर्गत टोरी रेलवे क्रॉसिंग के समीप से चंदवा पुलिस की टीम ने स्क्रैप सरिया लोड स्कूल जीप को पकड़ने में सफलता पाई है। मामले में पुलिस के द्वारा गहनता से जांच पड़ताल की जा रही है साथ ही इस धंधे में संलिप्त लोगों के धर-पकड़ को लेकर अभियान तेज कर दिया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि चकला से एक स्कूल जीप के माध्यम से स्क्रैप की तस्करी की जाती है। इसी आलोक में कार्रवाई करते हुए पुलिस की टीम ने उक्त जीप को बरामद किया है। उक्त स्कूल जीप चंदवा के एक निजी विद्यालय की बताई जा रही है।

### सड़क दुर्घटना में दो घायल, एक रिम्स रेफर

**बारियातू।** थाना क्षेत्र के बारियातू टोंटी हेसला मुख्य मार्ग स्थित सोंघा के समीप बीते रविवार शाम को मोटरसाइकिल दुर्घटना में इटके ग्राम निवासी सुनिल राम व राजु राम दोनो पिता स्व. रामदेव राम घायल हो गए। घायलों को पत्रकारों द्वारा ऐंबुलेंस की मदद से बालुमाथ समुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भेजा। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के पश्चात सुनिल राम को गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर ईलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार टोंटी पंचायत के इटके ग्राम निवासी सुनिल राम व राजु राम दोनो पिता स्व. रामदेव राम अपने मोटरसाइकिल से काम कर बारियातू से अपने घर जा रहा था की रास्ता में अचानक एक जानवर से टकरा जाने के कारण यह दुर्घटना हो गया।

### मिशन यात्री सेवा के तहत बीमार वृद्धा यात्री को आरपीएफ ने भेजा अस्पताल

**चंदवा।** मिशन यात्री सेवा अभियान के तहत टोरी आरपीएफ के अधिकारियों एवं जवानों ने बरकाकाना-बरवाडीह रेलखंड पर सोमवार की सुबह लगभग 8:08 बजे गाड़ी संख्या 12878 (गरीब रथ एक्सप्रेस) से टोरी आगमन पर एक बीमार महिला यात्री सुबरी देवी, उम्र लगभग 70 वर्ष, ग्राम+थाना टंडवा, जिला चतरा को मेडिकल सुविधा उपलब्ध कराया। आरपीएफ निरीक्षक प्रभारी दीपक कुमार ने बताया कि उक्त वृद्धा न्यू दिल्ली से टोरी तक यात्रा कर रही थी, उतरने के बाद बीमार व वृद्ध होने के कारण चलने में असमर्थ थी, इसी बीच ड्यूटी स्टाफ आरक्षी प्रमोद कुमार की नजर उन पर पड़ी, जिसपर त्वरित कार्रवाई करते हुए स्टेशन अधीक्षक रंजीत कुमार की मदद से स्ट्रेचर मंगाकर उन्हें सहयोग करते हुए उचित इलाज हेतु अस्पताल भेजा।

## जिलिंग ग्राम स्थित तालाब से संदिग्ध अवस्था मे गुमशुदा बालक का शव बरामद

### बीते शनिवार 23 सितंबर से गुमशुदा था मृतक आकाश

खबर मन्त्र संवाददाता



**चंदवा।** चंदवा थाना क्षेत्र के हुटाप पंचायत के जिलिंग ग्राम स्थित एक तालाब में सोमवार को ग्रामीणों ने एक बच्चे का शव तैरते हुए देखा। ग्रामीणों के द्वारा शव को तालाब से बाहर निकाला गया व इसकी सूचना चंदवा पुलिस को दी गई। जिसके बाद चंदवा पुलिस ने उक्त शव को अपने कब्जे ले लिया। मृतक बालक की पहचान बैरगढ़ा निवासी चिरन गंझू के पुत्र आकाश गंझू 12 वर्ष के रूप में किया गया है। बताते चले कि विगत 23 सितम्बर 23 की शाम से मृतक आकाश गंझू पन्नाटांड़ सेन्हा लाधुप से लापता था। उसके परिजनों के द्वारा चंदवा थाना में लापता होने की सूचना दी थी अपने स्तर से खोजबीन भी कर रहे थे। मृतक के चचेरे भाई विकाश गंझू ने बताया कि उक्त बालक कैसे तालाब तक पहुचा, इसकी जानकारी उनलोगों को नही है। सोमवार को दोपहर बाद जिलिंग के ग्रामीणों के द्वारा ही सूचना दी गई कि एक बच्चे का शव पाया गया है तब जाकर हमलोग यहां पहुचे। चंदवा पुलिस मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में ले लिया है।

## एक नजर में

### विहिप की बैठक सम्पन्न, शौर्य जागरण यात्रा सह धर्मसभा को सफल बनाने को लेकर हुई चर्चा

**बारियातू।** प्रखंड मुख्यालय स्थित श्रीराम जानकी मंदिर परिसर में विश्व हिन्दू परिषद व बजरंग दल का एक बैठक सोमवार को हिन्दू धर्मावलंबियों के साथ प्रखंड अध्यक्ष झुलन भगत की अध्यक्षता में किया गया। बैठक में शौर्य जागरण यात्रा सह धर्मसभा को सफल बनाने को लेकर चर्चा किया गया। इसके पश्चात जानकारी देते हुए विश्व हिन्दू परिषद के जिला उपाध्यक्ष बिरेंद्र ने बताया कि शौर्य रथ यात्रा बारियातू श्रीराम मंदिर परिसर में 3 अक्टुबर को लाया जायेगा। जहां हिंदू, सनातनी रथ में मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम का दर्शन कर पूजा अर्चना कर अपने जीवन को कृतार्थ करेंगे। रथ यात्रा को सफल संचालन को लेकर एक कमीटी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से प्रखंड संयोजक पवन कुमार सह संयोजक मदन प्रसाद, सत्येन्द्र प्रसाद, चंदन प्रसाद, शंकर राणा को बनाया गया। वहीं यात्रा प्रमुख अरविंद कुमार, राम जिवन प्रसाद, अभिषेक कुमार, चन्द्रदेव ठाकुर व सुरक्षा प्रमुख राजन प्रसाद, ब्रजकिशोर प्रसाद, संतोष प्रसाद को बनाया गया। मौके पर सांसद प्रतिनिधि सत्येन्द्र कुमार सिंह, राजेश प्रसाद, कामेश्वर प्रजापति सहित काफी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### नेतरहाट में बढ़ा मलेरिया का प्रकोप, नियमित रूप से नहीं बैठते हैं डॉक्टर

**महुआडांड़।** प्रखंड के नेतरहाट में इन दिनों जलजमाव से मच्छरों का आतंक बढ़ गया है। जिस कारण पूरे नेतरहाट इलाके में मलेरिया बीमारी का प्रकोप बढ़ गया है। आये दिन मलेरिया से ग्रसित मरीजों की संख्या में तेजी आ रही है। ऐसे स्थिति में उपचार हेतु गरीबों के लिए एक मात्र केंद्र उप स्वास्थ्य केंद्र नेतरहाट है, परंतु चिकित्सक के नियमित रूप से नहीं बैठने के कारण मरीजों को निजी क्लिनिक व महुआंडाड़ व लोहरदगा जाकर जांच एवं ईलाज कराना पड़ रहा है। इस संबंध में नेतरहाट के समाज सेवी सह पूर्व पंसस अजय प्रसाद ने बताया कि इतने बड़े नेतरहाट इलाके में नियमित रूप से डॉक्टर स्वास्थ्य केंद्र में नहीं बैठते है। और न ही रोज उप स्वास्थ्य केन्द्र खुलता है। जलजमाव के कारण मच्छर का प्रकोप बढ़ गया है। खानापूर्ति के लिए कहीं कहीं डीडीटी का छिड़काव किया गया है। नियमित रूप से छिड़काव करने से नेतरहाट वासियों को राहत मिलती। इस संबंध में प्रभारी डॉक्टर अमित खलखो ने कहा कि मलेरिया नियंत्रण के लिए स्वास्थ्य कैंप आयोजन कर डीडीटी छिड़काव कार्य जल्द शुरू कर दिया जाएगा।

## स्पीड न्यूज

### राकेश हत्या कांड का एक और अभियुक्त पिस्टल के साथ गिरफ्तार

**भागलपुर (हि.स.)।** जिले के हबीबपुर थाना क्षेत्र अन्तर्गत धोबिया काली रोड के पास बीते 30 मई को जमीन कारोबारी राकेश सिंह की हत्या मामले में पुलिस ने एक अपराधी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। उक्त आशय की जानकारी सोमवार को सिटी डीएसपी ने सोमवार को अजय कुमार चौधरी ने दी। सिटी डीएसपी ने बताया कि इस हत्या को लेकर हबीबपुर थाना में केस दर्ज किया गया था। इस कांड में गौतम कृष्ण और मो० टारजन के विरूद्ध आरोप पत्र समर्पित किया जा चुका है। सिटी डीएसपी ने बताया कि भागलपुर के वरीय पुलिस अधीक्षक आनंद कुमार को गुप्त सूचना मिली की मो शाहनशाह अवैध हथियार के साथ मुअज्जमचक में घुम रहा है। इसको लेकर वरीय पुलिस अधीक्षक ने सीटी डीएसपी के निगरानी में एक टीम गठित की गई और छापेमारी के दौरान मो० शाहनशाह अंसारी को अवैध देशी पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया गया। मो० शाहनशाह ने राकेश हत्या कांड में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। उन्होंने बताया कि इस आरोपी का आपराधिक इतिहास भी रहा है।

### डेंगू के 17 में 4 एक्टिव मरीज

**अररिया।** जिले में डेंगू का प्रसार जारी है। अब तक जिले में कुल 17 डेंगू के मरीज मिले हैं। इसमें 13 मरीज डेंगू से जुड़ी चुनौती को मात देकर पूरी तरह स्वस्थ हो चुके हैं। फिलहाल जिले में डेंगू के 04 एक्टिव मरीज हैं। इसमें एक की तबीयत अधिक खराब होने की स्थिति में उन्हें प्लेटलेट्स चढ़ाने के लिये पूर्णिया मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। जहां अब मरीज की हालत सामान्य बनी हुई है। शेष डेंगू के तीन अन्य मरीजों का उनके घर पर ही समुचित इलाज जारी है। डेंगू मरीजों को सभी तरह की चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में स्वास्थ्य विभाग लगातार जरूरी पहल कर रहा है। जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ अजय कुमार सिंह ने कहा कि जिले में डेंगू को लेकर फिलहाल स्थिति सामान्य है। डेंगू के प्रसार पर प्रभावी नियंत्रण को लेकर विभाग पूरी तरह अलर्ट है। इसे लेकर डेंगू संक्रमण के शिकार सभी मरीजों के घर के आसपास 500 मीटर के दायरे में फॉगिंग करायी जा रही है। संक्रमित सभी व्यक्ति के घरों में फॉगिंग संपन्न हो चुकी है। डेंगू मरीजों की लाइन लिस्ट तैयार की गयी है। नियमित रूप से मरीजों का फॉलोअप किया जा रहा है।

# अल्पसंख्यक उद्यमी योजना सहित 9 प्रस्ताव पर लगी मुहर

**बिहार कैबिनेट**



**पटना (हिस.)।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में संपन्न मंत्रिमंडल की बैठक में सोमवार को सीएम अल्पसंख्यक उद्यमी योजना की शुरूआत सहित कुल 9 एजेंडों पर मुहर लगाई गई। अल्पसंख्यक उद्यमी योजना के तहत युवाओं को परियोजना लागत की अधिक से अधिक 10 लाख रुपये ऋण उपलब्ध कराई जाएगी। कुल राशि का 50 फीसदी यानी पांच लाख रुपये लोन उपलब्ध कराई जायेगी। 50 फीसदी यानी सरकार इस योजना के तहत अल्पसंख्यकों को 5 लाख रुपये अनुदान देगी। कैबिनेट ने राजस्व एवं भूमि सुधार, उद्योग विभाग, संसदीय कार्य विभाग, गृह विभाग, नगर विकास एवं आवास विभाग और स्वास्थ्य विभाग से जुड़े 9 प्रस्तावों पर अपनी स्वीकृति दे दी है। मुख्यमंत्री द्वारा स्पेशल कैबिनेट बुलाने के बाद इस बात की चर्चा थी कि 4 लाख नियोजित शिक्षकों को सरकार राज्यकर्मी का दर्जा देगी लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। बिहार के 28 जिलों में ट्रैफिक थाना की स्थापना को सरकार ने हरी झंडी दे दी है। 28 ट्रैफिक थानों के लिए कुल 4 हजार 215 पद का सृजन किया गया है। कैबिनेट ने पद सृजन पर अपनी मुहर लगा दी है। बता दें कि राज्य के 12 जिलों में पहले से ट्रैफिक थाने हैं। सरकार के इस फैसले के बाद राज्य भर के सभी जिलों में ट्रैफिक व्यवस्था चुस्त दुरुस्त होने की संभावना है। सरकार ने आईजीआईएमएस अस्पताल पटना में मरीजों को दवा एवं सभी प्रकार के चिकित्सीय सुविधा निशुल्क उपलब्ध कराने की स्वीकृति प्रदान की गई है। आईजीआईएमएस में मरीजों को अब दवा और अन्य मेडिकल सुविधाएं मुफ्त उपलब्ध होंगी। सरकार के इस फैसले से अब यहां इलाज कराने वाले मरीजों को काफी सहुलियत होगी। पटना रेडक्रॉस सोसायटी को दी गई सरकारी जमीन पर गांधी मैदान मेट्रो रेल स्टेशन बनाने की स्वीकृति सरकार ने दे दी है। इसके साथ ही सरकार ने राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के कानूनगो रहे मो. शाहिद खां को सेवा से बर्खास्त करने का फैसला लिया है। नालंदा के कतरीसराय में अंचल पदाधिकारी अश्विनी कुमार को बर्खास्त करने का फैसला सरकार ने लिया है। समस्तीपुर में मेसर्स ड्यूराटेक सिमेन्टस इंडिया लिमिटेड को बिहार औद्योगिक निवेश प्रोत्साहन नीति के तहत मंजूरी मिली है।

### वरीय पदाधिकारी ने जन संवाद मंच किया सझा

**मधुबनी।** जिला के ग्रामीण परिवेश में वरीय प्रशासनिक पदाधिकारियों ने सोमवार को जन संवाद मंच साझा किया। अवसर पर डीएम व एसपी एसडीओ सहित वरीय अधिकारियों की उपस्थिति में आमजनों की समस्या सुनकर तत्क्षण निदान निर्देश दिया।सदर क्षेत्र के पंडौल प्रखण्ड के श्रीपुर हाटी उत्तरी पंचायत में जनसंवाद कार्यक्रम का आयोजन सोमवारको हुई। अवसर पर काफी संख्या में आमजनों ने भाग लिया। कार्यक्रम में राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी एवं विकास योजनाओं की जानकारी दी गई। पंडाल में उपस्थित लाभुकों ने अपना अनुभव साझा किया। शिवानी कुमारी ने कहा साइकिल मिली।स्कूल जान आसान हो गया।साइकिल से समय की बचत हौसला बढी।आरती कुमारी ने कहा कुशल युवा कार्यक्रम ने बढ़ाई अंग्रेजी एवं कंप्यूटर ज्ञान।

### राष्ट्रीय महिला आयोग सदस्यों ने केंद्रीय कारा समेत अन्य संस्थानों का किया निरीक्षण



**दुमका।** राष्ट्रीय महिला आयोग के कार्यक्रम के तहत झारखंड राज्य के दौरे पर सोमवार को दुमका पहुंची । आयोग सदस्यों ने दुमका जिले के केंद्रीय कारा,सदर अस्पताल के मातृ शिशु वार्ड एवं आश्रय गृह का निरीक्षण किया । आश्रय गृह के निरीक्षण के दौरान बांग्लादेश एवं बंगाल से आए हुए लोगों का स्थाई निवास देख कर आयोग सदस्य ने जिम्मेवार पदाधिकारियों को फटकार लगायी। जरमुंडी थाना की लगभग 65 वर्षीय महिला मक्कू मुर्मू को आधार कार्ड के अभाव में रिहाई होने के बावजूद बंदीगृह से नहीं छोड़ना आयोग ने बहुत दुखदाई बताया। आयोग सदस्यों ने सदर अस्पताल में हर महीने के 9 तारीख को होने वाले सुरक्षित मातृत्व अभियान कार्यक्रम भी सुसज्जित तरीके से नहीं होने के कारण जिला डीसी को संज्ञान लेने के लिए सिफारिश की। उसके बाद जेल अधीक्षक, समाज कल्याण विभाग के पदाधिकारी, डीएसपी, संबंधित एसएचओ एवं आईओ के साथ बैठकर जिले के महिलाओं से जुड़े केस पर चर्चा करते निष्पादन करने को निर्देशित की ।

## कटिहार रेलवे जंक्शन पर दस लाख मूल्य की हीरोइन के साथ एक महिला गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता



**कटिहार।** कटिहार रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ईस्ट पोस्ट के जवानों ने सोमवार को कटिहार रेलवे स्टेशन पर खड़ी गाड़ी संख्या 05771 (मालदा-कटिहार) से दस लाख से अधिक मूल्य के हीरोइन के साथ एक महिला तस्कर को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार महिला तस्कर निर्मला देवी खगड़िया जिला के निवासी है। जिसके पास से आरपीएफ ने 210 ग्राम हैरोइन को बरामद किया है। वही सभी कानूनी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद गिरफ्तार महिला तस्कर को एनसीबी की टीम ने कटिहार कोर्ट भेज दिया है। उल्लेखनीय है कि कटिहार रेलमंडल क्षेत्र में आरपीएफ इंस्पेक्टर राकेश कुमार, जीआरपी तथा एनसीबी टीम पटना के नेत्रत्व में संयुक्त जांच अभियान चलाया जा रहा है। इस संदर्भ में रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ईस्ट पोस्ट के इंस्पेक्टर राकेश कुमार ने बताया कि आरपीएफ का प्रमुख कार्य यात्रियों की सुरक्षा के साथ रेल संपत्ति को सुरक्षा प्रदान करना है।

### तीन वर्षीय ग्रेजुएशन कोर्स बिहार में लागू करे सरकार : एआईएसएफ

**बेगूसराय।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत चार वर्षीय ग्रेजुएशन कोर्स लागू कर शिक्षा व्यवस्था को ध्वस्त कर दिया गया है। सरकार द्वारा शिक्षा का व्यापारी करण करने की साजिश की जा रही है। इस शिक्षा नीति के तहत विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय को ऑटोनॉमस होने की बात कही गई है। यह बातें सोमवार को श्री कृष्ण महिला महाविद्यालय में छात्राओं को संबोधित करते हुए ऑल इंडिया स्टूडेंट फेडरेशन के बिहार राज्य सचिव अमीन हमजा ने कही। उन्होंने कहा कि ऑटोनॉमस होने से विश्वविद्यालयों-महाविद्यालयों को बिना सरकार की मदद से चलना पड़ेगा। वह आर्थिक बोझ आम छात्रों पर पड़ेगा। इसके खिलाफ आम छात्रों को संघर्ष के मैदान में उतरने की जरूरत है।उन्होंने कहा कि बेगूसराय में दिनकर विश्वविद्यालय के लिए हमारा राष्ट्रीय सम्मेलन होगा। राज्य संयुक्त सचिव राकेश कुमार ने कहा कि विदेशी विश्वविद्यालय लाने से पहले अपने देश के विश्वविद्यालय की व्यवस्था को सुधारने की जरूरत है। जिलाध्यक्ष अमरेश कुमार ने कहा कि महाविद्यालय में वर्ग कक्ष नहीं है। छात्रों के अनुपात में शिक्षक नहीं है और इस तरह की शिक्षा व्यवस्था लाकर देश के शिक्षा व्यवस्था को और गर्त में भेजने की कोशिश सरकार कर रही है।

### एसपी से मिल भाजपा के शिष्टमंडल ने की मांग शिवलिंग क्षतिग्रस्त मामले की हो गहन जांच

**बेगूसराय(हि.स.)।** सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के शिष्टमंडल ने एसपी से मिलकर अपने विभिन्न मांगों से अवगत कराया। जिसमें कहा गया कि बेगूसराय के खातोपुर में पिछले दिनों हुई शिवलिंग को क्षतिग्रस्त कर हिंदू समाज को निशाना बनाया है। प्रतिनिधिमंडल में शामिल विधायक कुंदन कुमार, सांसद प्रतिनिधि अमरेन्द्र कुमार अमर, जिला महामंत्री कुंदन भारती, नगर मंडल अध्यक्ष रूपेश गौतम ने एसपी से मांग किया है कि आने वाले दिनों में खातोपुर मामले में हिंदुओं के साथ बर्बरता पूर्ण तथा एकपक्षीय कार्यवाही नहीं हो। जिले में ऐसी घटनाएं दोबारा नहीं हो। भाजपा नेताओं ने एसपी को बताया कि 22 सितम्बर की रात खातोपुर के असामाजिक तत्वों ने पुराने समय से स्थापित मंदिर के शिवलिंग को क्षतिग्रस्त कर दिया। समय पर कार्रवाई नहीं होने के कारण धार्मिक भावना आहत होने से परेशान लोग सड़क पर उतरने को मजबूर हुए लेकिन उस मामले में पुलिस एक पक्षीय कार्रवाई कर रही है। इसकी गहन जांच होनी चाहिए, कोई निर्दोष इस मामले में नहीं फंसना चाहिए।

### पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनी



**गोड्डा।** जिला भाजपा की ओर से भाजपा कार्यालय गोड्डा में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष राजीव मेहता , पूर्व जिला अध्यक्ष राजेश झा , प्रदेश से नियुक्त गोड्डा विधानसभा प्रभारी संतोष झा पिंटू , भाजपा महामंत्री कृष्ण कन्हैया , युवा मोर्चा जिला महामंत्री सूरज सिंह आदि उपस्थित रहे।

### कांग्रेस पार्टी का इतिहास ओबीसी विरोधी रहा है : निशिकांत दुबे

**गोड्डा।** गोड्डा बीजेपी सांसद डा० निशिकांत दुबे ने एक प्रेस वक्तव्य में बताया कि कांग्रेस पार्टी का इतिहास रहा है कि वह ओबीसी विरोधी पार्टी है ।उन्होंने अपने वक्तव्य में बताया आप देख लें स्वतंत्रता प्राप्ति से लेकर आजतक देश में भारत के पूर्व प्रधान मंत्री पंडित नेहरू से लेकर आज तक कोई ओबीसी कोटा से कोई प्रधान मंत्री नही बना था । पहली बार इस देश में बीजेपी ने ओबीसी कोटे से प्रधान मंत्री पद के उम्मीदवार नरेंद्र मोदी को अपना उम्मीदवार बनाया और इस देश की जनता ने उन्हें अपना पूर्ण समर्थन भी दिया है ।पहली बार इस देश में एक आदिवासी महिला को राष्ट्रपति पद के लिए सिर्फ समर्थन ही नही बल्कि उन्हें समर्थन देकर भारत की प्रथम महिला के पद पर सुशोभित किया । कांग्रेस के शासनकाल में ये कभी संभव नहीं हुआ क्योंकि कांग्रेस पार्टी ने कभी ओबीसी और दलित पिछड़े महिला को इस देश की सर्वोच्च पदपर नही आने दिया । लेकिन बीजेपी के शासन काल में ये दोनो पद पर ओबीसी और आदिवासी दलित महिला को अपना उम्मीदवार बनाया जिसे देश की जनता ने अपना पूर्ण समर्थन भी दिया इसीलिए देश की जनता ने भी अपना पूर्ण समर्थन देते हुए दूसरी बार के लोक सभा में अपार जनसमर्थन के साथ बहुमत के साथ फिर दुबारा सत्ता की चाबी सौंप दी और तीसरी बार भी और भी बीजेपी के सीटों की संख्या बढ़ेगी ।

## विधायक ने करम डाल लाकर की पूजा अर्चना

खबर मन्त्र संवाददाता



**चक्रधरपुर।** उपासना का पर्व करमा पश्चिमी सिंहभूम जिला में धूमधाम से मनाया गया। बहनों अपने भाइयों की लंबी उम्र के साथ सुख-समृद्धि की कामना की। कुंवारी कन्याओं ने सोमवार को उपवास रखा। करम डाली को अखाड़ा स्थल पर स्थापित कर फल-फूल, जौ, धान और बालू के साथ की पूजा की। चक्रधरपुर के सार्वजनिक अखाड़ा करम पर्व समिति बनमलीपुर, आसनतलिया, मंडलसाई , ईटोर, सेताहाका, राखा, टोंकटोली, जारकी, कुम्भार टोली, कुंभा टोली, पंपरोड में भी करमा की धूम रही। उरांव सरना समिति चक्रधरपुर समेत कई अखाड़ों में पर्व मनाया गया। बनमालीपुर में विधायक सुखराम उरांव कर्म डाली को काटकर तालाब तक लाए। वहां पर विधिवत महिलाओं ने कर्म डाली की पूजा अर्चना की।

उसके बाद महिलाएं ढोल एवं मांदर की थाप पर करमा गीत गाते हुए पंडाल तक पहुंची। करम डाली लाने के दौरान युवक-युवतियां मांदर की थाप पर थिरकती नजर आईं। बुधवार को विधिवत पूजा अर्चना के पश्चात कलम डाली व जाउआ का विसर्जन किया जाएगा। लोग रातभर ढोल, मांदर की थाप पर झूमते रहे।

बन मालीपुर में कर्मा पूजा पंडाल में कर्मा डाली का समाज महिला उनकी उपस्थिति में विधायक सुखराम उरांव, नवमी उरांव विधिवत पूजा-अर्चना की।

## थर्ड लाइन निर्माण में लगी केईसी कंपनी के साइट पर उग्रवादियों ने किया हमला, मचाया तांडव

### पोकलेन, हाइवा, क्रेटा कार व जेनरेटर को किया आग के हवाले, चारो जलकर खाक

खबर मंत्र संवाददाता



**चंदवा/मैकलुस्कीगंज।** चंदवा-मैकलुस्कीगंज सीमाने पर स्थित चट्टी नदी के समीप थर्ड लाइन निर्माण कार्य में लगी केईसी कंपनी के कंस्ट्रक्शन साइट पर सोमवार की शाम अज्ञात उग्रवादियों ने जमकर तांडव मचाया है। जहां केईसी कंपनी के कन्स्ट्रक्शन साइट पर खड़ी एक पोकलेन, एक हाइवा, एक क्रेटा कार व जनरेटन को उग्रवादियों ने आग के हवाले कर दिया, जिससे चारो जलकर खाक हो गए। घटना को अंजाम देने के बाद उग्रवादी बड़े ही आराम से जंगल की ओर निकल गए। बताया जाता है कि सोमवार की देर शाम 6-8 की संख्या उग्रवादियों का दस्ता अचानक आ धमके व तांडव मचाना शुरू कर दिया। रेलवे कन्स्ट्रक्शन कम्पनी से लेवी वसूलने के नियत से घटना को अंजाम दिये जाने की बात सामने आ रही है। कर्मियों से मिली जानकारी के अनुसार शाम के करीब 6 बजे नदी की ओर से नक्सलियों का दस्ता फायरिंग करते हुए कंस्ट्रक्शन साइट में आ धमके, गोली चलने की आवाज सुनने के बाद कर्मी साइड से भाग गए। इसके बाद माओवादी ने तांडव मचाया। तांडव मचाने के बाद माओवादियों का दस्ता निद्रा काली चौक पहुंचा वहां भी 6-8 रांउड फायरिंग की। सूत्रों की माने तो मोस्ट वांटेड माओवादी रविन्द्र गंझू दस्ते को लीड कर रहा था। हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नही हो पायी थी। वंही संजय यादव खलारी राय निवासी का हाइवा, व क्रेटा कार को आग के हवाले किया गया है।

### कई ग्रामीणों ने भाजपा में आने की घोषणा कर भाजपा विधायक के समर्थन में नारे लगाए



**गोड्डा।** विधानसभा के बसंतराय प्रखंड के रेसम्बा गांव में गोड्डा विधायक अमित मंडल जी कार्यक्रम में उपस्थित हुए। अपने संबोधन के दौरान विकास कार्यों को बताया साथ ही साथ सभी ग्रामीणों ने भी एक स्वर में कहा कि विधायक अमित मंडल जी किसी का अहित नहीं चाहते न करते हैं और ना ही जात-पात का भेदभाव रखते हैं यही कारण है कि जहाजकित्ता के यादव टोला में मंदिर निर्माण कराया गया वहीं रेसम्बा गांव के ग्रामीणों ने भी बजरंगबली मंदिर निर्माण की मांग विधायक से की है। कार्यक्रम में उपस्थित मुस्लिम एवं यादव समुदाय के लोगों ने अमित मंडल का जय-जय कार लगाते हुए साथ देने का वादा किया साथ ही साथ सैकड़ो की संख्या में राजद कार्यकर्तओं एवं वोटरों ने भाजपा का दामन थामा ।मौके पर झमन यादव छबि लाल यादव कुंदन यादव मिथिलेश यादव सिंटू यादव किशन यादव मोहम्मद आजाद मोहम्मद गफ्फार मोहम्मद शाहिद मोहम्मद गुफरान मोहम्मद अंसार मोहम्मद जब्बार मोहम्मद जावेद मोहम्मद इकबाल मोहम्मद अब्दुल के साथ साथ सैकड़ो की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### पेज 1 का शेष

#### पूर्वजों से मिली विरासत को...

परिवार, समाज राज्य को मजबूत करने का संकल्प लें : सीएम ने विद्यार्थियों से कहा कि सरकार आगे बढ़ने का मार्ग सरकार प्रशस्त कर रही है, पर चलना आपको होगा। उन्होंने करमा पूजा के इस अवसर पर विद्यार्थियों से अपने परिवार, समाज राज्य और देश को मजबूत करने का संकल्प लेने का आह्वान किया।

#### घमंडिया से सतर्क रहें...

उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने प्रजातंत्र को परिवारतंत्र बना दिया है। अगर एमपी में कांग्रेस आयी तो ये फिर से बीमारू राज्य बना देगी। कांग्रेस के शासन की पहचान थी- कुनीति, कुशासन और करोड़ों का करप्शन। पीएम मोदी आगामी विधानसभा चुनाव के पूर्व यहां आयोजित पार्टी कार्यकर्ता महाकुंभ को लगभग 50 मिनट संबोधित किया और कांग्रेस को निशाने पर लिया। **कांग्रेस जंग लगा हुआ लोहा :** पीएम ने कहा- कांग्रेस जंग लगा हुआ लोहा है, जो बारिश में रखा-रखा खत्म हो जाता है। भाजपा दिन प्रतिदिन विकास की राह पर है। आज वंदे भारत जैसी आधुनिक ट्रेनें ला रही है। स्टेशनों का कायाकल्प कर रही है। भोपाल के रानी कमलापति रेलवे स्टेशन की प्रशंसा हर कोई कर रहा है। ये भी कांग्रेस को नहीं पच रहा है। हमारे फर्स्ट टाइम वोटर को एक बात बताना चाहता हूं। आपके माता-पिता को अभाव में रखने के लिए कांग्रेस जिम्मेदार है। आज दुनिया भारत को लेकर जो कुछ कह रही है, ये सारे गौरवपूर्ण काम पहले भी हो सकते थे। कांग्रेस ने प्रजातंत्र को परिवार तंत्र बना दिया। ये सिर्फ एक परिवार का गौरव बढ़ाने में लगी रही। इन्होंने ऐसी व्यवस्था बनायी कि गरीब को हमेशा हाथ फैलाना पड़े, हर चीज के लिए निर्भर रहना पड़े। आपने कांग्रेस के शासन में जो झेला वो न झेलना पड़े इसके लिए भाजपा की डबल इंजन की सरकार काम कर रही है। **मोदी, यानी गारंटी पूरी होने की गारंटी :** भाजपा सरकार की योजनाएं गिनाते हुए पीएम मोदी ने कहा कि हमने गरीबों, महिलाओं, एससी-एसटी, ओबीसी को विकास का सबसे बड़ा लाभार्थी बनाया है। वंचितों को वरीयता की गारंटी मोदी ने दी है, उसे हमने एक के बाद एक कदम उठाकर पूरा किया है। हमने गरीब का जीवन बेहतर करने के प्रमाणित प्रयास किये हैं। ये मोदी की गारंटी का नतीजा है और जब मोदी गारंटी देता है, जब भाजपा गारंटी देती है तो वो जमीन पर उतरती है। घर-घर पहुंचती है। मोदी यानी हर गारंटी पूरी होने की गारंटी।

#### दो स्वर्ण के साथ भारत...

भारतीय मेंस कॉक्सलेस फोर और क्वाड्रपल स्कल्स रोइंग टीम ने सोमवार को अपने-अपने इवेंट में कांस्य पदक जीते। **वर्ल्ड रिकार्ड के साथ पहला गोल्ड :** सोमवार को 10 मीटर राइफल प्रतियोगिता में भारत को भारत को पहला स्वर्ण पदक मिला। दिव्यांश सिंह पंवार, ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर और रुद्राक्ष पाटिल ने 1893.7 पॉइंट स्कोर के साथ दिलाया। शानदार प्रदर्शन के दम पर उन्होंने विश्व रिकॉर्ड भी बनाया है। **महिला क्रिकेट टीम ने रचा इतिहास :** भारतीय टीम ने फाइनल में श्रीलंका को 19 रन से हराकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। यह पहला मौका था, जब भारतीय टीम ने एशियाई खेलों में भाग लिया। पहले प्रयास में ही टीम इंडिया स्वर्ण पदक जीतने में सफल रही है।

#### 30 तक बारिश से राहत नहीं...

27 को उत्तर पश्चिमी, दक्षिणी और निकटवर्ती मध्य भागों में कहीं-कहीं गर्जन के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है। 28 को राज्य में उत्तर-पश्चिमी और निकटवर्ती मध्य भागों में कहीं-कहीं पर गर्जन के साथ हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है। 29 और 30 को भी राज्य में कई स्थानों पर बारिश के आसार हैं। राज्य में पिछले 24 घंटे में लगभग सभी स्थानों पर हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हुई है। अब भी सामान्य से कम ही बारिश हुई है।

# दो साइबर अपराधी हंसडीहा पुलिस के हत्थे चढे

खबर मन्त्र संवाददाता

**दुमका।** जिले के हंसडीहा के धमनाकुंडी गांव से साइबर गिरोह के दो सदस्य पुलिस के हत्थे चढ़ गए है। दोनों साइबर ठग के पास से 11 मोबाइल,टैब,डेबिट कार्ड सहित अन्य कई सामानों की बरामदगी हुई है। सोमवार को दुमका डीएसपी विजय कुमार ने समाहरणालय परिसर में पत्रकारों के साथ बातचीत में कहा कि दोनों साइबर ठग साइबर क्राइम को अंजाम देने की फिराक में थे। उन्होंने कहा कि वरीय पदाधिकारियों एवं टेक्निकल इनपुट के माध्यम से पता चला कि दो साइबर ठग लोगों को प्राइवेट बैंक के कर्मी बनकर ठगी का शिकार बनाने में जुट हुए है। सूचना के आधार पर उनके नेतृत्व में एक टीम गठित की गई। टीम ने हंसडीहा के धमनाकुंडी गांव के एक घर में छापेमारी की। छापेमारी में सुमन कुमार मंडल के घर से कई अवैध मोबाइल,सिम कार्ड एवं कई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद किए गए। सुमन मंडल के घर से ही मुरली कुमार मंडल नाम के युवक को भी गिरफ्तार किया गया। दोनों से सघन पूछताछ की गई तो दोनों ने साइबर ठगी करने की बात को स्वीकार कर लिया है। दोनों ने अपने एक और सहयोगी अमरुल अंसारी नाम के एक साइबर ठग का भी खुलासा किया है। उक्त सहयोगी देवघर जिला के मधुपुर का निवासी है। पुलिस दोनों की निशानदेही पर



उक्त साइबर ठग को गिरफ्तार करने के लिए छापेमारी शुरू कर दी है। गिरफ्तार दोनों साइबर ठग मूलरुप से हंसडीहा का निवासी नहीं है। मुरली कुमार मंडल जामताड़ा जिला के करमाटांड़ का रहने वाला है। उसके पिता एक सब्जी विक्रेता है। वहीं दूसरा साइबर ठग सुमन कुमार मंडल गोड्डा जिला के पोड़ैयाहाट थानान्तर्गत कठौन गांव का निवासी है।

**साइबर ठग नए-नए अंदाज में लोगों को बना रहे है ठगी का शिकार :** डीएसपी ने बताया कि दोनों साइबर ठग लोगों को नए अंदाज में ठगी का शिकार बनाया करता था। उन्होंने बताया कि उक्त दोनों साइबर ठग प्राइवेट बैंक के ऐप बनाकर लोगों को मैसेज भेजा किया करता था। उन्होंने बताया कि फर्जी तरीके से सरकारी दस्तावेज बनाकर सिम कार्ड बनाया करता था या फिर चोरी के सिम के माध्यम से लोगों को ठगी का शिकार बनाया करते थे। उन्होंने बताया कि प्राइवेट बैंक के केयर में फर्जी साइड डाल कर ग्राहकों को ठगी का शिकार बनाया करता था।

**कोई ऐसे संदिग्ध ऐप को ग्राहक क्लिक नहीं करें : डीएसपी :** डीएसपी ने लोगों से अपील किया कि ऐसे कोई केयर के साइड को क्लिक नहीं करें। उन्होंने ग्राहकों से कहा कि सावधान एवं सर्तक रहे। सावधानी व सतर्कता से ही आप खुद को सुरक्षित रख सकते है। थोड़ी से असावधानी आपकों बड़ा नुकसान पहुंचा सकता है। इसलिए कोई ऐप मोबाइल में आने के बाद संबंधित बैंक जाकर छानबीन करें।

## स्पीड न्यूज

### नेपाल और चीन के बीच 12 समझौतों पर हुए हस्ताक्षर

**काठमांडू।** चीन यात्रा पर गये प्रधानमंत्री पुष्पकमल दाहाल प्रचंड की चीन के प्रधानमंत्री ली कियांग के साथ द्विपक्षीय बैठक के बाद 12 समझौते पर हस्ताक्षर हुए हैं। नेपाल और चीन के बीच हुए समझौतों की जानकारी यात्रा के समापन पर संयुक्त बयान में दी जायेगी। प्रधानमंत्री सचिवालय की तरफ से बताया गया है कि बीजिंग में दोनों देशों के बीच कृषि, शिक्षा, विज्ञान, भौतिक पूवार्धार सहित 12 समझौते हुए हैं।

### यूक्रेन ने ढेर की 11 रूसी क्रूज मिसाइलें 19 ड्रोन भी गिराये

**कीव।** यूक्रेन पर रूसी हमले के बाद दोनों ओर से जोरदार युद्ध चल रहा है। यूक्रेन ने दावा किया है कि रूस के हमले तेज हो रहे हैं और यूक्रेनी सेना मुंहतोड़ जवाब दे रही है। यूक्रेन की वायु रक्षा प्रणालियों ने रात भर में रूस द्वारा लांच किये गये 12 क्रूज मिसाइलों में से 11 मिसाइलों को ढेर कर दिया। साथ ही, 19 ड्रोनों को भी मार गिराया।

### शिवसेना विधायक अयोग्यता मामले में सुनवाई 13 अक्टूबर को

**मुंबई।** शिवसेना विधायक अयोग्यता मामले की सुनवाई सोमवार को विधानसभा अध्यक्ष राहुल नार्वेकर ने की। शिवसेना के दोनों समूहों के वकीलों ने जोरदार बहस करके दलीलें रखीं। इसके बाद नार्वेकर ने मामले की सुनवाई 13 अक्टूबर तक के लिए स्थगित कर दी है।

### मालेगांव विस्फोट मामले में छह आरोपी एनआइए कोर्ट में पेश

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मालेगांव में हुए बम विस्फोट मामले की सुनवाई के दौरान सोमवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर समेत छह आरोपी विशेष एनआइए कोर्ट में पेश हुए। कोर्ट ने इस मामले की सुनवाई 3 अक्टूबर तक के लिए स्थगित कर दी। साथ ही, सभी आरोपियों को अगली सुनवाई के दौरान हाजिर रहने का आदेश दिया है।

### एनआइए ने 5-6 अक्टूबर को दिल्ली में बुलायी बैठक

**नयी दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) ने भारत विरोधी खतरों और सख्त कार्रवाई की रूपरेखा पर चर्चा के लिए 5-6 अक्टूबर 2023 को नयी दिल्ली में एक बड़ी बैठक बुलायी है। इसमें सभी राज्यों के एंटी टेररिस्ट स्क्वाड (एटीएस) के प्रमुखों को भी बुलाया गया है। यह बैठक गोपनीय होगी, इसलिए स्थान की जानकारी नहीं दी गयी है। एनआइए ने हाल ही में टेरर और फंडिंग मामले में प्रतिबंधित संगठन पीएफआइ के ठिकानों पर 13 राज्यों में छापेमारी की है।

## फ्रांसीसी सी-295 विमान भारतीय वायु सेना के बेड़े में शामिल

# रक्षा मंत्री ने पूजा कर बनाया 'स्वास्तिक'



'स्वास्तिक' चिह्न बनाकर विमान की पूजा करते रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह।

**नयी दिल्ली (हि.स.)।** फ्रांस से भारत को मिले पहले सी-295 परिवहन विमान को रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को विधि-विधान से पूजा करके 'स्वास्तिक' बनाकर वायु सेना के बेड़े में शामिल किया। इससे सेना की रसद तथा अन्य क्षमताओं में बढ़ावा होगा। यह भव्य कार्यक्रम एयर फोर्स के हिंडन एयरबेस पर वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी की मौजूदगी में हुआ। उन्होंने रक्षा मंत्री को विमान की इंडक्शन चाबी सौंपी। इसी तरह के 15 और विमान फ्रांस से 'फ्लाइंग मोड' में आयेंगे और 40 सैन्य परिवहन विमान टाटा कंपनी भारत में ही निर्माण करेगी।

एयर फोर्स के हिंडन एयरबेस पर आज सुबह भारत ड्रोन शक्ति-2023 कार्यक्रम में विभिन्न क्षमताओं वाले ड्रोन का प्रदर्शन किया गया। इस कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय मंत्री जनरल विजय कुमार सिंह (सेवानिवृत्त), वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी के साथ शामिल हुए। यहां 50 किलो से 100 किलो तक वजन ले जाने की क्षमता वाले ड्रोन का अद्भुत प्रदर्शन किया गया। इसके अलावा, किसानों को खेती में काम आने वाले, चिकित्सा सहायता के लिए एक जगह से दूसरी जगह मेडिकल सामग्री पहुंचाने, युद्ध के दौरान बमबारी करने वाले, सीमा पर सैनिकों की अग्रिम चौकियों तक खाद्य एवं रसद सामग्री पहुंचाने वाले ड्रोन का प्रदर्शन किया गया।

भारत ड्रोन शक्ति-2023 के दौरान प्रदर्शित ड्रोन की एक कांपैक्ट प्रणाली दिखायी गयी, जिसे मोटरसाइकिल पर ले जाया जा सकता है। विशेष मोटरसाइकिलों को बिना असेंबल किये ड्रोन ले जाने के लिए अनुकूलित किया गया है। आधुनिक कृषि पद्धतियों को शुरू करने के लिए किसान ड्रोन को ग्रामीण इलाकों में मोटरसाइकिलों का उपयोग करके ले जाया जा सकता है। भारतीय ड्रोन उद्योग की ताकत का यह अब तक का सबसे बड़ा प्रदर्शन रहा, जिसमें 50 से अधिक लाइव हवाई प्रदर्शन और ड्रोन के 75 से अधिक स्थिर प्रदर्शन शामिल रहे। इस प्रदर्शन में भारत की ड्रोन तकनीक में बढ़ती ताकत दिखी, जिसका मौजूद लोगों ने तालियां बजाकर और भारत माता की जय का उद्घोष करके स्वागत किया। इस भव्य कार्यक्रम के बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने फ्रांस से भारत को मिला पहला सी-295 परिवहन विमान औपचारिक रूप से वायु सेना के बेड़े में शामिल किया। राजनाथ सिंह ने विधि-विधान से पूजा करके विमान स्वास्तिक का निशान बनाया। यह सैन्य परिवहन विमान फ्रांस की एयरबस कंपनी ने 13 सितंबर को भारतीय वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी को स्पेन के सेविले में सौंपा था। इस विमान को वायु सेना के ग्रुप कैप्टन पीएस नेगी फ्रांस से मिस्र और बहरीन होते हुए उड़ाकर 20 सितंबर को भारत लाये और वडोदरा के वायु सेना स्टेशन पर उतारा। यह विमान सी -295 विमान आगरा एयरबेस पर तैनात होगा।

## भारत को विकसित राष्ट्र बनाना आइएएस अधिकारियों का सामूहिक लक्ष्य : राष्ट्रपति



**नयी दिल्ली (हि.स.)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को सिविल सेवकों से कहा कि भारत को एक समावेशी और विकसित राष्ट्र बनाना आपका सामूहिक लक्ष्य है। वर्तमान में विभिन्न केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों में सहायक सचिवों के रूप में तैनात 2021 बैच के 182 आइएएस अधिकारियों के एक समूह ने आज राष्ट्रपति भवन के सांस्कृतिक केंद्र में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की।

इस मौके पर राष्ट्रपति ने अधिकारियों से कहा कि आपकी सेवा अधिकार, भूमिका और जिम्मेदारी किसी भी अन्य सेवा से भिन्न है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि यह एक सेवा नहीं, बल्कि एक मिशन है। यह भारत और उसके लोगों को सुशासन के ढांचे के तहत आगे ले जाने का मिशन है। देश और उसके लोगों की सेवा करना उनकी नियति है। भारत को एक समावेशी और विकसित राष्ट्र बनाना आपका सामूहिक लक्ष्य है। राष्ट्रपति ने कहा कि आप साथी युवा नागरिकों को विभिन्न क्षेत्रों में उनकी क्षमता का एहसास कराने में सक्षम बनाकर एक बड़ा योगदान दे सकते हैं। उनके पास 2047 के विकसित भारत के निर्माण में योगदान देने का महान अवसर है। वे अपनी प्रतिबद्धता और रचनात्मकता के माध्यम से हमारे देश को बदलने में प्रभावी परिवर्तन-एजेंट बन सकते हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि एक दयालु सिविल सेवक, जिसका दिल गरीबों और वंचितों के लिए धड़कता है, वह एक सच्चा सिविल सेवक होता है। जो केवल एक करियर नौकरशाह से अलग होता है। समाज के वंचित वर्गों के लोगों का उत्थान करना सिविल सेवकों के लिए विश्वास का विषय होना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से 'फाइल से फील्ड' और 'फील्ड से फाइल' के बीच के संबंध को समझने का प्रयास करने का आग्रह किया।

## देश के आदिवासी बच्चों को मिलेगी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की शिक्षा

**एजेंसी**

**नयी दिल्ली।** देश की शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए जनजातीय मामलों के मंत्रालय की संस्था नेशनल एजुकेशन सोसायटी फॉर ट्राइबल स्टूडेंट (एनइएसटीएस) ने सोमवार को अमेजन फ्यूचर इंजीनियरिंग प्रोग्राम के तहत विशेष पाठ्यक्रम को लांच किया। इस पाठ्यक्रम के तहत छात्र कंप्यूटर, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और ब्लॉक प्रोग्रामिंग जैसे विषयों की पढ़ाई कर सकेंगे।

इसका मुख्य उद्देश्य दूरदराज इलाकों में स्थित स्कूलों में पढ़ने वाले आदिवासी छात्र-छात्राओं को कंप्यूटर के बारे में सिखाना है। इसमें छठवीं कक्षा से ही कंप्यूटर पर कोडिंग की क्लास कर सकेंगे।

केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री अर्जुन मुंडा ने दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये पाठ्यक्रम को लांच किया। उन्होंने कहा कि अमेजन फ्यूचर इंजीनियरिंग प्रोग्राम के तहत यह पाठ्यक्रम लांच किया गया है। इसके द्वारा यह सुनिश्चित किया जायेगा कि बड़ी संख्या में आदिवासी छात्र-छात्राओं को टेक फ्रेंडी बनाया जाये। उन्होंने कहा कि 20 घंटे के इस पाठ्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में डिजिटल एजुकेशन और कंप्यूटर शिक्षा के बारे में रुचि पैदा करने के साथ डिजिटल क्रांति के युग में उन्हें रोजगार दिलाने का भी है।

## अन्नाद्रमुक ने छोड़ा एनडीए का साथ

**नयी दिल्ली।** अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (एआइडीएमके) भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबधन (एनडीए) से अलग हो गया है। पार्टी का यह भी कहना है कि वह 2024 के लोकसभा चुनाव में एक अलग मोर्चे का नेतृत्व करेगा। पार्टी पदाधिकारियों, सांसदों और विधायकों की परामर्श बैठक में सर्वसम्मति से इस प्रस्ताव को पारित किया गया। करीब एक घंटे तक चली बैठक की अध्यक्षता महासचिव एडप्पादी के. पलानीस्वामी ने की। प्रस्ताव में भले ही भाजपा के किसी नेता का नाम नहीं था, लेकिन इशारा स्पष्ट रूप से भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के. अन्नामलाई की ओर था।

## राजस्थान ने कांग्रेस के कुशासन से मुक्ति पाने का फूंका बिगुल : पीएम



**जयपुर/नयी दिल्ली (हि.स.)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि राजस्थान के लोगों ने कांग्रेस सरकार के कुशासन और भ्रष्टाचार से मुक्ति पाने का बिगुल फूंक दिया है। उन्होंने कहा कि अशोक गहलोत सरकार ने राजस्थान के युवाओं के पांच महत्वपूर्ण साल बर्बाद कर दिये। प्रधानमंत्री ने राजस्थान के जयपुर में भाजपा की परिवर्तन संकल्प महासभा को संबोधित करते हुए कहा, मैं स्पष्ट रूप से देख सकता हूं कि राजस्थान में बदलाव होगा। राज्य के कोने-कोने में आयोजित परिवर्तन यात्रा को लोगों का भरपूर समर्थन मिला, जो बताता है कि राजस्थान का मौसम बदल चुका है।

उन्होंने कहा, पिछले पांच वर्षों में कांग्रेस ने जिस तरीके से राजस्थान में सरकार चलायी है, वह जीरो नंबर पाने लायक है। गहलोत सरकार ने यहां के युवाओं के 5 महत्वपूर्ण वर्ष बर्बाद कर दिये। इसलिए राजस्थान के लोगों ने ठान लिया है कि कांग्रेस सरकार को हटायेंगे और भाजपा को वापस लायेंगे।

प्रधानमंत्री ने विश्वास दिलाया कि राज्य में भाजपा सरकार बनने के बाद पेपर लीक माफिया पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने कहा कि पेपर लीक की घटनाओं ने राजस्थान को शर्मसार कर दिया है। कांग्रेस सरकार पेपर-लीक माफिया को बचा रही है। हमने भ्रष्टाचार के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की गारंटी दी है। आज, हर कोई भ्रष्टाचार में शामिल लोगों के खिलाफ कार्रवाई देख सकता है।

संसद और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत सीटें आरक्षित करने वाले नये कानून का जिक्र करते हुए प्रधानमंत्री ने जनसमूह से सवाल किया कि महिला आरक्षण विधेयक कौन लाया? भीड़ की ओर से मोदी-मोदी की गूंज पर कहा, आपका उत्तर गलत है, यह मैं नहीं, आपके वोट की ताकत है जिसने इसे संभव बनाया है।

### प्रधानमंत्री आज 51 हजार नियुक्ति पत्र सौंपेंगे

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 26 सितंबर को सुबह 10:30 बजे वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से नवनियुक्त भर्तियों को लगभग 51,000 नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नियुक्त व्यक्तियों को संबोधित भी करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने सोमवार को एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। इसमें कहा गया है कि रोजगार मेला देश भर में 46 स्थानों पर आयोजित किया जायेगा। इस पहल का समर्थन करने वाले केंद्र सरकार के विभागों के साथ-साथ राज्य सरकारों-केंद्र शासित प्रदेशों में भर्तियां हो रही हैं। देश भर से चयनित नयी भर्तियां डाक विभाग, भारतीय लेखा परीक्षा और लेखा विभाग, परमाणु ऊर्जा विभाग, राजस्व विभाग, उच्च शिक्षा विभाग, रक्षा मंत्रालय, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय सहित विभिन्न मंत्रालयों-विभागों में सरकार में शामिल होंगी।

## छत्तीसगढ़ की जनता से जो वादा किया पहली कैबिनेट में पूरा किया : राहुल गांधी

**बिलासपुर /रायपुर (हि.स.)।** बिलासपुर संभाग के तखतपुर के परसदा गांव में सोमवार को कांग्रेस सांसद राहुल ने सभा को संबोधित करते हुए दावा किया कि छत्तीसगढ़ की जनता से जो हमने वादा किया, वो पहली कैबिनेट में पूरा किया। हमारी सरकार गरीबों की, आदिवासियों, पिछड़े वर्ग की सरकार है।

राज्य के बिलासपुर जिले के परसदा गांव में आवास न्याय सम्मेलन को संबोधित करते हुए सम्मेलन में गांधी ने भूपेश बघेल सरकार की ग्रामीण आवास न्याय योजना की शुरुआत की। राहुल गांधी ने कहा कि हमने चुनाव में आपसे जो वादे किये थे, उन सभी को पूरा किया। बिजली बिल हाफ, धान का उचित दाम, सभी वादों को निभाया। किसान न्याय योजना में हमने 21 हजार करोड़ रुपये इनपुट सब्सिडी के माध्यम से दिये। जिन किसानों के पास जमीन नहीं थी, उन्हें 7 हजार रुपये दिये। आदिवासियों को लघु वनोपजों के लिए समर्थन मूल्य दिया। स्वास्थ्य में पांच लाख रुपये के इलाज की सुविधा दी गयी। 70 लाख परिवारों को लाभ मिला। 42 हजार वैकेंसी भरी। एक लाख 30 हजार युवाओं को बेरोजगारी भत्ता दिया गया। उन्होंने पूछा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जातीय जनगणना से क्यों डरते हैं? कांग्रेस नेता ने कहा कि यदि हम सत्ता में आये, तो हमारा पहला कदम जातीय जनगणना कराना और ओबीसी की भागीदारी सुनिश्चित करना होगा। इससे पहले राहुल गांधी एवं मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आवास न्याय सम्मेलन में 669.69 करोड़ के 414 विकास कार्यों का किया लोकार्पण-भूमिपूजन किया।

### बिलासपुर से रायपुर तक राहुल गांधी ने की ट्रेन यात्रा

**रायपुर।** बिलासपुर में सभा के बाद राहुल गांधी सामान्य यात्रियों की तरह लोगों के साथ बैठकर इंटरसिटी एक्सप्रेस के स्लीपर कोच में सवार होकर सोमवार शाम रायपुर पहुंचे। राहुल गांधी के साथ प्रदेश के मुखिया भूपेश बघेल समेत तमाम कांग्रेसी नेता उनके साथ मौजूद थे। रायपुर रेलवे स्टेशन पर राहुल गांधी के दौरे को लेकर जबरदस्त सुरक्षा की गयी थी। बिलासपुर से राजधानी रायपुर आने के बाद राहुल गांधी ने मंत्रियों के साथ चर्चा की।

### राहुल के वायनाड से उम्मीदवारी पर फैसला लेगा शीर्ष नेतृत्व : चौधरी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल कांग्रेस के अध्यक्ष और लोकसभा में पार्टी के नेता अधीर रंजन चौधरी ने 2024 के लोकसभा चुनाव के दौरान पार्टी नेता राहुल गांधी की संभावित लोकसभा सीट को लेकर महत्वपूर्ण बयान दिया है। सोमवार को उन्होंने कहा कि राहुल गांधी कहां से चुनाव लड़ेंगे, इसका फैसला पार्टी का शीर्ष नेतृत्व लेगा। आइएनडीआइ गठबंधन में शामिल केरल की पार्टी भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने वायनाड सीट पर चुनाव लड़ने की बात कही है। पार्टी ने कहा है कि राहुल गांधी को यह सीट सहयोगी दलों के लिए छोड़नी चाहिए, क्योंकि मुख्य मकसद भाजपा को हराना होना चाहिए।

## वैश्विक समस्याओं के निस्तारण में भूमिका निभा सकते हैं दक्षिणी देश : रुचिरा

**न्यूयार्क।** वैश्विक मसलों के निर्णय लेने में विश्व का दक्षिणी भाग प्रभावी भूमिका अदा कर सकता है। विश्व की ज्यादातर समस्याएं दक्षिणी भाग के देश पैदा नहीं करते, लेकिन उन समस्याओं का प्रभाव उन पर भी पड़ता है। यह बात संयुक्त राष्ट्र में भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने कही है। जनवरी 2023 में नयी दिल्ली में आयोजित दक्षिणी भाग के देशों के नेताओं के सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि वैश्विक समस्याएं दक्षिण में पैदा नहीं होतीं, बल्कि उनका प्रभाव दक्षिणी देशों को झेलना पड़ता है। विश्व के दक्षिणी भाग में भारत, चीन, ब्राजील, इंडोनेशिया सहित 78 देश आते हैं। इनमें ज्यादातर विकासशील देश हैं। पीएम मोदी की बात को दोहराते हुए रुचिरा कंबोज ने कहा, दक्षिण के देश विश्व व्यवस्था बनाने में सक्रिय भूमिका निभा सकते हैं। ये देश वैश्विक निर्णयों में भी अहम भागीदारी निभा सकते हैं।

## भारत जल्द ही हाइड्रोजन के उत्पादन और निर्यात का केंद्र बनेगा : पुरी



**नयी दिल्ली (हि.स.)।** केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने सोमवार को नयी दिल्ली के कर्तव्य पथ से पहली हरित हाइड्रोजन ईंधन सेल बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि भारत जल्द ही हाइड्रोजन के उत्पादन और निर्यात का केंद्र बनेगा। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी के साथ मंत्रालय में राज्य मंत्री रामेश्वर तेली और सचिव पंकज जैन, इंडियन ऑयल के अध्यक्ष एसएम वैद्य भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

हरदीप पुरी ने बताया कि हाइड्रोजन के साथ, स्वच्छ और हरित ऊर्जा की दिशा में भारत का आगे बढ़ना किसी क्रांति से कम नहीं है। अब पहली दो हाइड्रोजन सेल बसों को हरी झंडी दिखाने के साथ हमने शुरुआत कर दी है और उम्मीद है कि इस साल के अंत तक ऐसी 15 अन्य बसें दिल्ली एनसीआर की सड़कों पर चलेंगी। युवा, स्कूली बच्चों, अधिकारियों और मीडियाकर्मियों की उपस्थिति में पहली हाइड्रोजन सेल बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए हरदीप सिंह पुरी ने हाइड्रोजन की अवधारणा और इसे भविष्य के लिए ईंधन के रूप में उपयोग करने के लाभों के बारे में बताया।

## शर्मनाक : कनाडा की संसद में हिटलर समर्थक पूर्व सैनिक सम्मानित

**ओट्टावा।** कनाडा की जस्टिन ट्रूडो सरकार लगातार शर्मनाक हरकतें कर रही है और कनाडा की संसद उन शर्मनाक हरकतों का हिस्सा बन रही है। अब कनाडा की संसद में हिटलर समर्थक एक पूर्व सैनिक को सम्मानित किये जाने का मामला सामने आया है, जिसके लिए बाद में कनाडाई संसद के स्पीकर को माफी तक मांगनी पड़ी है। हाल ही में यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कनाडा का दौरा किया। जेलेंस्की के संसद में संबोधन के दौरान द्वितीय विश्व युद्ध का हिस्सा रहे एक पूर्व सैनिक यारोस्लोव हुंका को यूक्रेनी नायक के तौर पर सम्मानित किया गया। हुंका ने यूक्रेन की तरफ से रूस के खिलाफ युद्ध लड़ा था। इस दौरान कनाडा के सभी सांसदों ने हुंका का खड़े होकर अभिवादन किया। हालांकि, बाद में पता चला कि हुंका ने हिटलर की नाजी सेना में भी अपने सेवाएं दीं। यह जानकारी सामने आने पर हंगामा हो गया। नाजी समर्थक को सम्मानित किये जाने को बेहद शर्मनाक करार दिया जा रहा है।

## प्रगति प्रतीक क्लब किशोरगंज : पंडाल से मिलेगा पर्यावरण बचाने का संदेश



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** इस बार दुर्गा पूजा शुरू होते ही राजधानी रांची में लोगों को एक से बढ़कर एक मूर्ति और पंडाल देखने का मौका मिलेगा। किशोरगंज हरमू रोड में इस बार प्रगति प्रतीक क्लब दुर्गा पूजा समित द्वारा भव्य पंडाल का निर्माण किया जा रहा है। यह भव्य पंडाल इको फ्रेंडली तरीके से तैयार होगा। इसमें बांस, बेंत, कौड़ी, कपड़ा, मेट, मोती का प्रयोग होगा। प्रकृति से जुड़ी वस्तुओं से पंडाल का निर्माण करने के लिए बंगाल के मेदनीपुर से 30 से अधिक कारीगर रांची पहुंचे हुए हैं। अजय पाल द्वारा मां की प्रतिमा का निर्माण किया जा रहा है। इस बार का बजट 15 लाख रुपये रखा गया है। पंडाल में और इसके आसपास रंग-बिरंगी लाइट लगायी जायेंगी। इससे पंडाल सज्जा का आकर्षण बढ़ जायेगा।

### दुर्गा पूजा पंडाल

#### इको फ्रेंडली पंडाल से होगी पर्यावरण को बचाने की अपील



क्लब के संयोजक नवीन चंचल ने बताया कि इस बार इको फ्रेंडली पंडाल निर्माण कराने के लिए 30 से अधिक कारीगर रांची पहुंचे हैं। यह सभी कारीगर बांस, बेंत, कौड़ी, कपड़ा, मेट, मोती यानी, प्रकृति से जुड़ी वस्तुओं से पंडाल का निर्माण कर रहे हैं। हमारा पंडाल भी लोगों का ध्यान आकर्षित करेगा, इसमें कोई शक नहीं है। बता दें कि का पंडाल हर साल झारखंड के लोगों के बीच आकर्षण का केंद्र होता है। पूजा के साथ-साथ पंडाल के माध्यम से लोगों से पर्यावरण को बचाने की अपील भी की जायेगी।

## पूरे दिन उतार-चढ़ाव के बाद सपाट स्तर पर बंद हुआ बाजार

**नयी दिल्ली।** दिनभर उतार-चढ़ाव का सामना करने के बाद घरेलू शेयर बाजार सोमवार को सपाट स्तर पर मामूली बढ़त के साथ बंद हुआ। इसी के साथ बाजार में पिछले सप्ताह के चारों कारोबारी दिनों से जारी गिरावट के सिलसिले पर ब्रेक लग गया। निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 22 हजार करोड़ रुपये का मुनाफा हो गया। आज के कारोबार की शुरुआत भी सपाट स्तर पर हुई थी। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.02 प्रतिशत और निफ्टी 0.002 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुए। पूरे दिन की खरीद बिक्री के बाद बीएसइ सेंसेक्स 14.54 अंक की मामूली बढ़त के साथ 66,023.69 अंक के स्तर पर बंद हुआ। दिन भर के कारोबार के बाद एनएसइ का निफ्टी 0.30 अंक की सांकेतिक मजबूती के साथ 19,674.55 अंक के स्तर पर बंद हुआ।


VERMA PRESS ® वर्मा प्रेस प्रा० लि० राँची

Verma's® Today®

श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

| Class - X | | Class - IX | |
|---|---|---|---|
| Hindi | ₹ 140 | Hindi | ₹ 140 |
| English | ₹ 140 | English | ₹ 140 |
| Mathematics | ₹ 140 | Mathematics | ₹ 140 |
| Science | ₹ 140 | Science | ₹ 140 |
| Social Science | ₹ 140 | Social Science | ₹ 140 |
| Sanskrit | ₹ 120 | Sanskrit | ₹ 120 |
| Hindi – B | ₹ 140 | Hindi – B | ₹ 80 |
| Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 | Hindi Vyakaran– II | ₹ 120 |
| English Grammar– II | ₹ 120 | English Grammar– II | ₹ 120 |
| Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 | Sanskrit Vyakaran–II | ₹ 100 |
| Hindi Practical | ₹ 55 | Hindi Practical | ₹ 55 |
| English Practical | ₹ 55 | English Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical | ₹ 65 | Maths. Practical | ₹ 55 |
| Science Practical | ₹ 65 | Science Practical | ₹ 70 |
| S. Science Practical | ₹ 65 | S. Science Practical | ₹ 65 |
| Sanskrit Practical | ₹ 55 | Sanskrit Practical | ₹ 55 |
| Maths. Practical (Combined) | ₹ 90 | Maths. Practical (Combined) | ₹ 75 |
| Science Practical (Combined) | ₹ 90 | Science Practical (Combined) | ₹ 75 |
| **English Medium** | | **English Medium** | |
| Mathematics | ₹ 200 | Mathematics | ₹ 130 |
| Science | ₹ 200 | Science | ₹ 200 |
| Social Science | ₹ 200 | Social Science | ₹ 130 |
| Maths. Practical | ₹ 80 | Maths. Practical | ₹ 80 |
| Science Practical | ₹ 80 | Science Practical | ₹ 80 |
| S. Science Practical | ₹ 80 | S. Science Practical | ₹ 80 |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

### पत्रकारिता की दशा-दिशा पर असमंजस और वर्तमान संदर्भ में मूल्यांकन

# पत्रकारिता बनाम कद और पद !



**श्याम किशोर पाठक**

**पत्रकारों** के ही कार्यक्रम में एक युवा नेता ने जब पत्रकारों की ग्रेडिंग करने की बात कही थी, तब मैने उसे टोका था और उसे ऐसी बात करने से रोकने की भरपूर कोशिश भी की थी। यह जानते हुए कि हमारी बिरादरी अब वैसी नहीं, जिसे पावन और पावक समझा जाता था। बल्कि आज हम अनैतिक और अशिष्ट नेताओं की बिरादरी जैसा ही बन गए हैं। जहां नैतिकता और सुचिता के आवरण में व्यभिचार/भ्रष्टाचार ही सबका मकसद बन गया है।

हमारी बिरादरी में भी आज अधिकांश लोग ऐसे हैं जो न तो पावन हैं, और ना ही उनमें पावक बनने की तेज और शक्ति है। इसलिए मैं तब भी वाकिफ था कि उस नए नेता की बातों का भी कोई न कोई मतलब जरूर है। उसने कोई बेवजह ही ऐसी बातें नहीं की है। भले परिस्थिति को देखते हुए तब उसकी बात बचकानी और नागवार जरूर लग रही थी। मगर उसकी बातें बेमतलब या बेतुकी नहीं थी। उसकी बात को एकदम से खारिज नहीं किया जा सकता।

पर मैं भी क्या करता, जब कोई व्यक्ति इस पेशे की गरिमा को बचाने तथा उसकी जीवंतता और उपादेयता को बरकरार रखने में खुद को खपा दे, इसके बाद भी उसे भीड़ का हिस्सा बनकर यह बात सुननी पड़े, तो लाजमी है कि वह इस तरह की बातों का विरोध अवश्य ही करेगा। फिर जब ऐसे लोगों की यह छटपटाहट मन की कश्मकश को तोड़कर बाहर आती है, तब समाज के फर्जी प्रहरी बने नेताओं और सामाजिक पुरोधाओं के लिए अपनी धोती/पैंट बचाना भी मुश्किल हो जाता है।

लेकिन यह भी सत्य है कि जब पूरा समाज ही पत्रकारों को लेकर एक कन्फ्यूजन की स्थिति में फंसा हो, ऐसे में कोई यह कैसे निर्णय करे कि वह किसे आला दर्जे का और किसे दोयम दर्जे का पत्रकार माने? इसलिए सबने सभी पत्रकारों के बारे में एक मिली जुली राय बना ली है। जिसके तहत जो जिसके काम आया, जो चीज जिसे सूट कर गई, वह उसके लिए अच्छा पत्रकार और जो किसी की बात नहीं मानता, किसी के प्रति अनुग्रह/विग्रह नहीं रखता, वह बुरा और दुराग्रही पत्रकार हो जाता है।

नेताओं द्वारा पत्रकारों को अच्छा और बुरा होने का सर्फिकेट दिया जाना, कोई नई बात नहीं। फिर ऐसी सोच वाले जनतंत्र में जहां समय और चेहरा देखकर पत्रकार अच्छा और बुरा, बड़ा और छोटा कहलाता है, वहां भला कोई नेता, पत्रकारों की ग्रेडिंग की बात कैसे कर सकता है?

लेकिन इस दलील के साथ ही यह भी उतना ही सच है कि पत्रकारों में ऐसी कई श्रेणियां हैं, जो अघोषित रूप से दिखती भी है और कही-सुनी भी जाती है। चाहे भले ही हम बिरादरी की लाज बचाने के लिए कितना भी दलीलें दे लें, मगर इस सत्य से कोई मुख नहीं मोड़ सकता कि इस बिरादरी में भी इंक्लूजन हुआ है। यहां भी नेता/अभिकर्ता और मिडलमैन सरीखे लोगों की संख्या में बढ़ोत्तरी हुई है।




लेकिन अफसोस उस युवा नेता की ही तरह पूरा समाज, पूरा सिस्टम और अपनी पूरी बिरादरी भी ऐसे लोगों की पहचान को सामूहिक बनाकर पूरी जमात पर ही सवाल खड़ा करती रही है। वे परखने की कोशिश करने के बजाए एक ही डंडे से सबको हांक लगाते हैं। शायद ऐसा करना उन्हें आसान लगता है? मगर वे ऐसा करके अच्छे लोगों की तौहीन ही करते हैं। बुरे को बुरा कहने की हिम्मत नही कर पाने के कारण वे इसी बहाने सबकी मयार्दा को खंडित कर रहे हैं/होने दे रहे हैं। जबकि ऐसे लोगों को चिन्हित करके उन्हें अलग-थलग करने की जरूरत है।

किंतु यह सब जानते हैं। उन्हें पता है, ऐसा करना संभव नहीं। क्योंकि आज के पत्रकारों की बिरादरी में ऐसे लोगों की ही संख्या अधिक है। इन्हें तीन चौथाई का बहुमत प्राप्त है। वैसे भी आज की पत्रकारिता विद्वान या ज्ञानी होने का पर्याय नहीं, बल्कि रोजी/रोजगार का एक जरिया, एक प्रोफेशन है। फिर इतनी हिमाकत भला कौन करे? सबको ही सबसे अच्छा कहलाना है। चाहे वे जिस बिरादरी और समूह के हों। बस सब यही कर रहे हैं। मौका आया तो दूसरे को भाषण पिला दिया। अपनी बारी आई तब तो और बड़ा मौका। सार्वजनिक मंच से ये अपने सामने राजा राम और हरिश्चंद्र को भी पानी कम चाय बना दें।

चाहे नेता हों या पत्रकार वो सब सबकुछ जानते हुए भी व्यक्तिगत रूप से गंदे और फर्जी लोगों के बारे में कुछ नहीं बोलते/कहते। क्योंकि उन्हें अपने सच का भी पता होता है। सच तो यह है कि किसी के खिलाफ बोलने की स्थिति में वही होता है, जो यह जानता है कि कोई चाहकर भी उसके खिलाफ कुछ बोल नहीं सकता। कोई एलिगेशन नहीं लगा सकता। कोई उसके चरित्र पर सवाल खड़ा नहीं कर सकता। दूसरी बात यह भी कि ये नेता और समाजसेवी भी यह बखूबी जानते हैं कि ऐसे ही उठाईगिरे और चालू लोग उनके काम आयेंगे।

पत्रकारों की जमात की ओर से भी कभी कोई इस बिगड़ती स्थिति के खिलाफ कुछ नहीं बोलता/करता तो यह भी एक बड़ी मजबूरी है। जब भेड़ियों की जमात हो और वहां कोई इक्का-दुक्का ही शेर बच जाए तो भेड़ियों के खिलाफ जाना शेर के लिए भी हिमाकत करने जैसी बात होती है। सारे भेड़िए एक साथ मिलकर शेर को ही छेड़ना/नोचना शुरू कर देते हैं। नतीजा उसे ही वहां से पलायन करना पड़ता है। शेर के लिए भी भेड़ियों के बीच रहना दुश्वार हो जाता है।

पत्रकारिता के नए वर्जन में नेताओं की ही तरह एक और जो नई बात देखने को मिल रही है, वह है पद की लिप्सा। इनमें से कइयों को अध्यक्ष, केंद्रीय अध्यक्ष, महामंत्री, कोषाध्यक्ष और तथाकथित संरक्षक बनना होता है। ताकि वे भले अपने गुणों से न सही, पर इस जमात को दिखाकर बड़ा बन सकें और इस गिरोह के माध्यम से अपनी ठकुराई चला सकें।

आश्चर्य की बात यह है कि सिरमौर बनने की छटपटाहट उनमें ही सबसे ज्यादा है, जो पत्रकार बनकर नेताओं की तरह प्रतिष्ठा की जगह दौलत/धन/संपत्ति तो अर्जित कर ली है, मगर समाज के अच्छे लोग उन्हें बड़ा मानने को तैयार नहीं। सब उन्हें उनके असली रूप से ही जानते हैं। जिनका असली समाजिक मोल कौड़ी की भी नहीं। ऐसी स्थिति में उन्हें लगता है कि पद का यह तमगा उन्हें बड़ा बना देगा। परंतु यह परम सत्य है कि व्यक्ति का कद सभी पदों से बड़ा है। पद के लिए बड़े और अच्छे लोग कभी ऐसे

# सहजता-संवेदनशीलता से सींचिये रिश्ते

**डॉ. मोनिका शर्मा**

**आपसी** बातचीत का तरीका रिश्तों में सहजता भी ला सकता है और दूरियां भी। कहने-सुनने का तरीका ही यह तय करता है कि रिश्तों के हिस्से मजबूती आएगी या बिखराव। ऐसे में हर बात और जज्बात को जाहिर करने के सही अंदाज को लेकर सोचना जरूरी है। शब्द हों या भाव, यूं लगना जरूरी है कि आप सचमुच साझी जिंदगी जी रहे हैं। पर्सनल बातचीत में भी अपनेपन का भाव जरूरी है। पर्सनल टॉक को लेकर हुए एक ताजा मनोवैज्ञानिक शोध के मुताबिक, मैं और मेरा जैसे एकवचन शब्दों के बजाय हम, हमारे और अपने जैसे बहुवचन शब्दों का उपयोग करने से रिश्ते मजबूत होते हैं। संवाद का यह रंग-ढंग जीवन में संतुष्टि की सौगात देता है। रिसर्चर्स ने इसे वी-टॉक का नाम दिया है। यह शोध लंबे समय तक इस्तेमाल किए गए शब्दों और पति-पत्नी के बीच रिश्ते से जुड़ा है।

### भावनाओं का सेतु बने संवाद

अपनों के बीच भावनाओं का सेतु बनाने में आपसी संवाद की भूमिका अहम है। इसी शोध में सामने आया कि हर व्यक्ति की सोच और स्वभाव एक-दूसरे से अलग होते हैं, लेकिन फिर भी सभी घर में एक-दूसरे के साथ संतुलन बनाकर चलते हैं। अकसर व्यवहार बिल्कुल अलग होने और सोच एक-दूसरे से न मिलने के कारण रिश्ते खराब हो जाते हैं और कई बार टूट भी सकते हैं। ऐसे में वी-टॉक करने से हमारे मस्तिष्क में मैसेज चला जाता है कि पति-पत्नी दो अलग यूनिट नहीं बल्कि एक ही हैं। नतीजा यह कि लंबे समय तक रिश्ते बने रहते हैं। साझे संवाद से दोनों की भावनाओं में भी सहज मेल होने लगता है। जैसे एक को दर्द होता है तो दूसरा बिना कहे इसे पहचान लेता है। ऐसे कई पहलुओं पर वी-टॉक से जुड़ाव को मजबूती देने वाले परिणाम सामने आए हैं। यह कहीं न कहीं रिश्तों को मजबूती से जोड़ने वाला भावनाओं का पुल बनाने वाली बात ही है।

### गहरे जुड़ाव को बल

शेयरिंग की सोच केयरिंग वाले जज्बातों का जुड़ाव पैदा करती है। सम्बन्धों में मजबूती लाती है। लाजिमी भी है क्योंकि भावनाओं की यह हिस्सेदारी असल में जीवन को ही नहीं, मन के इमोशन्स को भी शेयर करने वाली बात है। यह साझी सोच हर मामले में संवेदनाओं को पोषित करती है। एक-दूजे के साथ सुख और उपलब्धियों के दौर में ही नहीं बल्कि तकलीफों के समय भी जोड़े रखती है। हालिया बरसों में साझा जीवन जी रहे दो इन्सानों में भी बातचीत कम से कम होती जा रही है। संवाद की सहजता वाला परिवेश सिकुड़ रहा है। करीबी रिश्तों में भी न तो दुख को कहा जाता है और न ही सुख साझा करने की आदत बची है। अनकही सी ये दूरियां पति-पत्नी के उम्रभर के रिश्ते में भी मतभेद और मनमुटाव पैदा कर रही हैं। शक और संदेह का घेरा कसता जा रहा है। तलाक के मामले इस आधार पर दायर किए जा रहे हैं कि रिश्ते में आपसी संवाद न के बराबर है। साथ रह रहे दो लोग एक-दूजे को ठीक से जान तक नहीं पा रहे। ऐसे में यह समझना जरूरी है कि बिना बातचीत के किसी भी रिश्ते को कायम रखना मुश्किल ही होता है। हर उम्र के लोगों में भावनात्मक जुड़ाव को पोसने के लिए अपने-अपने मन की कहना और सुनना आवश्यक है।

### बच्चों की भी बेहतरी

वी-टॉक, यानी साझे जीवन के भाव से जुड़े संवाद से परवरिश का पहलू भी जुड़ा है। अभिभावकों के सहज और मर्यादित आपसी संवाद से बच्चों में शालीन भाषा का विकास होता है। इतना ही नहीं, पेरेंट्स का नियमित बातचीत करना बच्चों के पालन-पोषण पर भी गहरा असर डालता है। इसीलिए पेरेंट्स को अपनी चुप्पी के परिणामों के ऐसे पहलुओं पर भी गौर करना चाहिए। छुटपन से ही अपने आप में खोये रहने वाले माता-पिता के साथ रहने वाला बच्चा सामाजिक कौशल नहीं सीख पाता। घर में सहज और स्नेहपगे संवाद के अभाव में कई बार तो बच्चे जरूरी सूचनाएं तक शेयर नहीं कर पाते।

जो उम्र खुलकर बोलना सीखने की होती है, उसमें बच्चे सहमे-से रहने लगते हैं। बिना सोचे अभिभावकों से अपनी इच्छाएं, शौक और सपने साझा करने की उम्र में बच्चे सधकर बोलने लगते हैं। परवरिश के मोर्चे पर यह बेहद असहज करने वाला पहलू है। यह सहमा सा बर्ताव बच्चों के सर्वांगीण विकास में बड़ी बाधा बनता है।

# रांची आरा गेट के आवासीय क्षेत्र आज भी बदहाल

### आजादी के 75 वर्ष बाद भी पक्की सड़क से नहीं जुड़ पाया आरा पंचायत का साखे टोली गांव
### *स्ट्रीट लाईट का अभाव, *मोबाईल का टार्च जलाकर आना-जाना करते हैं ग्रामीण

**मृत्युंजय प्रसाद**









**रांची** से 12 किलोमीटर एवं रांची-पुरुलिया मुख्य मार्ग से एक किलोमीटर की दूरी पर स्थित नामकुम प्रखंड अंर्तगत आरा पंचायत का साखे टोली गांव आजादी के 75 वर्ष बाद भी पक्की सड़क से नहीं जुड़ पाया है। जिससे यहां के लोगों को आने -जाने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। आदिवासी बहुल साखे टोली गांव में करीब 100 परिवार रहते हैं एवं यहां की कुल आबादी करीब 500 है एवं यहां का मुख्य पेशा खेतीबारी है। हालांकि आधे से अधिक परिवार के लोग सरकारी एवं प्राईवेट नौकरी पेशा से जुड़े हुए हैं। रांची-पुरुलिया मार्ग से इस गांव को जोड़ने के लिए आज से करीब दो दशक पूर्व करीब 200 फीट पत्थर सोलिंग किया गया था, लेकिन आज स्थिति यह है कि पत्थर इधर उधर बिखरे पड़े हैं एवं मोरम के अभाव के कारण पत्थर के उपर से लोगों का चलना दूभर हो गया है। इधर इस गांव तक आने- जाने के दौरान रांची -मुरी रेलवे लाईन पड़ता है। ग्रामीण बताते हैं कि पहले रेलवे फाटक था जिससे लोग रेलवे लाईन पार करते थे ,लेकिन करीब दो वर्ष पूर्व रेलवे फाटक को बंद का दिया गया है और रेलवे फाटक से करीब 200 मीटर की दूरी पर रेलवे लाईन के नीचे भीतरी पुल का निर्माण किया गया है और भीतरी पुल को जोड़ने के लिए पीसीसी पथ का भी निर्माण किया गया है। लेकिन स्थिति यह है कि रेलवे के भीतरी पुल के नीचे बरसात के दिनों में घुटना भर पानी हमेशा जमा रहता है जिससे खासकर पैदल आने-जाने वाले लोगों का भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इधर साखे टोली के पश्चिम की ओर एक नया कालोनी बन रहा है। इस कालोनी में भी करीब 30 परिवार रहते हैं यहां भी सड़क कच्ची है और यहां के लोग कच्ची सड़क से होकर साखे टोली को जोड़ने वाली सड़क पर ट्रांसफार्मर के सामने आकर रेलवे के भीतरी पुल से होकर रांची-पुरुलिया मार्ग में आना जाना करते हैं।

यहां के ग्रामीण बताते हैं कि रांची- पुरुलिया मार्ग से साखे टोली को जोड़ने वाली सड़क के किनारे स्ट्रीट लाईट के नहीं रहने के कारण सूर्यास्त के बाद इस मार्ग पर अंधेरा छा जाता है जिससे इस पथ पर आने जाने वाले लोगों को रात को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। अंधेरा होने के कारण आने जाने वाले लोगों को को मोबाईल टार्च की रोशनी से आना जाना करना पड़ता है। सड़क एवं स्ट्रीट लाईट की समस्या लेकिन उप मुखिया श्री एक्का को पूरा भरोषा है कि शीघ्र ही पथ निर्माण के लिए प्रशासनिक स्वीकृति और आवंटन शीघ्र ही प्राप्त हो जायेगा और साखे टोली के ग्रामीणों को सड़क की समस्या से निजात मिलेगी।



### दूर करने को लेकर प्रयासरत: अनुज एक्का

स्थानीय साखे टोली निवासी एवं आरा पंचायत के युवा उप मुखिया अनुज एक्का बताते हैं कि वह साखे टोली में सड़क एवं स्ट्रीट लाईट की समस्या को दूर करने को लेकर काफी प्रयासरत हैं। वह अपने स्तर से स्थानीय सांसद एवं विधायक को यहां की समस्या से अवगत करा चुके हैं, लेकिन अभी तक कोई सकारात्मक पहल सांसद- विधायक के द्वारा नहीं हो पाया है। श्री एक्का ने बताया कि वे पंचायत के स्तर से रांची क्षेत्रीय विकास प्राधिकार से रांची पुरुलिया मार्ग से साखे टोली तक पथ निर्माण कराने की मांग रख चुके हैं। इसी के आलोक में रांची क्षेत्रीय विकास प्राधिकार के अभियंताओं ने इस पथ के निर्माण के लिए प्राक्कलन तैयार कर रांची क्षेत्रीय विकास प्राधिकार,रांची के कार्यालय में जमा कर चुके हैं । आरा पंचायत के उप मुखिया अनुज एक्का ने बताया कि रांची क्षेत्रीय विकास प्राधिकार,रांची के भू-सम्पदा पदाधिकारी-सह-सचिव ने पत्रांक-1301, दिनांक 01-08-2023 के माध्यम से श्री राज कुमार सरकार के अवर सचिव नगर विकास एवं आवास विभाग झारखंड सरकार ,रांची को पीसीसी पथ निर्माण के लिए प्राक्कलन की प्रशासनिक स्वीकृति एवं आवंटन के लिए लिखा है लेकिन अबतक प्रशासनिक स्वीकृति एवं आवंटन उपलब्ध नहीं कराये जाने के कारण पथ निर्माण का कार्य नहीं हो पा रहा है।

# छोटी उम्र में बड़ी जंग



**रामलाल प्रसाद**
**सचिव जन सेवा परिषद हजारीबाग**

(केस स्टडी) झारखंड के कोडरमा की 15 साल की सुधा ( बदला हुआ नाम) के साहस और संघर्षों को सलाम किया जा सकता है। परिवार बेहद गरीब था और फिर पिता की भी मृत्यु हो गई। घर में पाई-पाई के संकट के कारण पढ़ाई छोड़नी पड़ी और पांच लोगों के परिवार का पेट भरने के लिए नन्हीं सी सुधा रोजाना 14 घंटे अभ्रक की खदानों में खटने लगी। झारखंड में अभ्रक की खदानें पहले नन्हें बच्चों के शोषण और बाल मजदूरों के इस्तेमाल के लिए कुख्यात थीं। लेकिन कमरतोड़ मेहनत के बाद भी सुधा को मुश्किल से 50 रुपए मिल पाते जिससे किसी तरह पांच लोगों के परिवार का पेट भरता था।

इसी बीच सुधा के घर वालों ने उसकी शादी तय कर दी। लेकिन सुधा किसी भी तरह पढ़ना चाहती और इस उम्र में शादी के खिलाफ थी। उसने अपने घर वालों को मनाने की हर चंद कोशिश की लेकिन नाकाम रही। रुकवाने में मदद के लिए बीएमजी के सदस्यों से संपर्क किया। लेकिन उसके परिवार ने मिलने से इनकार कर दिया। किसी तरह से वे मुलाकात के लिए राजी हुए। इसके बाद कई मुलाकातों और मान मनुहार के बाद उन्होंने अनमने मन से बालिग होने तक सुधा की शादी नहीं करने का वादा किया। बीएमजी ने सुधा का एक स्कूल में उसका दाखिला करा दिया और इस तरह उसकी पढ़ाई एक बार फिर शुरू हो गई। सुधा बीएमजी की सक्रिय सदस्य हो गई थी और पिछले साल अपने गांव की बाल पंचायत की उपाध्यक्ष चुनी गई। एक बार स्कूल जाना शुरू करने के बाद सुधा ने अभ्रक की खदानों में काम बंद कर दिया। अब परिवार उसे बोझ समझने लगा था और किसी तरह उसके हाथ पीले कर उसे विदा करने की जुगत में था।

शादी के लिए परिवार वालों के लगातार दबाव से परेशान होकर सुधा ने प्रखंड विकास अधिकारी (बीडीओ) से इसकी शिकायत की। बीडीओ ने तत्काल कार्रवाई करते हुए सुधा के परिजनों से संपर्क किया और उन्हें इस तरह का गैरकानूनी कदम उठाने के खिलाफ चेतावनी दी। सुधा अब अपने गांव और आस पास की बच्चियों को बाल विवाह



सुधा को अपने गांव में बाल मित्र ग्राम (बीएमजी) के बारे में पता चला। कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेंस फाउंडेशन द्वारा संचालित बीएमजी अपनी अभिनव पहलों के माध्यम से ग्रामीण इलाकों में बच्चों को अगली पांत में रखकर न सिर्फ उन्हें जागरूक कर रहा है बल्कि बाल विवाह एवं बाल श्रम के खिलाफ लड़ाई में नए योद्धा तैयार कर रहा है। यह लोकतांत्रिक हस्तक्षेपों और कार्रवाइयों के जरिए अपने जीवन और समुदाय में सकारात्मक परिवर्तनों के लिए बच्चों को प्रेरित और प्रोत्साहित करते हुए बाल श्रम, बाल विवाह और बाल यौन उत्पीड़न से बचाव के लिए उनके ईर्द-गिर्द एक सुरक्षा घेरे का निर्माण करता है। सुधा ने अपना बाल विवाह के नर्क में जाने से बचाने की लड़ाई लड़ रही है।

नोबेल शांति पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी कहते हैं, ह्लबच्चों को शिक्षा का अधिकार तो मिल गया है लेकिन अब उन्हें अपने अधिकारों के बारे में शिक्षित करने की जरूरत है।ह्व बीएमजी की मदद से सुधा ने यही किया है।

वह कहती है, ह्लमैं बाल पंचायत की सक्रिय सदस्य हूं और मुझे बच्चों के अधिकारों के बारे में पता है। मैं कानूनी रूप से बालिग होने से पहले शादी नहीं करूंगी।आज देश की हर लड़की को सुधा जैसे जज्बे और हौसले से लैस होने की जरूरत है।

# शिक्षा जगत का बूमटाउन, मौत की मंड़ी न बनें इसलिए रोकना होगा

**शशी भूषण कुमार**

**अक्सर** जब भी हम बच्चों का भविष्य निर्माण में सोचते हैं, या घर का माहौल में डॉक्टर, इंजिनियर वाला होता है या फिर मिडिल क्लास में भी बच्चों का नहीं तो अभिभावकों का आजकल इसी में भविष्य को सवारने के लिए सबसे बड़ा पूल बंधते देखा जाना आम बात हो गया है। इन सब सपनो को सवारने की फैक्ट्री दिखाई पड़ती है राजस्थान के कोटा शहर में वहां जब हमारा अपने आँखों का तारा उस शहर को कुच करता है, तो ऊम्मिदी में हम घर की सूरत बदलना,एक बड़ा अफसर बन जाना, अपने सोसाइटी स्टेटस में इजाफा और न जाने सिर्फ और सिर्फ बुलंदियों को छु लेने की आस में अपने मासूम के दिमाग में भर कर विदाई करते है, मगर आये दिन यहाँ से आंकड़े लगातार झकझोरने को मजबूर कर देने वाली है( जो सिर्फ और सिर्फ गम की कहानी को बयां करती है, उम्मीद की रौशनी नहीं बल्कि घरों के चिराग बुझ जाने की है,कामयाबी की उछाल नहीं बल्कि मौत का छलांग लगाने की, रिश्ते नाते सारे बंधनों को ताक पर रख कर यूँ ही उस कोमल से गले में फंदे से झूल जाने की कहानी।

ऐसा लगता है हम भूलते जा रहे हैं की हमारा जन्म एक मनुष्य प्रजाति में हुआ है, ऐसा इसलिए क्यूंकि ज्यादातर आज के पीढ़ी को बस इतना पता है की अगर फलां टास्क या जीवन की कठिन से कठिन परीक्षाओं में अपनी सफलता नहीं देखते ही फट से मशीनों की तरह स्विच ऑफ वाला आप्शन दबाने को आतुर है। वैसे इसके लिए कई कारक उतरदायी हैं ये अलग बात है, लेकिन अगर आंकड़ों को उठाकर देखने से साफ पता चलता है की देश के निर्माण में अपनी सशक्त भूमिका निभाने के लिए आशान्वित बच्चे क्यों कोटा में इसी साल 2023 के अंतर्गत करीब 25 की संख्या में एक एक करके आत्महत्या की राह को चुन लिए ? अधिकतर तो अवसाद में डूब कर खुद को गलत लत में डालकर सुट्टे आदि मारना बहुत आम है। कहीं न कहीं ये सब आज की पीढ़ियों में एक तबका मानसिक रूप से कमजोर होकर समाज के ऊपर सवालिया निशान छोड़ते जा रहे हैं।

इसी सन्दर्भ में आंकड़ा को मिलाते हैं तो 15 से 29 साल के आयु वर्ग में मौत का सबसे बड़ा कारण आत्महत्या हीं है।सबसे विचारणीय यह है की आखिर जो भी सुसाइड के हथकंडे अपनाते है उसमे सबसे ज्यादा प्रचलित हैंगिंग का 57.8 % का है, जहर से खाने वालों की 25.0 % , डूबने से 5.2 % है तथा बाद बाकि 12 % में खुद को आग से झुलसाने, बिजली उपकरणों से छेड़ना, गाडी या ट्रेनों में निचे आ जाना, खुद को आघात करना और अन्य प्रकार के रूप शामिल है। वैसे एनसीआरबी के अनुसार यह जानकर बहुत हैरत होगी की भारत में साल 2020 के अनुसार औसतन हर घंटे एक छात्र की मौत आत्महत्या से हुई है।

शायद कोटा में कोचिंग कारोबार के जनक या ह्लआर्किटेक्ट ऑफ कोटाह्व से ख्याति प्राप्त स्व। वीके बंसल साहब को भी यह नहीं पता होगा की उनकी वर्ष 1991 से शुरू की गयी यात्रा आज कोचिंग का बाजार कुल नेटवर्थ सिर्फ 2023 में करीब 5 हजार करोड़ हो जायेगा।वैसे देश का विकास का मै आलोचक नहीं पर जब उस बक्सानुमा चारदीवारी और किताबों का जखीरा के बीच आज की इन फक्ट्रियों जैसी कोचिंग में घिसने वाले नौनिहालों को असफलता मिलती है तो दुःख होता है की आखिर कही न कही वो अपना मानसिक संतुलन खो नहीं जाये इस मेले में।हमारे समाज में खासकर एक सफल का परिमाप उसके बड़े ओहदे से होता है वरना उसे हेय दृष्टि से देखा जाता है। जब कोचिंग फक्ट्रियों में कुछ बच्चे सफलता के लेवल को प्राप्त करते है तो संस्थान सिर्फ उन्ही बच्चों का इस कदर शो बाजी करते है जैसे सिर्फ इक्के दुक्को से ही अपना दूकान इतना आलीशान सजा लिया हो।इससे बाद बाकि बच्चों में कुंठा और अवसाद भरता है की आखिर माँ बाप को किस मुह से अपनी प्रदर्शन को बयां करे क्यूंकि माँ बाप बीच बीच में डोज देना उचित समझते हुए कहते है की आखिर इतना मोटा फीस लग रहा है।समझाना और उकसाना दो अलग बात है, कही हम आज की पीढ़ी को उकसा कर मशीन तो बनने की राह पर तो नहीं ले जा रहे है जो इंजिनियर बन भी जाये तो कही भ्रष्टाचार में लिप्त न हो जाये, कहीं डॉक्टर बने तो उसमे अपनी नैतिक जिम्मेवारियों को भूलकर सिर्फ ड्यूटी वाला बनकर न रह जाये।

इसलिए कोटा की फैक्ट्री हो या भारत के किसी भी कोने में शिक्षा की अलौकिक नगरी हो सभी जगह में घर का माहौल, शिक्षकों का बर्ताव, सामाजिक ताना-बाना, प्रशासनिक रुपरेखा इन सब में एक परस्पर लेकर चलना होगा ताकि ये नए बीज में नकारात्मकता न फैले, यही भागीरथी प्रयास करना होगा जो शिक्षा व्यवस्था को संवेदी और बौधिक स्तर पर मजबूती प्रदान करेगा और मौत की मंडी होने से बचेगा।